सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-132 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 03 नवम्बर 2024
30 रबीउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत सभी पड़ोसियों से अच्छे संबंध का इच्छुक : राजनाथ

- 2029-30 तक रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा




**कानपुर।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को विश्वास जताया कि देश 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपये से अधिक की रक्षा वस्तुओं का निर्यात करेगा, उन्होंने कहा कि सरकार रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए शिक्षा जगत के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

शनिवार को यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में 65वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने भारतीय युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए स्वदेशी रूप से उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकियों को विकसित करने का आह्वान किया, जिन्हें देश आयात करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाकर रखना चाहता है। भारत और चीन के बीच पिछले डेढ़ साल से आर्मी और डिप्लोमेटिक स्तर पर बातचीत चल रही थी। अब दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। डेमचौक पर पेट्रोलिंग शुरू हो गई है। रक्षा मंत्री ने आईआईटी कानपुर को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि आईआईटी कानपुर ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले 64 सालों में आईआईटी कानपुर ने 45 हजार से ज्यादा ब्रिलियंट ग्रैजुएट्स दिए हैं। उन्होंने आज हर क्षेत्र में हो रहे तेजी से बदलाव के पीछे प्रौद्योगिकी को सबसे बड़ा कारक बताया, क्योंकि देश वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में बढ़त स्थापित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी विशिष्ट तकनीक में महारत हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इसे आगे समझाते हुए उन्होंने बताया कि तकनीकी विकास के आधार पर देशों के तीन समूह हैं - पहले उन्नत प्रौद्योगिकी में शिखर पर हैं, दूसरे स्थिर स्थिति में पहुंच गए हैं।

## प. बंगाल के अलीपुरद्वार में 6 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या

- आक्रोशित भीड़ ने एक आरोपी को पीटकर मार डाला



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर से रेप के बाद हत्या जैसी एक और घटना सामने आयी है। अलीपुरद्वार जिले में एक लड़की से रेप के बाद उसे मौत के घाट उतार दिया गया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने वारदात मे शामिल एक आरोपी को पीट-पीटकर मार डाला। जबकि एक अन्य आरोपी ने पुलिस के सामने आत्मसमपर्ण कर दिया है।

घटना से पूरे इलाके में तनाव है। लड़की के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। तनाव को देखते हुए भारी संख्या में फोर्स तैनात की गई है। बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के फालाकाटा ब्लाक के धरनीपुर में 6 साल की बच्ची के साथ बलात्कार कर हत्या की घटना से बवाल मच गया है। गुस्साई भीड़ ने एक आरोपित युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसके घर को भी आग को लगा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थिति से निपटने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। जानकारी के अनुसार आरोपित उसी इलाके का रहने वाला था। वह जब बच्ची के शव को तालाब में फेंककर आ रहा था तो लोगों ने उसको पकड़ लिया। आरोपी के हाथ खून से सना देख लोगों ने उसकी पीटाई शुरू कर दी। बच्ची सुबह लापता थी, परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे।

### सीमा विवाद सुलझाने के लिए भारत-चीन का प्लान
## अजीत डोभाल करेंगे वार्ता, विदेश मंत्रियों की भी होगी मुलाकात



> एलएसी पर गश्त शुरू होने से संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी, देपसांग में भी सत्यापन गश्त शुरू

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर डेमचोक में भारतीय सेना की तरफ से गश्त शुरू कर दी गई है, जबकि पिछले साढ़े चार वर्षों से विवाद का केंद्र रहे देपसांग में भी सत्यापन गश्त आरंभ हो गई है। हालांकि, दोनों देशों के बीच मौजूदा सीमा विवाद के दीर्घकालिक व स्थायी समाधान को लेकर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) स्तर की वार्ता शुरू करने को लेकर अभी कोई सहमति नहीं बनी है। विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की अगुआई में होनी है। इसके अलावा अभी दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर विदेश मंत्रियों के स्तर पर होने वाली वार्ता के बारे में भी कोई सूचना है। संकेत है कि इस बारे में अब कोई प्रगति अगले वर्ष की शुरुआत में ही होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, चीन के साथ सैन्य वापसी संबंधी समझौते के बाद सत्यापन संबंधी पेट्रोलिंग की शुरुआत कर दी गई है। यह दोनों देशों के बीच बनी सहमति के आधार पर हो रहा है। इस बारे में आगे और जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रूस के कजान में पिछले दिनों दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच हुई बातचीत में यह तय हुआ था कि विदेश मंत्रियों के स्तर पर और दूसरे अधिकारियों के स्तर पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने को बातचीत शुरू होगी।

### अनंतनाग में मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को मठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर जिले के शांगस-लारनू इलाके में हलकान गली के पास यह मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों के साथ हुई इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए हैं, जिनसें से एक स्थानीय और दूसरा विदेशी नागरिक है। अभी इस बात का पता नहीं चल पाया है कि वे किस आतंकवादी समूह के सदस्य थे। अधिकारी ने बताया कि इलाके में अब भी अभियान जारी है तथा आगे के विवरण की प्रतीक्षा है। अधिकारियों के अनुसार, श्रीनगर के खानयार इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच एक और मुठभेड़ जारी है, अब तक दोनों ओर से किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है।

### निज्जर मामले में गृह मंत्री अमित शाह का नाम लेने पर भड़का भारत
## गंभीर परिणाम होंगे : विदेश मंत्रालय

- भारत ने कनाडा को सुनाई खरी-खरी
- भारत के गृह मंत्री पर कनाडा के आरोप निराधारः विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड मामले को लेकर भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक विवाद और गहराता जा रहा है। पिछले दिनों में कनाडा के उप विदेश मंत्री की तरफ से इस मामले में संसदीय समिति की एक सुनवाई में भारत के गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिये जाने को भारत ने बेहद गंभीरता से लिया है।

इस मामले में एक दिन पहले कनाडा के भारतीय उच्चायोग के प्रतिनिधि को विदेश मंत्रालय में समन कर भारत के गहरे रोष से अवगत कराया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उप विदेश मंत्री डेविड मारीसन के उक्त बयान का कड़ा विरोध जताते हुए एक राजनयिक नोट भी सौंपा है। भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि मौजूदा ट्रुडो सरकार राजनीतिक एजेंडे के तहत काम कर रही है और वह जो कदम उठा रही है उससे दोनों देशों के रिश्तों पर गहरा असर होगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने यहां कहा, हमने कल कनाडा के उच्चायोग के प्रतिनिधि को समन किया था। 29 अक्टूबर, 2024 को एक राजनयिक नोट उन्हें सौंपा गया है। हमने बताया है कि एक समिति के समक्ष कनाडा के उप व विदेश मंत्री डेविड मारीसन की तरफ से भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में व्यक्त किये गये अनर्गल व निराधार संदर्भों को कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कनाडा के अधिकारी भारत को बदनाम करने व अन्य देशों को प्रभावित करने के लिए जानबूझकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया को आधारहीन सूचना प्रदान करते हैं। इस तरह के गैर जिम्मेदाराना कार्रवाइयों से द्विपीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे। जायसवाल ने बताया, कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों की जासूसी की जा रही है। यह जानकारी कनाडा सरकार की तरफ से ही भारतीय अधिकारियों को दी गई है। उनके फोन को टेप किये जा रहे हैं। इस बारे में भी आधिकारिक तौर पर कनाडा सरकार के समक्ष विरोध जता दिया गया है कि यह राजनयिक समझौतों का खुला-खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि यह कनाडा सरकार की तरफ से भयभीत करने और प्रताड़ित करने का तरीका है, जिसे वह तकनीकी तौर पर छिपाने की कोशिश कर रही है। हमारे राजनयिक पहले से ही काफी अतिवादी व हिंसक माहौल में काम कर रहे हैं। कनाडा सरकार के इस कदम से स्थिति और खराब हो गई है।

## पानी के बिल मत भरना, 2025 में माफ कर देंगे : केजरीवाल

- दिल्लीवासियों से किया वादा
- भाजपा वालों ने पानी के गलत बिल भिजवाए हैं



**नई दिल्ली।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को ट्रांसपोर्ट नगर में विश्वकर्मा दिवस पर आयोजित समारोह में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में किसी को भी पानी के बिल भरने की जरूरत नहीं है। वर्ष 2025 में फिर से सरकार बनते ही सभी के पानी के बिल माफ होंगे। उनके जेल जाने के बाद भाजपा वालों ने पानी के गलत बिल भिजवाए हैं। इनकी मंशा दिल्ली के लोगों को परेशान करने की है। फरवरी में आप की सरकार बना दो, सभी के पानी के मौजूदा बिल माफ कर दूंगा और दोबारा जीरो बिल आने शुरू हो जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि वे नेता नहीं हैं। उन्हें राजनीति करनी नहीं आती, सिर्फ ईमानदारी से काम करना आता है, तभी ये सारे पीछे पड़े रहते हैं। दिल्ली में भाजपा की केंद्र सरकार बैठी है, लेकिन केवल दिल्लीवालों को तंग किया है। उनके जेल जाने के बाद से एलजी दिल्ली चला रहे थे, उनके पास सारी शक्तियां थीं, वे चाहते तो दिल्लीवालों के लिए अच्छा काम करते। काम करने की जगह एलजी ने केवल काम रोका। दिल्ली में जगह-जगह कूड़ा कर दिया, सड़कें टूटी हैं व सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं।

### जनता दर्शन : गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी ने 200 लोगों की समस्याएं सुनीं
## शीघ्रता से करें समस्याओं का निस्तारणः योगी
### अधिकारियों को दिए निर्देश, सबकी समस्या के समाधान को प्रतिबद्ध है सरकार

अवधनामा संवाददाता





**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की समस्याओं के समाधान को प्रतिबद्ध है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया वे पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर शनिवार को आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और समझा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

## महाराष्ट्र में हम अपने बल पर लड़ रहे चुनाव : असदुद्दीन ओवैसी

- ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य होने पर उठाए सवाल



**मुंबई।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य होने पर सवाल उठाया है। उन्होंने इस दौरान कहा कि, टीटीडी बोर्ड (तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम) के 24 सदस्यों में से एक भी सदस्य गैर-हिंदू नहीं है, टीटीडी के नए चेयरमैन का कहना है कि वहां काम करने वाले लोग हिंदू होने चाहिए, हम इसके खिलाफ नहीं हैं। हमें सिर्फ इस बात पर आपत्ति है कि नरेंद्र मोदी की सरकार वक्फ के प्रस्तावित बिल में कह रही है कि केंद्रीय वक्फ परिषद में 2 गैर-मुस्लिम सदस्यों का होना अनिवार्य कर दिया गया है। आप वक्फ बिल में यह प्रावधान क्यों ला रहे हैं? टीटीडी हिंदू धर्म का बोर्ड है और वक्फ बोर्ड मुस्लिम धर्म का है। समानता होनी चाहिए, जब टीटीडी के ट्रस्टी मुस्लिम नहीं हो सकते, तो वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्य कैसे हो सकता है? वहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हम अपने बल पर चुनाव लड़ रहे हैं, एआईएमआईएम का मानना है कि जब मुसलमानों को उनकी आबादी के बराबर अधिकार मिलेंगे, तो भारतीय राजनीति मजबूत होगी। आज भारतीय संसद में केवल 4 प्रतिशत मुस्लिम सांसद हैं।

## दिल्ली में सांस लेना मुश्किल

- दिल्ली की हवा बहुत खराब
- आनंद विहार में एक्यूआई 400 पार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को प्रदूषण की स्थिति और खराब हो गई और वायु गुणवत्ता एक बार फिर से 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई। हालांकि, इसमें सुबह के सुधार दिखा था। राष्ट्रीय राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 316 दर्ज किया गया, जो सुबह के 290 से अधिक है।

आनंद विहार में वायु प्रदूषण का स्तर 'गंभीर' श्रेणी (एक्यूआई 400 से ऊपर) तक पहुंच गया, जबकि शहर के 27 अन्य निगरानी स्टेशनों में एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया, जिसका स्तर 300 से ऊपर था। पड़ोसी गाजियाबाद (330) में भी एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया। हालांकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, गुरुग्राम (209), ग्रेटर नोएडा (250) और नोएडा (269) में एक्यूआई का स्तर थोड़ा बेहतर रहा और ये 'खराब' श्रेणी में आ गए, जबकि फरीदाबाद का एक्यूआई (166) मध्यम श्रेणी में रहा। दिवाली की रात लोगों द्वारा पटाखों पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन किए जाने के बावजूद, अनुकूल हवा के कारण दिल्ली की वायु गुणवत्ता अपेक्षा के अनुरूप 'गंभीर' श्रेणी में नहीं पहुंची। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब', 401 से 450 के बीच 'गंभीर' और 450 से ऊपर एक्यूआई को 'बेहद गंभीर' माना जाता है। दिन और रात के समय धुंध के साथ तेज हवा राजधानी को घेरे रही, जिससे सर्दी के आगमन का संकेत मिल रहा है। दिल्ली में दिन का तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.4 डिग्री अधिक था। दिन के दौरान आर्द्रता 62 प्रतिशत से 88 प्रतिशत के बीच रही।

### आस्था
### धूमधाम से मनाया गया अन्नकूट महोत्सव
## रामलला का 56 भोग से अभिनंदन

- पूरे वैभव से किया गया परंपरा का निर्वहन
- भक्तों की भीड़ और जयकारे से रामनगरी उत्साहित दिखी
- रामायण युग से परंपरा का आज भी प्रवाहमान





**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में शनिवार को श्रीराम के लंका विजय कर लौटने की खुशी में अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। भगवान को रामनगरी के हजारों मंदिरों में 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया।

इस दौरान भक्तों की भीड़ और जयकारे से रामनगरी उत्साहित दिखी। श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान रामलला को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर भवतों को प्रसाद वितरित किया गया। कर्नाटक के श्रद्धालुओं ने अपने हाथों से भोग बनाकर रामलला को समर्पित किया। मान्यता है कि 14 साल वनवास और लंका विजय के दौरान भगवान राजकीय सुख-सुविधा से सर्वथा दूर रहे। इसलिए अयोध्या आने पर उन्हें वैभव प्रदान करने में कोई कसर न छोड़ी जाए, इसी भाव के अनुरूप रामनगरी के हजारों मठ-मंदिरों में भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। अशर्फी भवन में विभिन्न प्रकार के अनुष्ठानों के मध्य भगवान लक्ष्मी नारायण को 56 प्रकार के व्यंजनों को भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर जेवनार गायन भी हुआ। श्रीधराचार्य ने कहा कि श्रीराम के अयोध्या लौटने की खुशी में उन्हें तरह-तरह के पकवान खिलाए गए, उनके प्रति श्रद्धा अर्पित करने की होड़ थी, रामायण युग की यह परंपरा आज भी प्रवाहमान है। हरिधाम गोपाल पीठ में जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य ने कहा कि अन्नकूट का उत्सव प्रभु से समीपता का अहसास कराता है। यहां विराजमान भगवान को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। यहां एडीएम सिटी सलिल पटेल, एडीएम सिटी मधुबन सिंह, एडीएम एलओ अनिरुद्ध सिंह, श्रीराम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। इसी तरह सियाराम किला झुनकी घाट में महंत करुणानिधान शरण की अध्यक्षता में विभिन्न अनुष्ठानों के मध्य भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाकर भक्तों को प्रसाद बांटा गया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विहिप के शरद शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ रही। दशरथ महल, कनक भवन, मणिरामदास की छावनी, लक्ष्मण किला, श्रीरामबल्लभाकुंज, बिड़ला धर्मशाला, तिवारी मंदिर, नाका हनुमान गढ़ी सहित अन्य मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव की परंपरा भव्यता पूर्वक निभाई गई।

# डीएम ने नपाप चेयरमैन संग किया गौपूजन, खिलाया गुड़, केला



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शासन के मंशानुरूप गोवर्धन पूजा के अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिले की गोशालाओ में गौपूजनोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी कार्यक्रम के तहत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल स्वयं अपने दलबल के साथ तहसील लखीमपुर के अंतर्गत नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा संचालित गो संरक्षण केंद्र खंभारखेड़ा में पहुंची, जहां उन्होंने नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव के साथ गोमाता की विधि-विधान से पूजा-अर्चन करते हुए उन्हें गुड़, केला व हरा चारा खिलाकर आर्शीवाद लिया और जिले की खुशहाली, समृद्धि की कामना की।गौपूजनोत्सव के पश्चात गोवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन के प्रति उपस्थित सभी को संकल्प के साथ शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जगदीश प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे इस मौके पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि गोवर्धन पूजा के दिन गो-माता की विशेष पूजा किये जाने की परम्परा है। इसी क्रम में जिले के सभी गौ आश्रय स्थलों पर गो-पूजन का आयोजन हो रहा है, जिसमें गोशाला के नोडल अफसर, बीडीओ एवं आमजन भी शामिल हो रहे हैं। गौ अभिलाषित फल देने वाली है, गौ से उत्तम और कोई नहीं है। शासन गो संरक्षण का कार्य कर रहा है। गोवंश सुरक्षित रहें, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने अपने सरकारी आवास की गौमाता का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर फल,चना और गुड़ खिलाया वही शासन के मंशानुरूप गोवर्धन पूजा पर्व पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर जिलेभर की गोशालाओ में गौपूजनोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। पलिया में एसडीएम कार्तिकेय सिंह, निघासन में एसडीएम राजीव निगम सहित विभिन्न तहसीलों के उप जिलाधिकारी ने अपने तहसील क्षेत्र और गोशाला के नोडल अफसरों ने आवंटित गोआश्रय स्थलों में पहुंचकर ग्रामीणों संग गौ माता का पूजन कर माला पहनाई। गायों को गुड़,केला खिलाया।

## धारदार हथियार से प्रहार कर की नृशंस हत्या व भतीजे पर भी किया धारदार हथियार से जानलेवा प्रहार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मितौली पर तहरीरी सूचना दी कि ग्राम ओडहरा के रहने वाले 1. कमल किशोर अवस्थी पुत्र स्व0 रामसागर अवस्थी 2. आदेश कुमार यादव पुत्र स्व0 सदानन्द यादव ने उनके भाई सीताराम की धारदार हथियार से प्रहार कर नृशंस हत्या कर दी गई व भतीजे पुष्पेन्द्र पुत्र रमाकान्त पर भी धारदार हथियार से जानलेवा प्रहार किया। प्राप्त तहरीरी सूचना के आधार पर थाना मितौली पर मु0अ0सं0-339/2024 धारा-352/103(1)/109(1)/118(1)/3(5) बीएनएस व 3(2)5 एस0सी0/एस0टी0 एक्ट बनाम 1. कमल किशोर अवस्थी पुत्र स्व0 रामसागर अवस्थी 2. आदेश कुमार यादव पुत्र स्व0 सदानन्द यादव निवासीगण ओडहरा थाना मितौली जनपद खीरी पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी मितौली के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था, जिसके क्रम में पुलिस टीमों द्वारा वांछित अभियुक्त 1. कमल किशोर अवस्थी पुत्र स्व0 रामसागर अवस्थी 2. आदेश कुमार यादव पुत्र स्व0 सदानन्द यादव निवासीगण ओडहरा थाना मितौली जनपद खीरी को आज दिनांक-02.11.2024 को समय 11.10 बजे शिवाला तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को कब्जे से आलाकत्ल (बांका) को बरामद किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

### अवैध तमंचा और कारतूस सहित शातिर अपराधी को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** ईसानगर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर अपराधी को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार टॉप 10 अपराधी पर 25 मुकदमे दर्ज हैं। ईसानगर थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक अबलीश कुमार हमराह हरिप्रसाद व जितेंद्र कुमार के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। रमपुरवा मोड़ पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा और कारतूस सहित पकड़ा।

## पटाखे दगाने का विरोध करने पर हुए संघर्ष में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**लखीमपुर-खीरी।** मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बोधी कलां में दरवाजे पर पटाखे दगाने का विरोध करने पर हुए संघर्ष में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर मामले में पुलिस ने पिता पुत्र और मां समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित अनूप कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया शुक्रवार की रात उसके दरवाजे पर तेज ध्वनि वाले पटाखे दंगा रहे लड़कों को मना किया जिस पर भगवंत उसके पुत्र सरोज ,रजनीश और पत्नी ने एक राय होकर हमला बोल दिया जिसकी चपेट में आए अनूप कमलेश और शिवलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित की शिकायत पर सभी नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## घरेलू गैस की अवैध रीफलिंग पकड़ी मौके से 6 गैस सिलेंडर और रीफिलिंग मशीन की जब्त

**लखीमपुर-खीरी।** ईसानगर कस्बे के एक जनरल स्टोर में पूर्ति निरीक्षक और पुलिस ने घरेलू गैस की अवैध रीफलिंग पकड़ी। टीम ने मौके से 6 गैस सिलेंडर और रीफिलिंग मशीन जब्त की। पूर्ति निरीक्षक ने इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जनरल मर्चेंट पर ईसानगर थाने मेंमुकदमा दर्ज कराया है। पूर्ति निरीक्षक रमेश कुमार वर्मा व ईसानगर थाने के उप निरीक्षक अंकुर कुमार ने कस्बे में मंजीत शाह को अपने जनरल स्टोर में घरेलू गैस सिलेंडर से छोटे गैस रीफिल करते पकड़ा। टीम ने मौके से 6 गैस सिलेंडर और गैस रिफिल करने वाली मशीन बरामद की । पूर्ति निरीक्षक धौरहरा रमेश कुमार वर्मा ने इसमामले में जनरल मर्चेंट मंजीत शाह के विरुद्ध ईसानगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

## मोबाइल शॉप में लगी आग से लाखों का सामान जलकर खाक



**सहारनपुर।** थाना कोतवाली गंगोह क्षेत्रान्तर्गत मोबाइल की दुकान में लगी भीषण आग से लाखों रुपये का सामान जल गया। फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, मगर तब तक सभी सामान जलकर राख हो चुका था।

मौहल्ला मखदूमजहां निवासी रिंकू सैनी की लखनौती रोड पर आरएस मोबाइल गैलरी के नाम से दुकान है। शुक्रवार आधी रात दुकान मे अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटनास्थल के समीप बसस्टैंड पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी दौड़ कर वहां पहुंच गए। उन्होंने दुकान स्वामी व फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दे दी। फायर ब्रिगेड ने घटनास्थल पर पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा सभी सामान जलकर राख हो चुका था। आग बुझने में थोडी सी देरी भी अन्य दुकानों के लिए घातक हो सकती थी। चार्जिंग पर लगा बैट्रा फटने के कारण आग लगने की संभावना जताई जा रही है। दुकान स्वामी के अनुसार आग से लगभग आठ से दस लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

## शांति भंग के आरोप में नौ आरोपियों को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। थाना जनकपुरी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज दो पक्षों में झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौजमपुरा में पहुंची, तो वहां पूर्व में ही पीआरवी मौजूद थी। पुलिस को देखकर कुछ लोगों ने सरकारी कार्य में बांधा उत्पन्न करने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने उपनिरीक्षक यशपाल सोम के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए विपिन भारद्वाज पुत्र रणजीत सिंह निवासी जेल चुंगी थाना जनकपुरी, विमल भारद्वाज, रितिक भारद्वाज व विशाल भारद्वाज पुत्रगण ओमप्रकाश तथा राजीव पुत्र केसर निवासीगण रिमाउण्ड डिपो थाना जनकपुरी, सावन पुत्र निरंजन, पंकज पुत्र राजकुमार, मनीष पुत्र स्व दीपचन्द व आकाश पुत्र अशोक कुमार निवासीगण जेल चुंगी मौज्जमपुरा थाना जनकपुरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया।

## जनपद में परंपरागत ढंग से मनाया गया गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पर्व

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महानगर में गोवर्धन पर्व आज अटूट आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर गोवर्धन के प्रतीकात्मक आकृति की पूजा की गयी और मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ अन्नकूट भंडारे के रूप में वितरित किया गया। इस दौरान समस्त मंदिरों में आज श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर अन्नकूट के रूप में प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब रहे कि गोवर्धन पर्व की अपनी मान्यता व लोककथा है कि गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। जब भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलधार वर्षा से बचाने के लिए सात दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उँगली पर उठाकर रखा और गोप-गोपिकाएँ उसकी छाया में सुख पूर्वक रहे। सातवें दिन भगवान ने गोवर्धन को नीचे रखा और प्रतिवर्ष गोवर्धन पूजा करके अन्नकूट उत्सव मनाने की आज्ञा दी। तभी से यह उत्सव अन्नकूट के नाम से मनाया जाने लगा। गोवर्धन पर्व पर आज शासन के निर्देशानुसार व श्रद्धा के चलते जनपद में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों व



जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित गौशालाओं में जाकर गायो को गुड़, फल आदि खिलाकर उनकी पूजा अर्चना की तथा गौसंवर्धन का संकल्प लिया। इसी कड़ी में राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में भी गोवर्धन पूजा पर गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की प्रतिमा का निर्माण किया गया और दिव्य रूप से गिरिराज भगवान को अबीर गुलाल से सजाया गया। पंडित ऋषभ शर्मा ने गोवर्धन महाराज का विधिवत् मंत्र उच्चारण कर पूजन करवाया और गिरिराज भगवान को दूध की धार अर्पण की गई। तत्पश्चात गोवर्धन महाराज की आरती उतार कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गोवर्धन महाराज की महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि गोवर्धन पर्वत स्वयं राधा कृष्ण का रूप है। स्वयं भगवान श्री कृष्ण ही गोवर्धन पर्वत में समाये हुए हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत के रूप में जगत का पोषण करते हैं क्योंकि जो अन्न का पोषण करें उसे ब्रह्म ही कहा गया है। वेदों में अन्न को ब्रह्म कहा गया है अर्थात जो अन्न का पोषण कर उसे पौष्टिक और स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद बनाएं, वह गोवर्धन पर्वत साक्षात् परमात्मा का रूप है। इसलिए वृंदावन में गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा बड़े भाव से लगाई जाती है, जिससे उनकी मनोकामना अति शीघ्र पूर्ण होती है। इस अवसर पर मेहर चंद जैन, राजेंद्र धीमान, अश्विनी काम्बोज, सागर गुप्ता, संजय राणा, अनिल नारंग, रोहित शर्मा, बबीता, राजबाला, सरला, सुदेश, बबीता, कमला, रेखा व पूनम आदि मौजूद रहे। इसके अलावा पुरानी मंडी स्थित सिद्धपीठ मां जगदंबा मंदिर में मां जगदंबा परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधि विधान के साथ गोवर्धन पर्व मनाया गया और भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना की गई और उनकी आरती कर 56 प्रकार के भोग लगाये गये।

## दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी दबोचा

**सहारनपुर।** महिला थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामलें में वांछित एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

महिला थाना प्रभारी विगत् 9 अक्टूबर को वादिया की तहरीर पर आरोपी संदीप पुत्र सहीराम निवासी ग्राम सिरसका थाना नकुड़ के खिलाफवादिया के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार व गौरव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कौशिक विहार कॉलोनी सरसावा से नामजद आरोपी संदीप पुत्र सहीराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## पुलिस कर्मी से मारपीट प्रकरण में तीन गिरफ्तार, आठ नामजद




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने दो पक्षों में झगड़े के दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियो के साथ मारपीट करने के आरोप में 8 लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया तथा तीन आरोपियों को दबोचकर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना जनकपुरी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह जेल चुंगी चौकी प्रभारी यशपाल सोम को सूचना मिली थी कि मौहल्ला मौजमपुरा में दो पक्षों में झगड़ा हो रहा है, जिस पर शांति व्यवस्था बनाने के लिए चौकी प्रभारी यशपाल सोम मौके पर पहुंचे थे, जहां पुलिस को देखकर मौके पर मौजूद कुछ लोग आक्रोशित हो गए तथा उन्होंने आरक्षी सचिन के साथ मारपीट व गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए जानबूझकर पुलिस को कार्य करने से रोका तथा आरक्षी सचिन की वर्दी की जेब व शर्ट के बटन आदि तोड़ दिये, इस दौरान आरक्षी सचिन को चोट भी लगी। जिसके संबंध में थाना जनकपुरी पर आरोपी रोहित जाटव पुत्र भूल्लन, बिजेन्द्र पुत्र भग्गूराम, विशाल जाटव पुत्र बिजेन्द्र कुमार, दीपक कुमार व निशान्त पुत्रगण राजू, राजीव उर्फ भाटू पुत्र धर्मपाल, आकाश पुत्र सुभाष व प्रदीप पुत्र सोमदत्त निवासीगण मौहल्ला मौज्जमपुरा थाना जनकपुरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उनके नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए मौहल्ला मौजमपुरा से तीन आरोपियों रोहित जाटव पुत्र भुल्लन, बिजेन्द्र पुत्र भग्गु राम व विशाल जाटव पुत्र बिजेन्द्र कुमार निवासीगण मौहल्ला मोज्जमपुरा सरकारी शौचालय मौ.शान्ति नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## नालंदा क्रिकेट एकेडमी 9 विकेट से विजेता घोषित

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** नालंदा क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित प्रेमवती देवी मेमोरियल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में नालंदा क्रिकेट एकेडमी ने मैच जीत लिया।

मल्हीपुर रोड स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर आयोजित स्व.प्रेमवती देवी मैमोरियल लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीतकर पहले नालंदा क्रिकेट एकेडमी ने बोलिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरी जीवा क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 23 ओवर में 137 रन पर ऑल आउट हो गई। उनकी ओर से अश्वनी ने 33 और विशाल कुमार ने 30 रनों का योगदान दिया। नालंदा क्रिकेट एकेडमी की ओर से केशव तोमर ने तीन, वरुण कपिल ने चार, आयुष ने दो और अरनव चौहान ने एक विकेट लिया। 138 रनों का लक्ष्य लेकर मैदान पर उतरी नालंदा क्रिकेट एकेडमी की टीम 14.3 ओवर में एक विकेट खोकर 62 रन बना चुकी थी। इसी दौरान किसी कारण से मैच पूरा नहीं हुआ। अंपायर वंशपाल और वैभव पवार ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत नालंदा क्रिकेट एकेडमी को 9 विकेट से विजेता घोषित कर दिया। मैन ऑफ द मैच केशव तोमर को दिया गया। इस दौरान नालंदा वर्ल्ड स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर सुभाष चौधरी, डायरेक्टर मुकुल चौधरी, प्रिंसीपल आशुतोष मिश्रा, कांग्रेस नेता विक्की पूजना, आयोजन समिति सचिव विक्रांत चौधरी, विक्की, एसडीसीए मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, कोच मोहम्मद सलमान, आमिर कुरैशी, राकेश टंडन, सचिन सैनी, अक्षय चौहान, ऋषि चौधरी, अनुज मदनुकी प्रधान, जितेंद्र चौधरी, श्रीकांत चौधरी, रमन तोमर, नीरज कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## छठ घाट पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त कराने को सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पूर्वांचल सांस्कृतिक सभा के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम के महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह व नगरायुक्त संजय चौहान से मुलाकात कर मानकमऊ स्थित छठ घाट पर साफसफाई व बेरीगेटिंग की समुचित व्यवस्था कराये जाने की मांग की। महापौर व नगरायुक्त ने प्रतिनिधि मण्डल को समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त कराने का आश्वासन दिया। पूर्वांचल सांस्कृतिक सभा के पदाधिकारियों ने संस्थापक राममूरत यादव व जिलाध्यक्ष आर.पी. यादव के नेतृत्व में महापौर डॉ.अजय सिंह व नगरायुक्त संजय चौहान से भेंट कर बताया कि पूर्वांचल वासियों द्वारा आगामी 5 से 7 नवम्बर तक छठ पर्व बड़ी धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि तीन दिन तक चलने वाले इस पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर निगम द्वारा मानकमऊ स्थित छठ घाट पर साफसफाई, बेरीगेटिंग व प्रकाश की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर करायी जाये, ताकि महिलाओं व बच्चों सहित श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। महापौर डा.अजय सिंह व नगरायुक्त संजय चौहान ने सभा के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि घाट पर समुचित साफसफाई, लाईट, टैन्ट आदि का विशेष प्रबन्ध कराया जायेगा तथा किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं होने दी जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में हरिशरण तिवारी, महातम यादव, गुड्डू तिवारी, अवधेश तिवारी, जयराम प्रजापति, राजा यादव, विशालदीप, अनिल गिरी, राकेश राणा, रमा शंकर सिंह, अशोक कुशवाहा, उपेन्द्र यादव आदि शामिल रहे।

## चोरी की बाईक समेत अभियुक्त गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना जनकपुरी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 4 अगस्त को वादी अर्जुन सिंह पुत्र हरेन्द्र सिहं निवासी कांशीराम कालोनी थाना सदर बाजार की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ देहरादून रोड स्थित निरंकारी सत्संग भवन के पास वादी की बाईक चोरी ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व पुलिस टीम ने देहरादून रोड स्थित नौगजापीर के पास से एक शातिर वाहन चोर विशाल उर्फ विशू पुत्र राजू निवासी राधा विहार थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपी के कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## निगम ने धरा पर उतारा रंगों का इंद्रधनुष

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा दीपो के महापर्व दीपावली और गोवर्धन पूजा पर 'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महानगर में विशेष साफसफाई कर चूना एवं एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया और शहर को रंगोलियों से सजाते हुए लोगों को शहर को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया।



नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर नगर निगम ने धन्वंतरि जयंती की पर्व श्रृंखला में धनतेरस, दीपोत्सव व गोवर्धन पूजा के अवसर पर महानगर में 'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर के सभी वार्डो में प्रमुख बाजारों, मंदिर क्षेत्रों, तिराहों-चौराहों पर विशेष साफ सफाई की और एंटी लार्वा व चूना आदि का छिड़काव किया। प्रमुख स्थानों पर रात्रि में भी सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा देहरादून रोड, बेहट रोड, अम्बाला रोड, दिल्ली रोड, चिलकाना रोड, पेपर मिल रोड व जनता रोड के विभिन्न क्षेत्रों तथा शहर के माधव नगर, दामोदर पुरी, नवाब गंज, बाजोरिया रोड, शिव विहार, बसंत विहार, ग्वालीरा, नेहरु मार्किट, प्रताप मार्किट, जोगियान पुल, खान आलमपुरा, बेरी बाग, नुमाइश कैंप, हकीकत नगर, आवास विकास, मिशन कम्पाउंड, पंत विहार, शिवाजी विहार, गिल कॉलोनी, शारदा नगर, खलासी लाइन, श्री भूतेश्वर रोड सहित शहर भर में विशेष साफसफाई के साथ चूना व एंटीलार्वा का छिड़काव किया गया निगम के सफाई मित्रों ने समर्पण भाव से कड़े परिश्रम के साथ सुंदर रंगोलियां बनाते हुए शहर में रंगों का इंद्रधनुष धरा पर उतार दिया। मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह ने बताया कि निगम द्वारा स्थान-स्थान पर 'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' के बैनर लगाते हुए लोगों को बाहर सड़कों पर कूड़ा न फेंकने तथा साफ सफाई रखने तथा गौ उत्पादों का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नाले के सूखे कचरे में मिला युवक का लहूलुहान शव

अवधनामा संवाददाता



**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के मलपुरा स्थित नाले में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कम्प मच गया। मृतक के चेहरे व आंख में चोटो के निशान थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनो के सुपुर्द कर दिया। युवक की मौत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। बताया गया है कि पूरे ओरी मजरे महाखेड़ा गांव निवासी ब्रजलाल पासवान (46) पुत्र शीतल प्रसाद दो दिनो से घर से गायब था। जिसकी खोजबीन भी परिजनो द्वारा की जा रही थी।

गुरूवार की सुबह उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मलपुरा स्थित गंदे नाले में पड़ा पाया गया। जिसके बाद मौके पर लोगो का मजमा लग गया और मामले की सूचना कोतवाली पुलिस व डायल 112 को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत का कारण स्पष्ट नही हो सका जिसके चलते बिसरा प्रिजर्व किया गया है। दीपावली के दिन हुए इस घटना से परिजनो में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी समेंत दो पुत्र व दो पुत्रियां छोड़ गया है। **भट्ठा ठेकेदार से पैसे लेने के बाद गायब हो गया था बृजलाल–** बृजलाल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर परिजनो ने मामले की जांच की मांग की है। परिजनो ने बताया कि युवक नशे का आदी था। घटना के ही दिन उसे भट्ठा जाने के लिये ठेकेदार से पेशगी के पैसे भी लिये थे। ऐसे में पैसो को लेकर परिजनो ने दबी जुबान उसकी हत्या की आशंका भी व्यक्त की है। नाले के सूखे कचरे में मिला शव व चेहरे पर चोटो के गंभीर निशान परिजनो की आशंका को बल देते है। घटनास्थल से महज कुछ मीटर की दूरी पर रहने वाले एक युवक पर आयेदिन शराब के नशे में धुत लोगो से मारपीट व उनसे छिनैती के आरोप लगते रहे है। युवक के खिलाफएक दर्जन से अधिक मामलो की शिकायतें कोतवाली पुलिस को दी जा चुकी है। हाल ही में आरोपी ने मलपुरा गांव के रहने वाले एक युवक के साथ घटनास्थल से कुछ मीटर दूर स्थित जंगलो में मारपीट व छिनैती की थी। ऐसे में लोगो ने युवक की हत्या कर शव फेके जाने की आशंका व्यक्त करते हुए मामले की गहनता से जांच की मांग की है।

# मौलाना आज़ाद एवं सरदार पटेल की याद में अदबी महफिल आयोजित




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** फिरंगी महल चौक लखनऊ में स्वतंत्रता सेनानी तथा देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद इंदिरा गांधी और सरदार पटेल की याद में बेगम शहनाज़ सिदरत की अध्यक्षता मे इन महानुभावों के विचारों पर चर्चा के साथ उनके देश प्रेम और राष्ट्रीय एकता पर आधारित अदबी महफिल का आयोजन आल इंडिया तालीम घर द्वारा किया गया। जिसमें अनवर जहां, फ़ौज़िया अब्बासी ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के विचार और शिक्षा नीति पर रोशनी डाली। नशिस्त की मुख्य अतिथि जमीला किरमानी, सफिया काजमी थीं, अर्शिया बानो,आफरीन बानो,रिजवाना बेगम, शाहीना और जैनब ने कलाम पेश किया तथा निशात हयातुल्लाह ने संचालन किया। प्रोग्राम में वक्ताओं ने आपस की दूरी मिटा देने और राष्ट्रीय एकता पर बोलते हुए सारे जहां से अच्छा अपनी सरजमीं हिंदुस्तान को बताया पूरी दुनिया में सबसे सुरक्षित लोग हिंदुस्तान में हैं यहां गीता की भी खुशबू है वही कुरान की भी खुशबू है यह जमी गंगा जमुना के तहजीब की मिसाल सारे जहां में है तथा कहा कि हमारा वतन हमारी जान से भी प्यारा है। कार्यक्रम के अंत में बेगम शहनाज़ सिदरत ने सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद, इन्दिरा गांधी जी और लौह पुरुष सरदार पटेल जैसे लोग बिरले ही पैदा होते हैं जो अपनी सोच से समाज को नई दिशा और ताकत देते हैं उन लोगों को हमारा सच्चा ख़िराज-ए-अक़ीदत यही होगा कि हम उन्हें अपना रोल माडल बनाएं।

## आबकारी विभाग ने शराब की दुकानों का निरीक्षण किया



**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 02/11/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ द्वारा नबाबगंज क्षेत्र में दबिश दी गई। मौके से लगभग 15 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद कर एक अभियोग पंजीकृत गया। दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## एसपी एवं सीओ ने उप निरीक्षक से निरीक्षक बने राजेश कुमार व संजय कुमार राय के तीसरा स्टार लगाकर बधाई दी



**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी एवं क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रवीन्द्र नाथ राय द्वारा उनि से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए राजेश कुमार व संजय कुमार राय को रैंक प्रतीक/तीसरा स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## यातायात माह की डीएम-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना



**गाज़ीपुर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस कार्यालय से यातायात माह की शुरुआत डीएम आर्यका अखौरी व एसपी ईरज राजा ने यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बाइक रैली शहर में घूमकर लोंगों को यातायात के प्रति जागरूक करने का काम करेगी। नियमों का पालन करने से यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित रहती है। छोटी सी गलती दुर्घटना को दावत देती है। प्रतिवर्ष नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। यातायात नियम से जुड़े अधिकारी कर्मचारी अधिक से अधिक लोंगों तक अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से नियमों के प्रति जागरूक करने का कार्य करते है। सीट बेल्ट पहनना, निर्धारित गति में वाहन चलाना, सड़क संकेतक का पालन करना, हेलमेट पहनना, शराब पीकर वाहन न चलाना आदि नियम सड़क सुरक्षा को लेकर बनाए गए है। डीएम-एसपी ने लोंगों को यातायात के प्रति जागरूक करते हुए नियमों के पर्चे वितरित किया। इस मौके पर एसपी सिटी, सीओ, यातायात प्रभारी मनीष त्रिपाठी, सदर कोतवाल दीनदयाल पांडेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# एडी रेजीमेंट आर्मी कप्तान राधा कृष्ण का सेंट्रल स्टेशन पर भव्य स्वागत

**कानपुर।** यूं तो लोग अक्सर जीते हैं अपने लिए देश के लिए कुछ कर जाएं जिन्हें लोग याद रखें। सुबह तड़के कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर देश की सुरक्षा करने वाले फौजियों की भीड़ उमड पड़ी यह दृश्य कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों ने देखा तो सोच में पड़ गए कि आज जिन हाथों में बंदूके होती थी उन हाथों में फूल माला ढोल ताशे ऐसा क्या होने जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार रिटायर्ड एडी रेजीमेंट आर्मी कप्तान राधा कृष्ण का सेंट्रल स्टेशन पर भव्य स्वागत अमित यादव कैंट विधानसभा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम से फूल माला पहनकर किया गया। एडी रेजीमेंट आर्मी कप्तान ने बताया कि फौजी की नौकरी 30 साल करने के बाद घर लौटा हूं परिवार के साथ रहने की खुशी है तो दूसरी तरफ भारत माता की सुरक्षा की फिक्र है आगे बताया कि 29 अक्टूबर 1994 में फौज में भर्ती हुआ 1999 में आप विजय , 2001 में आप रक्षक 2017 में आप पृक्रम चीन भारत के बीच युद्ध में जाने का मौका मिला इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के साथ विजय प्राप्त हुई 30 अक्टूबर 2024 को सेवानिवृत हो गया सीमा से समाज की ओर आया हूं लेकिन अगर भारत माता बुलाया तो मरते दम तक देश की सुरक्षा के लिए जीवन समर्पित है। आर्मी एयर डिफेंस ने जिंदगी को जीने का मकसद दिया नियम कानून मनुष्य को अपने जीवन को कैसे जीना चाहिए फौज सब सिखा देती है। स्वागत समारोह में सूबेदार महेश कुमार यादव त्रिभुवन सिंह यादव शिव अंबर सिंह मीर सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रमेश यादव, संजीव कुमार यादव यथसाल सिंह मदन सिंह यादव हाकिम सिंह पी के यादव (अरविंद यादव) पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ कानपुर नगर पी के सिंह वीरेंद्र सिंह पूर्व सैनिक अध्यक्ष उमेश चंद्र त्रिपाठी मनोज यादव मौजूद रहे।

# महापुरूषों की जयंती व शहादत के अवसर पर कांग्रेसियों ने याद किया

अवधनामा संवाददाता




**बस्ती।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत स्व. इन्दिरा गांधी की की शहादत एवं सरदार बल्लभभाई पटेल व आचार्य नरेन्द्रदेव को उनकी जयंती के अवसर पर कांग्रेसियों ने याद किया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा आज जो भारतीय जनता पार्टी सरदार पटेल को अपना आदर्श मानने का ढोंग कर रही है उसी की सहयोगी संस्था आरएएस को उन्होने बैन कर दिया था।

यह निर्णय गांधीजी की हत्या के बाद लिया गया था। सरदार पटेल आरएसएस को कभी पसंद नही करते थे। भाजपा सरदार पटेल के विचारों पर बिलकुल नही चलती केवल उनका नाम भुनाने की कोशिश करती है। दूसरी ओर श्रीमती इन्दिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर अदम्य साहस का परिचय दिया था और समूचे राष्ट्र को एकता अखण्डता की डोर में बांधे रखा वहीं मौजूदा सरकार और उसके प्रतिनिधि बंटने, कटने और पिटने की घटिया मानसिकता को राजनीति का केन्द्रविन्दु मान बैठे हैं। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा इन्दिरा गांधी ने 1971 में पाकिस्तान को हराकर उसकी कमर तोड़ दी और बंग्लादेश को आजाद कराया। वहीं सरदार पटले स्वतंत्रता आन्दोलन का सबसे बड़ा चेहरा थे। देश की आजादी के बाद वे गृहमंत्री और उप प्रधानमंत्री बने।

सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव बाबूराम सिंह ने कहा पाकिस्तान को हराने के बाद पूरी दुनियां इन्दिरा ने गांधी को आयरन लेडी मान लिया और जीवन की आखिरी सांस तक उन्होने अपना किरदार बखूबी निभाया। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मो. रफीक खां ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेन्द्र मिश्रा, गंगा प्रसाद मिश्रा, साधूसरन आर्य, शौकत अली नन्हू, लालजीत पहलवान, डा. वाहिद सिद्धीकी, अलीम अख्तर, अतीउल्लाह सिद्धीकी, यप्रकाश चौबे, अमित सिंह, डीएन शास्त्री, राजेश चौधरी, आशुतोष पाण्डेय, जगदीश शर्मा, शब्बीर अहमद, फिरोज खान, संजीव त्रिपाठी, राजेश कुमार भारती, राकेश पाण्डेय गांधियन, शेर मोहम्मद, सर्वेश शुक्ल, मो. अकरम, रामधीरज चौधरी, दूधनाथ पटेल, मो. अशरफ अली आदि मौजूद थे। सभी कांग्रेसियों ने एक दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनायें दी और मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील किया।

## चंद्रपाल सिंह यादव को नामित किया

**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव की स्वीकृति से समाजवादी पार्टी फर्रूखाबाद के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव को करहल विधानसभा में उपचुनाव के लिए प्रचार प्रसार करने हेतु नामित किया है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि जनपद फर्रुखाबाद मैनपुरी से सटा हुआ जनपद है इसलिए समाजवादी पार्टी के हर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने-अपने समाज और अपने संबंधियों के यहां जाकर समाजवादी पार्टी विधानसभा के प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह यादव के पक्ष में वोट डालने की अपील कर उन्हें भारी मतों से जिताकर भेजें।

## साधु बनकर भीख मांगने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** धर्म बदलकर धोखाधड़ी कर भीख मांगने के आरप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि वादी शिव कुमार गुप्ता पुत्र स्व. छेदी गुप्ता निवासी ग्राम सोनबरसा थाना कासिमाबाद गाजीपुर द्वारा शुक्रवार को थाने में तहरीर दी गई कि कुछ मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों द्वारा हिन्दू धर्म की वेशभूषा (वस्त्र) धारण कर, साधु बन कर गलत नाम-पता बताकर भीख माँग रहे हैं। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कासिमाबाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। उनकी पहचान सोहराव खान पुत्र सुक्खू अंसारी उम्र, शहजाद खान पुत्र रमजान खान तथा नियाज पुत्र नेकई निवासीगण ग्राम अतरसावा थाना दोहरीघाट जनपद मऊ के रूप में की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# रिटायर्ड फौजी पर पुलिसिया सितम की इंतहा, फौजी ने कहा मेरा वीडियो मुख्यमंत्री तक पहुंचाना

अवधनामा ब्यूरो



- गैर जिम्मेदार और विवादित दरोगा और उसके साथियों का कारनामा फौजी को बुरी तरह पीटा

**रायबरेली।** रायबरेली के डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के घोरवारा चौकी में बीती रात पूर्व फौजी को पुलिस ने जमकर पीटा उनके साथ हैवानियत ज्यादती की पराकाष्ठा पार की गई। पिटाई व थर्ड डिग्री दिए जाने के मामले में सवर्ण आर्मी संगठन के जिला अध्यक्ष ने पुलिस को चेतावनी दी है कि इस मामले में जल्द ही पुलिस के अधिकारी निष्पक्ष रूप से जांच करवाकर पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते हैं तो बड़ा आंदोलन जिले में किया जाएगा।

आज इस मामले में परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायबरेली पहुंचे उन्होंने बेलगाम और विवादित दरोगा हिमांशु मलिक और उसके साथियों द्वारा किया गया अत्याचार का विवरण पुलिस अधीक्षक से साझा किया इस दौरान कई रिटायर्ड फौजी भी मौजूद रहे। पुलिसिया बर्बरता और दर्ज मुकदमों को परिजनों ने एसपी से दखल देने और उचित जांच करने की मांग की। अध्यक्ष ने बताया कि मुझे जानकारी मिली है कि पटाखा खरीदारी के दौरान फौजी के बेटे के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी। मामले की जानकारी जुटाने पूर्व फौजी गया था, जहां कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा बदसलूकी की गई। विरोध करने पर चौकी पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने फौजी इंदर सिंह की बर्बरता से पिटाई की है। खुद को बचाने के लिए पुलिस ने फौजी के पास से लाठी डंडा सरिया, कट्टा और कारतूस की बरामदगी दिखाकर अधिकारियों को गुमराह किया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि फौजी की पत्नी से मेरी फोन पर वार्तालाप हुई है, उन्होंने बताया कि घर में सिर्फमहिलाएं थीं। बिना किसी वारंट के पुलिस घर में घुसकर बच्चों को घसीटते हुए कमरों से ले गई है। कोई चौकी पर जाएगा तो लाठी, डंडा, सरिया और कट्टा लेकर नहीं जाएगा, यह पुलिस पर सवाल है। जिला अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि फौजी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किसी अन्य सर्किल के सीओ से मामले की जांच करवाएं।

**चौकी इंचार्ज ने मिल एरिया तैनाती के दौरान महिला की पेट में मारा था लात–** गैर जिम्मेदार और विवादित दरोगा इससे पहले मिल एरिया थाने में तैनात था उसने वहां भी जमकर पुलिस की फजीहत करवाई थी। चर्चा इस बात की भी है कि जिले में सीनियर और काबिल जिम्मेदार इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर्स की मौजूदगी है उसके बाद भी इन्हें इंचार्ज बना दिया गया और इन्होंने गैर जिम्मेदारी का अपना रूप दिखा दिया एक छोटा सा मामला भी नहीं संभाल पाए दरोगा हिमांशु मलिक। अब घुरवारा में उसने क्रूरता और जघन्यत की सारी हदें पार कर दी। चौकी प्रभारी और उसके साथियों ने मानवाधिकार को ताक पर रखकर रिटायर्ड फौजी के साथ जुल्म किया।

# बुजुर्गों की देखभाल और सेवा के लिए 240 युवाओं को किया गया प्रशिक्षित



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में बुजुर्गों की देखभाल और सेवा के लिए संचालित 3 माह के पाठ्यक्रम के सफल 240 अभ्यर्थियों को श्रम विभाग उत्तर प्रदेश के नोडल अधिकारी सैय्यद रिजवान अली ने प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रमाण पत्र वितरण कर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री अली ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को बुजुर्गों की देखभाल व सेवा करने के लिए प्रशिक्षित करना है। इस प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं को देश-विदेश में नौकरियों के अनेकों अवसर प्राप्त हो सकेंगे। आज के परिदृश्य के एकाकी परिवार के चलते इस कार्य को करने के उपरान्त रोजगार की अनेकों सम्भावनायें हैं। श्री अली ने बताया विदेशों में विशेष कर खाड़ी व पश्चिमी देशों में ऐसे प्रशिक्षित युवाओं की बहुत मांग है। प्रमाण पत्र वितरण समारोह के अवसर पर प्रतिभागियों के चेहरे पर अपार खुशी थी और उन्होंने बुजुर्गों की सेवा करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर खुर्शीद आलम खां, बिलाल अहमद, ज़ीशान अंसारी, हाफिज सलमान, शकील अहमद, खुशरू अहमद, फैसल हुसैन आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## पटाखा जलाने के विवाद में दो पक्षो में मारपीट

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** पटाखा जलाने के विवाद मे दो पक्षों मे जमकर मारपीट हुई है।मारपीट मे 1 व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि 2 लोग घायल हो गये।घायलों का गाजीपुर मेडिकल कालेज मे इलाज चल रहा है।मामला दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के ओड़राई गांव का है।जहां रहने वाले ओम प्रकाश चौहान के घर के सामने पड़ोसी पटाखा जला रहे थे।जिस पर ओम प्रकाश ने आपत्ति जताई।ओम प्रकाश के मना करने पर दबंग पड़ोसी विवाद करने लगे।विवाद के दौरान दबंग पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ लाठी डंडे और धारदार हथियार से ओम प्रकाश पर हमला बोल दिया।दबंगो के हमले मे बुरी तरह घायल ओम प्रकाश की मौत हो गयी। जबकि उसे बचाने के प्रयास मे उसके परिजन घायल हो गये।फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर कार्यवाही मे जुटी है।

# दीपावली की रात बदमाशों ने की ग्राम प्रधान व शराब माफिया की गोली मारकर हत्या, केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले के बनकटा थाना क्षेत्र के जंजीरहा गांव निवासी ग्राम प्रधान और शराब माफिया की बदमाशों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी, जब दीपावली की रात सभी लोग अपने घरों में दीपक जलाकर पर्व की खुशियां मना रहे थे। अचानक घटी इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार की देर शाम शव जब गांव पहुंचा तो क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया जाता है कि बनकटा थाना क्षेत्र के जंजीरहा गांव के रहने वाले अजीत कुमार सिंह उर्फ जड़ी सिंह बिहार में शराब बंदी के बाद शराब के अवैध कारोबार में लिप्त हो गया। इस मामले में उत्तर प्रदेश व बिहार के कई थानों में उसके ऊपर मुकदमा भी दर्ज हुआ है। बताया जाता है कि कुछ ही दिन पूर्व वह बिहार के सिवान जेल से छुटकर बाहर आया था। वह अपनी कमाई के धन से तमाम जरूरतमंद लोगों की सेवा सत्कार भी करने लगा, जिससे उसके समर्थकों की संख्या बढ़ती गई। इसी बीच वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में वह गांव का ग्राम प्रधान भी निर्वाचित हो गया। बताया जाता है कि दीपावली की रात वह सोहनपुर स्थित एक व्यक्ति के मकान में कुछ लोगों के साथ जुआ खेल रहा था।इसी बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई और अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग झोंक दिया। जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस हत्या की छानबीन में जुट गई। पुलिस ने मृत ग्राम प्रधान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान व शराब माफिया के दरवाजे पर क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उधर सूचना पाकर स्थानीय पुलिस व क्षेत्राधिकारी के साथ-साथ पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।वहीं पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान तेज कर दी है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र सहित बिहार के कई जगहों पर छापेमारी जारी है। पुलिस द्वारा इस मामले में मृत ग्राम प्रधान के पिता के तहरीर पर चार नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।सीओ भाटपार रानी एसपी सिंह ने बताया कि घटना के बाद शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया गया है।

# कमर्शियल गैस के दाम बढ़ाए जाने के विरोध में सपा का प्रदर्शन




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आज बरहज नगर मे सपा नेता विजय रावत के नेत्रित्व मे बरहज रेलवे तिराहे पर कामर्सियल गैस सिलेंडर के दाम बढाये जाने के विरोध मे कामर्सियल गैस सिलेनडर रख कर विरोध प्रदर्शन कर गैस का दाम कराने की माँग साइंस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की जबसे भाजपा की सरकार बनी है गैस सिलेन्डर दाम ने आशमान को छुने का काम किया है प्रदेश और देश की जनता से भाजपा वादा किया था जब हमारी सरकार बनेगी तो हम महँगाई को कम करने का काम करेंगे लेकिन भाजपा सरकार बनते ही महँगाई बड़ाने का काम किया और जिसकी देन है की जो घरेलू गैस सिलेनडर चार सौ मे मिलता था वह आज नौ सौ रूपए पार हो गया। और कामर्सियलगैस सिलेन्डर उन्नीस सौ रूपए के पार हो गया है जिससे आम जनता अपने आप को ठगा महसुष कर रही है और आने वाले विधान सभा चुनाव मे अपने मत का प्रयोग कर हिसाब लेगी। इस दौरान मुख्य रूप से अमित प्रधान अनिश शर्मा महावीर गुप्ता आदित्य कुमार विकास यादव राहुल अनिल राजभर राकेश तिवारी हरिकेष सनोज यादव इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने दी बधाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भैया दूज तथा चित्रगुप्त जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भैया दूज भाई-बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह व विश्वास का त्योहार है। यह पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग, सामाजिक एकता व सद्भाव की भावना का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की जयन्ती अच्छे कर्म करने की प्रेरणा प्रदान करती है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अल्ताफ़ हुसेन से बदलकर अल्ताफ़ हुसेन अंसारी रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये।

**अल्ताफ़ हुसेन अंसारी**
**S/O मोहम्मद हुसेन**
**ग्राम- पोखरभिटवा, पोस्ट- तेतरी बाज़ार, जिला-सिद्धार्थनगर**

## पटाखा खरीदने गए युवक की बाइक चोरी, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** थाना राजघाट अमरूद ट्रासपोर्टनगर निवासी राजेश कुमार पुत्र रमाकांत प्रसाद बुधवार को शाम 7 बजे बाइक से नौसढ बहरामपुर पटाखा खरीदने गया। बाइक खड़ा कर पटाखा खरीद कर वापस लौटा तो बाइक गायब थी। खोजबीन के बाद पता नही चला। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## महिला को पीटा, आरोपी पर केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा गोरखपुर - हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के पचौरी टोला मझौवा निवासी रफीकुन निशा पत्नी अब्दुल करीम रात में 12 बजे अपनी लड़की के पास सोने के लिए गई। उसी दौरान गांव का मनबढ़ देखकर गाली गलौज करने लगा। जिसका विरोध किया तो वह लात घुसो डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी अकरम अली निवासी मझौवा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बाल कटिंग करा रहे युवकों को पीटा, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के अमटौरा निवासी समीर पुत्र राजू और मनोज पुत्र राम लक्षण देईपार चौराहे पर बाल कटिंग करा रहे थे। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर तीन मनबढ़ और पांच की संख्या में अज्ञात दोनो को गाली गुप्ता देते हुए मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने श्रीजन, दुर्गेश, साहिल तथा पांच अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## उद्यान विभाग के आलू बीज को लेकर की शिकायत

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकासखंड के पूरे बेलौरा जंगल रामनगर निवासी किसान डॉ अवधेश मिश्र ने जिला उद्यान अधिकारी को लिखे एक शिकायती पत्र में कहा है कि उन्होंने उद्यान विभाग से आलू का बीज सिंदूरी एफ आई प्रजाति का 3495 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीदा था।बुवाई के लिए आलू का बीज काटने पर आधा सड़ा निकला शेष बीज उन्होंने बुवाई के लिए प्रयुक्त किया। कम पड़ने पर बाजार से बीज खरीद कर उन्होंने बुवाई की। शिकायती पत्र में उन्होंने किसानों के आर्थिक नुकसान और क्षतिपूर्ति को लेकर विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए क्षतिपूर्ति कराए जाने की मांग की है।

# अयोध्या अवेंजर्स ने लखनवी लीजेंड्स को दी करारी शिकस्त



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या एयरपोर्ट के पास स्थित खेल मैदान में आयोजित एक मैत्री क्रिकेट मैच में अयोध्या अवेंजर्स ने लखनवी लीजेंड्स को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराया। यह हाई-वोल्टेज मैच नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा आयोजित किया गया और दर्शकों के लिए किसी भारत-पाकिस्तान मुकाबले की तरह रोमांचक साबित हुआ। मैच की शुरुआत से ही दर्शकों की भारी भीड़ मैदान में जुटी रही। अयोध्या अवेंजर्स की ओर से धर्मपाल पांडे ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महत्वपूर्ण रन बनाए, जबकि रोहित मिश्रा की गेंदबाजी ने लखनवी बल्लेबाजों को टिकने का मौका नहीं दिया। उनकी बेहतरीन फील्डिंग और टीम वर्क ने जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।लखनवी लीजेंड्स की टीम में कप्तान वरुणेंद्र मोहन, सुजीत चौधरी और विभूति प्रकाश जैसे प्रमुख खिलाड़ी शामिल थे। अयोध्या अवेंजर्स की टीम का नेतृत्व रामसिंह उर्फ झाला सिंह ने किया, जिसमें जनमेजय, दिनेश और अन्य खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना और पूर्व छात्रों के बीच भाईचारे को मजबूत करना था। मैच के समापन पर जलपान की व्यवस्था की गई, जहाँ दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक साथ समय बिताया। दोनों टीमों ने अगला मैच होली 2025 पर आयोजित करने की घोषणा की, जिसमें सभी खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए तैयार हैं।

# बलिदानी कारसेवकों को हिंदू महासभा ने किया नमन, अर्पित की पुष्पांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 2 नवंबर 1990 को कारसेवकों के ऊपर हुए गोलीकांड में बलिदान कारसेवकों को हिंदू महासभा द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान करते हुए उन्हें नमन किया गया, इस अवसर पर 1992 के कारसेवक एवं हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में वीर बलिदानी कारसेवक रमेश पांडेय के आवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राम अचल गुप्ता, कोठारी बंधु सहित अन्य हुतात्मा कार्य सेवकों को दिगंबर अखाड़ा स्थित बलिदान स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की, साथी साथ राम मंदिर की शलाका पुरुष महंत रामचंद्र दास परमहंस जी महाराज की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि ऐसे में जब अयोध्या में आठवें दीपोत्सव कार्यक्रम की भव्यता अपने चरम पर है किंतु बलिदानी कारसेवकों के घरों में मायूसी का अंधेरा छाया हुआ है , न्याय पाने की आसानी उनके आंखों के आंसू सूख चुके हैं, इन बलिदानी कार सेवकों के घरों में ना तो बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं ना ही किसी सरकारी योजना का लाभ मिल पा रहा है और आर्थिक स्थिति भी बेहद कमजोर है ऐसे में बलिदानी कार सेवकों के नाम पर सत्ता की शीर्ष पर पहुंचने वाले व्यक्तियों और संगठनों को इन कारसेवकों की ओर ध्यान देना चाहिए, श्री पांडेय ने यह भी कहा कि सरकार को तत्काल प्रभाव से सभी बलिदानी कारसेवकों के घरों पर जाकर उन्हें बुनियादी सुविधाएं सरकारी योजनाओं का लाभ एवं आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए, तथा इसके साथ ही साथ राम जन्मभूमि परिसर में बलिदानी कारसेवकों के लिए बलिदान स्थल का निर्माण करवाया जाना चाहिए तभी सच्चे अर्थों में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम की सार्थकता बनी रहेगी, हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि योगी सरकार से यह अपेक्षा है कि इन कारसेवकों के परिवारों की स्थिति को सुधारने के लिए उचित कदम उठाएंगे 34वर्षों के कालखंड में परिवार ने जो दुख सहे हैं उसका कोई मोल नहीं है किंतु फिर भी मोदी और योगी सरकार को इन परिवारों के लिए कुछ करना चाहिए, पुष्पांजलि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बलिदानी कार सेवक रमेश पांडेय की पत्नी गायत्री पांडेय, पुत्र सुरेश पांडेय, बाबा अखिलेश दास जी महाराज,विपिन पुरोहित,गोविंद पुजारी, हिंदू महासभा के जिला महामंत्री चंद्रहास दीक्षित, सुशील मिश्रा, अवनी शास्त्री, अक्षय शुक्ला, अशोक कुमार पाठक, जितेंद्र कुमार, इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मांडवी धाम पर धूमधाम से मनाया गया दीपावली का त्यौहार

**पूरा बाजार -अयोध्या।** रामनगरी में दीपावली का उत्साह दूसरे दिन भी चरम पर रहा। जिले के मांडवी धाम मड़ना में ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को दीपावली का पर्व बड़ी धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। मांडवी धाम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह वही स्थान है जहां प्रभु श्रीराम के भाई भरत की पत्नी मांडवी ने तपस्या की थी।कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि ÷प्रभु श्रीराम के सपरिवार अयोध्या वापसी के अवसर पर दीपावली मनाने की परंपरा शुरू हुई थी, जिसे भव्य रूप देने का प्रयास प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार कर रहे हैं।

## पत्रकार की हत्या पर अयोध्या में शोक सभा, सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** फतेहपुर जनपद में पत्रकार दिलीप सैनी की नृशंस हत्या और हमीरपुर में पत्रकारों के साथ अमानवीय उत्पीड़न के विरोध में शनिवार को तिकोनिया पार्क में भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में सैकड़ों पत्रकारों ने भाग लिया और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।सभा में भारतीय पत्रकार सुरक्षा कवच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतरिक्ष तिवारी ने पत्रकारों पर हो रहे हमलों की गंभीरता को रेखांकित किया और प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री से ठोस कदम उठाने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ नाराजगी जताई, जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सतेंद्र पांडेय ने प्रशासन की ढिलाई पर चिंता व्यक्त की।जिलाध्यक्ष राम प्रसाद तिवारी ने दीपोत्सव में पत्रकारों को दिए गए खराब भोजन की घटना का उल्लेख करते हुए इसके प्रति प्रशासन की संवेदनहीनता की आलोचना की।

## एसपी ने सीमावर्ती क्षेत्रों का लिया जायजा

**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सीमा सुरक्षा और शांति व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन पर निकलने वाले डोल को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने बहुआर चौकी का भी निरीक्षण किया। शुक्रवार की शाम को बहुआर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सबसे पहले बहुआर चौकी पहुंचे। जहां उन्होंने चौकी का निरीक्षण किया। जिसके बाद वह सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बहुआर खुर्द गांव के विसर्जन स्थल तथा छठ घाट, 13/4 पुल, बैठवलिया, शीतलापुर, ढेशो गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि ड्यूटी में लापरवाही पर पुलिस कर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने डोल के दौरान हुड़दंग करने और उपद्रव मचाने वाले से कड़ाई से निबटने का निर्देश दिया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह, थाना प्रभारी गौरव कनौजिया व चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## दीवाली के जश्न में 18 वर्षीय युवती ने लगाई फाँसी, मंचा हड़कंप



**जैदपुर। बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र के मचौची गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवती का शव घर के अंदर फंदे से लटकता हुआ पाया गया। यह युवती तीन बहनों में सबसे छोटी थी, और परिवार दीपावली का पर्व मनाने में व्यस्त था। लल्लू रावत की 18 वर्षीय रुचि अपनी मां, पिता और बड़ी बहन के साथ शुक्रवार को दिवाली का जश्न मना रही थी। सभी के बीच खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक रुचि खाना खाने के बहाने कमरे के अंदर चली गई। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आई, तो बड़ी बहन ने कमरे में जाकर देखा और उसके होश उड़ गए। रुचि का शव रस्सी से लटक रहा था, जिसे देख परिवार में कोहराम मच गया।इस घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता लल्लू रावत ने पुलिस को बताया कि घर में कोई विवाद नहीं था। और सभी लोग दिवाली की खुशी में थे। लेकिन उनकी बेटी ने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह सभी के लिए एक बड़ा सवाल बन गया है। थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और मामले की जांच की जा रही है। परिवार और गांव में इस अनहोनी की चर्चा जोरों पर है। अब देखना है कि जांच से क्या तथ्य सामने आते हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## कस्बा क्षेत्र में खुलेआम जलाई जा रही पराली, अधिकारी मौन

**जैदपुर बाराबंकी।** शुक्रवार की रात प्रशासन की अपील के बावजूद किसान खुलेआम पराली जला रहे हैं। इस समस्या के चलते पर्यावरण प्रदूषण में वृद्धि हो रही है। जिससे स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। जैदपुर स्थित काशीराम कॉलोनी के निकट गुलरिहा मार्ग पर किसान खुलेआम पराली जला रहे हैं। जिले में कृषि और राजस्व विभाग द्वारा पराली जलाने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है, लेकिन जागरूकता अभियान के अभाव में किसान इसे नजरअंदाज कर रहे हैं। हाल ही में मुनीर के खेत में बटाई पर काम कर रहे एक व्यक्ति ने पराली को जलाया, जो कानून के खिलाफ है। लोगों से की अपील बाराबंकी कृषि विभाग लगातार किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक करने के लिए विभिन्न ब्लाकों में गोष्ठियां आयोजित कर रहा है। ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और अन्य लोगों से अपील की गई है, लेकिन इसके बावजूद पराली जलाने का यह सिलसिला थम नहीं रहा है।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया रोशनी का पर्व

**मसौली बाराबंकी।** रोशनी का पर्व दीपावली क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान चारो तरफ खुशियों का माहौल नज़र आया। देर रात तक लोग आतिशबाज़ी में व्यस्त रहे। इससे पहले लोगो ने घरों, दुकानों और दफ़्तरों को आकर्षक रंगीन लाइट्स से जगमग लक्ष्मी गणेश की पूजा की। कस्बा मसौली, बांसा, सआदतगंज, रामपुर, बड़ागाँव, सफदरगंज, रसौली, त्रिलोकपूर सहित ग्रामीण अंचलों में दीपावली का त्यौहार उल्लास के साथ मनाया गया। लोगो ने घरो को रंगबिरंगी झालरों से सजा कर जमकर आतिशबाजी की। तथा लक्ष्मी गणेश की पूजा कर धन सम्पदा की कामना की। किसानों ने खेतो की कोनियो में आग जलाकर धरती माता से अधिक उपज की कामना की। और लोगो ने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के घर गए और एक दूसरे को दिपावली मिठाई खिलाकर कर बधाई दी

# स्वास्तिक प्रोडक्शन ने अयोध्या में हनुमानगढ़ी मंदिर पर म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वास्तिक प्रोडक्शन ने हनुमानगढ़ी मंदिर में ÷वीर हनुमान÷ कार्यक्रम के तहत एक अनूठा म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक हर्षित सक्सेना द्वारा भगवान हनुमान की लीलाओं, बाल हनुमान की कथाओं और लंका यात्रा को दर्शाया गया।इस शाम का सबसे खास हिस्सा रोमांचकारी नया म्यूजिक वीडियो रहा, जो कि प्रभु हनुमान को समर्पित है और उनके जीवन काल की और बाल हनुमान के रूप में उनकी लीलाओं का वर्णन करता है, साथ ही लंका की उनकी यात्रा को बताता है और प्रभु श्रीराम द्वारा उन्हें अयोध्या के कोतवाल के रूप में स्थापित करने जैसे अद्भुत दृश्यों को प्रस्तुत करता है, जो कि उनके साहस और उनकी भक्ति को स्वास्तिक प्रोडक्शन की ओर से दी गई एक आदरांजलि है। स्वास्तिक प्रोडक्शन परंपराओं और नए कलात्मक माध्यमों को जोड़ने का काम सालों से करता आया है। लेकिन यह पहला और एकमात्र प्रोडक्शन हाउस है, जिसने इतने भव्य स्तर पर हनुमानगढ़ी पर गाना रचा है। हनुमान जयंती पर होने वाला यह विशेष कार्यक्रम परंपरा और आधुनिक कथा। कथन को एक मंच पर लाने का प्रयास है। भक्तिमय मनोरंजन के क्षेत्र में इस प्रकार का भव्य प्रदर्शन पहले कभी नहीं किया गया है और ये भक्ति मनोरंजन के लिए एक नया कीर्तिमान है।इस मंदिर की भव्य दीवारें भी हनुमान जी की गौरवशाली गाथा को सजीव करने में बड़ा योगदान देने और इस पल को ऐतिहासिक बनाने में भागीदार बनीस्वास्तिक प्रोडक्शन ने परंपरा और आधुनिकता को मिलाकर इस भव्य आयोजन का आयोजन किया, जिसमें 4ड प्रोजेक्शन और उच्च गुणवत्ता वाले सराउंड साउंड का उपयोग किया गया।

कार्यक्रम में नर्तकों की कोरियोग्राफ्ड परफॉर्मेंस भी शामिल थी।फाउंडर सिद्धार्थ कुमार तिवारी ने बताया कि यह कार्यक्रम भगवान हनुमान की चिरकालिक कथा को समर्पित है और इसका उद्देश्य दर्शकों को एक भावनात्मक और दर्शनात्मक अनुभव प्रदान करना है। स्वास्तिक प्रोडक्शंस और अयोध्या की जनता के साथ इस भव्य उत्सव का हिस्सा बने, जहां भक्ति और नवाचार मिलकर भगवान हनुमान की कथा को तकनीक और परम्परा के साथ जीवंत बनाकर प्रस्तुत किया गया।

## राम भजन बजाने को लेकर विवाद हुआ,राम मंदिर समर्थक बबलू खान पर हुआ जानलेवा हमला



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** दर्शन नगर चौकी क्षेत्र के मिर्जापुर माफी गांव में राम मंदिर समर्थक बबलू खान पर जानलेवा हमला हुआ है। जानकारी के अनुसार दिवाली के मौके पर राम भजन बजाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने किया बबलू खान और उनके परिवार पर हमला कर दिया।बताया जा रहा है कि आरोपियों ने कुल्हाड़ी और बांके से हमला किया। हमले की वजह से बबलू खान घायल हो गए हैं। सर में गंभीर चोटे आई हैं। फिलहाल पीड़ित परिवार कोतवाली अयोध्या में पहुंचा है, जहां मामले की शिकायत की गई है।भाजपा नेता और राम समर्थक बबलू खान पर शुक्रवार देर शाम जानलेवा हमला हुआद्य जिसमे उनके तीन बेटे सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये द्य इस मामले मे बबलू खान का कहना है कि दीपावली के मौके पर भगवान राम से समर्थित गाना वह अपनी गाड़ी मे बजा रहे थे जिसका उनके समुदाय ने पहले फोन पर विरोध किया फिर ज़ब हमें अकेला पाया तो जानलेवा हमला क़र दिया जिसमे मेरे तीन बेटे और मै घायल हो गएद्य उन्होंने कहा कि हमले में बड़े बेटे कुंवर अदनान खान, कुंवर अयान खान और कुंवर आशिफ खान को गंभीर चोटे आई हैं। आरोप ने तीनों के सर पर हमला जान से मारने की नियत से किया था, लेकिन प्रभु श्री राम कि कृपा से मेरी जान बच गई।

## एसपी ने सीमावर्ती क्षेत्रों का लिया जायजा



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल थाना क्षेत्र के भारत नेपाल सीमा पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सीमा सुरक्षा और शांति व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन पर निकलने वाले डोल को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने बहुआर चौकी का भी निरीक्षण किया। शुक्रवार की शाम को बहुआर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने सबसे पहले बहुआर चौकी पहुंचे। जहां उन्होंने चौकी का निरीक्षण किया। जिसके बाद वह सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बहुआर खुर्द गांव के विसर्जन स्थल तथा छठ घाट, 13/4 पुल, बैठवलिया, शीतलापुर, ढेशो गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि ड्यूटी में लापरवाही पर पुलिस कर्मी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने डोल के दौरान हुड़दंग करने और उपद्रव मचाने वाले से कड़ाई से निबटने का निर्देश दिया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह, थाना प्रभारी गौरव कनौजिया व चौकी प्रभारी अरुण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# सांसद तनुज बने अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन, आवास पर हुआ जोरदार स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देश और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में सबसे ज्यादा जुल्म शोसित वंचित दलित समाज पर हो रहे है। उनके मान सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिये कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेशीय नेतृत्व ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन पद की अहम् जिम्मेदारी जो मुझे सौंपी गयी है उसे मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा।

उक्त उद्गार बाराबंकी के सांसद एवं नव मनोनीत उत्तर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष तनुज पुनिया ने आज अपने ओबरी आवास पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित भव्य स्वागत समारोह में व्यक्त किये। समारोह में जिले के प्रमुख कांग्रेस नेताओं पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भारी संख्या में हिस्सेदारी निभाकर सांसद का स्वागत किया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से सांसद तनुज पुनिया



के मार्ग दर्शक पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन कांग्रेस उपाध्यक्ष राम हरख रावत ने किया। पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने सांसद तनुज पुनिया को प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग का चेयरमैन मनोनीत किये जाने पर राष्ट्रीय एवं प्रदेशीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। और कहा कि, हमें पूर्ण विश्वास है कि, तनुज पुनिया के नेतृत्व में अनुसूचित जाति विभाग को प्रदेश में नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि, सांसद तनुज पुनिया के ताजपोशी समय की जरूरत थी इससे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग मिलेगा तथा समाज के सबसे वंचित और उपेक्षित वर्ग के अधिकारों की रक्षा की लड़ाई सांसद तनुज पुनिया की मजबूत छत्र छाया में लड़ी जायेगी। स्वागत समारोह को मुख्य रूप से कांग्रेस प्रवक्ता सरजू शर्मा, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला, मोहम्मद इरफान कुरैशी, सिकन्दर अब्बास रिज्वी, अजीत वर्मा, वीरेन्द्र प्रताप यादव, ज्ञानेन्द्र प्रताप यादव, सैय्यद सुहैल अहमद, के0सी0 श्रीवास्तव, कमल भल्ला, हरिनन्दन गौतम, दिलशाद वारसी, शिव बहादुर वर्मा, विजय पाल गौतम, अखिलेश वर्मा, सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता तथा अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष विजयपाल गौतम की अगुवाई में अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों ने नव मनोनीत प्रदेश चेयरमैन सांसद तनुज पुनिया का भव्य स्वागत किया।

## 24 घण्टे के अन्दर पुलिस ने शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*



बाराबंकी। चेन स्नैचिंग की घटना के 24 घण्टे के अन्दर ही कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुवे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। पुलिस ने उसके पास से चोरी की बाइक व एक अदद सोने की चेन बरामद किया है। ज्ञात हो कि बीते 31 अक्टूबर को प्रतिमा शुक्ला पत्नी देवेन्द्र कुमार शुक्ला निवासी राधानगर, बिलग्राम चुंगी जनपद हरदोई द्वारा तहरीर दिया गया कि वह उसी दिन मार्केट से खरीददारी करके वापस पैदल घर जा रही थी कि तभी पीछे से एक व्यक्ति ने मेरे गले से सोने की चेन छीनकर भाग गया। जिसके बाद एसपी दिनेश कुमार सिंह ने कोतवाली पुलिस को आदेश देते हुवे कहा कि जल्द से जल्द अभियुक्त की गिरफ्तारी की जाए। कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी उपनिरिक्षक मृदुल मयंक पाण्डेय और कान्सटेबल वैभव तोमर, प्रफुल्ल पाठक, संदीप यादव के साथ गश्त कर रहे थे कि तभी सूचना मिली कि एक व्यक्ति संदिग्ध हालात में ग्राम ओबरी के पास घूम रहा है। जिसके बाद टीम ने अभियुक्त बुधराम उर्फ बुद्धा पुत्र शिवनाथ निवासी ग्राम केसरीपुर मौजा छेदा थाना मोहम्मदपुर खाला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक सोने की चैन व मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर यूपी 41 के 2248 बरामद किया है। पुलिस की पूछताछ में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्त बुधराम उर्फ बुद्धा उपरोक्त ने अपने अन्य साथी छोटकन्नू निवासी ग्राम धनवरिया थाना मो0पुरखाला के साथ मिलकर दिनांक 31.10.2024 को रेलवे हॉस्पिटल मॉल गोदाम रोड से एक महिला से सोने की चेन छीन ली थी। घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को अभियुक्त बुधराम उर्फ बुद्धा द्वारा उसी दिन थाना कोतवाली नगर क्षेत्र कचहरी के पास से चोरी किया गया था, तथा अभियुक्त द्वारा मोटरसाइकिल कूट रचित नम्बर प्लेट लगाकर घटना को अंजाम दिया गया।

# छठ पर्व को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने किया दौरा

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा श्यामदेउरवा, परतावल, घुघली स्थित विभिन्न छठ घाटों और विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने महराजगंज, शिकारपुर, परतावल, श्यामदेउरवा जखीरा, घुघली स्थित विभिन्न विसर्जन स्थलों और छठ घाटों का निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने बैकुंठी घाट पर विसर्जन कार्य को देखा और प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को अवश्यक निर्देश दिया।। जिलाधिकारी ने छठ के दृष्टिगत विभिन्न घाटों पर किए गए इंतजामों की जानकारी ली और सभी घाटों की साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था व अन्य आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न होने पाए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन और ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू रखने हेतु जरूरी इंतजाम करने का निर्देश दिया। विसर्जन के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश देते हुए कहा कि विसर्जन स्थलों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रखें। पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने और कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 88 केन्द्रो पर चार नवंबर से होगी धान की खरीद

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिले में चार नवंबर से सरकारी धान क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू की जाएगी। इस बार छह एजेंसी के 88 क्रय केंद्रों पर धान की खरीद के लिए 13,6600 एमटी लक्ष्य दिया गया है। सभी केंद्रों पर जरूरी प्रबंध अंतिम चरण में हैं।धान की फसल को लेकर प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल जनपद में तीन लाख 85 हजार किसानों ने लगभग एक लाख 15 हजार हेक्टेयर में धान की रोपाई की है। सभी किसानों को कृषि विभाग से पंजीयन के लिए एसएमएस भी भेजा जा रहा है।

फसल की बिक्री के लिए 88 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। शासन के निर्देश पर एक नवंबर से धान की खरीद का कार्य शुरू होना था। हालांकि दीपावली पर्व के अवकाश के चलते अब धान की खरीद चार नवंबर से शुरू होगी। खाद्य एवं विपणन कार्यालय के अनुसार खाद्य विभाग के 29, पीसीएफ के 32, पीसीयू के 15 यूपीएसएस के सात, मंडी समिति के दो और भारतीय खाद्य निगम के तीन क्रय केंद्र बने हैं। सभी केंद्रों पर बोरा व उपकरण की उपलब्धता आदि की तैयारी की जा चुकी है। धान की बिक्री के लिए सभी पांच तहसीलों के 7348 लोगों ने पंजीयन कराया है, जिसमें से 1199 लोगों का सत्यापन पूरा हो चुका है। शेष की सत्यापन प्रक्रिया एडीएम और एसडीएम स्तर पर लंबित है। इसके सत्यापन का कार्य चल रहा है।

कार्यालय के अनुसार टांडा तहसील में 1589, आलापुर में 1291, जलालपुर में 1757, अकबरपुर तहसील क्षेत्र में 2290 व भीटी तहसील में 421 किसानों ने अपनी धान की उपज बेचने के लिए पंजीयन कराया है।दीपावली पर्व के अवकाश के चलते किसान अपनी धान की उपज को चार नवंबर से अपने निकट के क्रय केंद्र पर बिक्री कर सकते हैं। साथ ही अपना पंजीयन अवश्य करा लें, जिससे उपज को बेचने में कोई परेशानी न हो।

# माता प्रसाद पांडेय ने नेपाली तीर्थ यात्रियों के सफलतम यात्रा की शुभकामना दी

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** नेपाल हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में तीर्थयात्रियों का जत्था भारत के प्रमुख तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेगा। इसके लिए तीर्थ यात्रा संयोजक अनिल तिवारी और उनकी टीम ने शनिवार को बढ़नी स्थित पूर्व चेयर मैन राम नरेश उपाध्याय के आवास पर आयोजित आशीर्वाद व मार्गदर्शन कार्यक्रम में पहुंचकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व विधानसभाध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय से आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में नेपाल से भारी संख्या में हिंदूवादी नेता व गणमान्य लोग उपस्थिति थे। पूर्व मंत्री वीरेंद्र मिश्र ने कहा कि नेपाल हिंदू जागरण मंच के अनिल तिवारी अपने भक्तगणों के साथ बहुत बड़े मिशन के साथ भारतीय तीर्थ स्थलों पर भ्रमण के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष और हम सबके मार्ग दर्शक माता प्रसाद पांडेय जी का आशीर्वाद हम सबके लिए महत्वपूर्ण है।

हम आशा करते हैं कि इंडिया के तीर्थ स्थलों के मार्ग पर हमारे नेपाली तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा व स्वागत का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसके पहले अनिल तिवारी ने अपनी यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वे विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर राम नाम का लेखन कर रहे हैं। नेपाल के तीर्थस्थलों का भ्रमण कर उन्होंने अब तक लाखों प्रतियों में राम नाम लिखा है। उनका लक्ष्य एक करोड़ आठ लाख राम नाम लिखने का है जिसे भारत के तीर्थ स्थल अयोध्या से लगाया बागेश्वर धाम तक पहुंचकर पूरा करना चाहेंगे। और फिर इस पांडुलिपि को अयोध्या स्थित राम राम बैंक को समर्पित कर देंगे। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में आए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने नेपाली तीर्थ यात्रियों का स्वागत करते हुए उनके इस पवित्र यात्रा के सफल होने की कामना की और कहा कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि नेपाली तीर्थ यात्रियों को भारत में तीर्थ यात्रा के दौरान कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि मैं अपने समाजवादी साथियों से भी कहुंगा कि वे अपने क्षेत्रों में आप सबका स्वागत करें व किसी असुविधा की स्थिति में आप सबका सहयोग करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वे इसके लिए यूपी के योगी सरकार से भी बात करेंगे। कार्यक्रम को रवि दत्त मिश्रा, राधा रमण त्रिपाठी, अनुपम शुक्ला आदि ने भी संबोधित करते हुए नेपाली तीर्थ यात्रियों के धर्म यात्रा की कामना की। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व चेयरमैन राम नरेश उपाध्याय ने सभी आगुंतकों का धन्यवाद ज्ञापित कर नेपाली तीर्थ यात्रियों के सफल यात्रा कि कामना की।

# ट्राली ट्रैक्टर के नीचे आने से एक ग्यारह वर्षीय बालक की मौत

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी।** बांसी कोतवाली क्षेत्र के देऊरगावा गांव के उत्तर तरफ शनिवार दोपहर में ट्राली ट्रैक्टर के नीचे आने से एक ग्यारह वर्षीय बालक की मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोटिया गांव निवासी मंजीत (11) पुत्र गजेंद्र शनिवार दोपहर में साइकिल से खेत में धान कटवा रही अपनी माँ के लिए घर से खाना लेकर जा रहा था। अभी वह अपने घर से महज सौ मीटर की दूरी पर देऊरगावा गांव के उत्तर मोड पर पहुंचा ही था कि पीछे से धान लदी ट्रैक्टर ट्राली ने साइकिल मे ठोकर मार दिया। जिससे मंजीत ट्राली की पहिया के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची बांसी पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक मंजीत के पिता गजेंद्र रोजी रोजगार के सिलसिले में चेन्नई रहते हैं। माँ ही घर पर रहकर खेती बाड़ी का काम देखते हैं। मृतक मंजीत अपने पिता गजेंद्र के पांच संतानो मे तीसरे नंबर का था। गजेंद्र के पास चार बेटी एक बेटा था। इस घटना से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ रही है। इस संबंध में बांसी कोतवाली प्रभारी रामकृपाल शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्राली ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## सामूहिक कलम दवात की पूजा आज

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला मुख्यालय के स्वामी विवेकानंद मार्ग खजुरिया स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर में रविवार को दोपहर एक बजे कलम दवात की सामूहिक पूजन कार्यक्रम आयोजित है। यह जानकारी श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति के अध्यक्ष देवानंद श्रीवास्तव ने दी। सामूहिक पूजन कार्यक्रम में कायस्थ समाज के लोगों से परिवार सहित सहभागिता करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## बीडीओ, ब्लाक प्रमुख ने गौशाला में किया गौवंश का पूजा



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुसनहा व पोखरभिटवा मे गोवर्धन पूजा के दिन ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह व खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता और सचिव दिलीप पटेल, रविन्द्र कुमार जाटव की मौजूदगी में गौशाला पर शनिवार को पहुंच कर गया को माला पहनाकर गया का पूजा विधि विधान से किया गया। पूजा के बाद गौशाला मे मौजूद गाय को केला व गुण भी खिलाया गया। ब्लाक प्रमुख ने कहा की गौ पूजा से मन को शांति मिलती है इस लिए हम लोग गोवर्धन पूजा के दिन गौशाला पहुंच कर गया का पूजा कर रहे है। आप लोग गौवंश के खाने पीने पर विशेष ध्यान दे कोई भी चीज की जरूरत होती है तो सचिव व प्रधान से सम्पर्क करे। इस दौरान एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि राज कुमार, समाज सेवी शैलेश कुमार चौरसिया, प्रदीप कुमार, विजय कुमार व दो केयर टेकर गौशाला मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने कटेहरी के विभिन्न मतदान केन्द्रो का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 277 कटेहरी विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक आनंद कुमार शुक्ला, एसडीएम टांडा शशि शेखर, बीडीओ टांडा भी मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों का बारीकी से निरीक्षण कर चुनाव से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्राम अलनपुर, महेशपुर, अमीनपुर, माहवारी, ऐनवा खास आदि ग्रामों में बनाए गए मतदेय स्थलों पर स्थित सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित बीएलओ व अन्य संबंधित अधिकारियों को सभी मतदान केंद्रों पर शौचालय, बिजली-पानी व साफ सफाई आदि सहित निर्वाचन संबंधित समस्त आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। यदि किसी को कोई समस्या आती है तो वह समय रहते अपने नोडल अधिकारी या रिटर्निंग अधिकारी को अवगत कराए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने मतदान केंद्रों का जायजा लेकर पुलिस अधिकारियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत में चुनाव ड्यूटी में लगाए गए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक-दूसरे के साथ सहयोग की भावना से मा. निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने और निर्वाचन की समस्त प्रक्रियाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची को भी पढ़ा गया तथा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित भी किया गया।

## अपहरित छात्रा को पुलिस ने किया बरामद

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** हरियाणा के फरीदाबाद में पिता के साथ रह कर पढ़ाई कर रही नाबालिग छात्रा का जलालपुर के युवक द्वारा अपहरण करने के मामले में जलालपुर पुलिस ने किशोरी को पखवारा भर बाद बरामद कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित मां ने शिकायत किया था कि उस की 16 वर्षीय पुत्री हरियाणा के फरीदाबाद में अपने पिता के साथ रह कर पढ़ाई करती थी। पड़ोस में ही जलालपुर के बसिया गांव का रहने वाला सौरभ उस के घर आता जाता था। इस बीच सौरभ बीते 18 सितंबर को उस की नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर कहीं लेकर भाग गया। पुत्री को भगाने में सौरभ का भाई शुभम, बहन शशि व उस के माता पिता भी शामिल हैं। शिकायत पर पुलिस ने एसपी के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध अपहरण समेत अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया था। जिस क्रम में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई जारी है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनी



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** गुरुवार को देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी एवं जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने सरदार पटेल के देशभक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति की प्रशंसा की, साथ ही उनकी स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई अहम भूमिका को याद किया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्र भारत के निर्माण में पटेल जी की भूमिका अविस्मरणीय है, इसलिए भाजपा सरकार हर वर्ष उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाती है। सरदार पटेल कहते थे आपकी अच्छाई आपके मार्ग में बाधक है, इसलिए अपनी आंखों को क्रोध से लाल होने दीजिए और अन्याय का सामना मजबूत हाथों से कीजिए। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा राष्ट्रीय एकता किसी भी देश की शक्ति और विकास का मूल स्तंभ होती है। भारत विविधताओं का देश है और हमें एकजुट होकर अपने देश और विदेश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने सरदार पटेल के योगदान को नमन किया। इस मौके पर अमृत कुमार वर्मा, अखण्ड प्रताप सिंह, राजकुमार शुक्ल, शैलेन्द्र दुबे, रघुवर पाण्डेय, गौरव अग्रवाल, ओमकार चौधरी, अमित गुप्ता, प्रदीप चौधरी, मनोज रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## गौवंश की विधि विधान से पूजा किया गया

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर द्वारा गौ आश्रय स्थल कान्हा गौशाला, राजेंद्र नगर वार्ड, नगर पंचायत, उसका बाजार में गौवंश की विधि विधान से पूजा किया गया। जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 द्वारा कान्हा गौशाला, उसका बाजार मे गाय की बछिया को गुण खिला कर तथा माला पहनाया गया। नगर पंचायत प्रतिनिधि उसका बाजार हेमंत जयसवाल द्वारा भी गाय की बछिया को गुण खिलाया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगो से कहा कि आप लोग गौवंश के खान पान एवं अन्य व्यवस्था का ध्यान रखे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवन लाल, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उसका बाजार अभिनव श्रीवास्तव, व अन्य अधिकारी आदि उपस्थित थे।



## गोवर्धन पर्व पर आश्रय स्थलो में पूजे गए बेसहारा पशु



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के गो-आश्रय स्थल शिवपुर पर गोवर्धन पर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वैदिक मंत्रोचार द्वारा बेसहारा पशुओं का पूजा अर्चन कर मीठा व फल खिला कर कर्मचारियों को गो संरक्षण की शपथ दिलाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे व एडीओ पंचायत सुवाष चंद्र ने विधि विधान से पूजा कर पशुओं को माला पहनाकर मीठा व फल खिलाकर जनमान के कल्याण की कामना की। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अनिल दुवे ने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म है। गो आश्रय स्थलो में खाने व रहने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिए। जो आज के दिन दिख रहा है। इसी तरह अनवरत चलता रहे। एड़ीओ पंचायत सुवाष चंद्र ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओ को गिनाया। ग्राम प्रधान घनश्याम व सचिव गोरख नाथ यादव ने अतिथियों का स्वागात कर आभार व्यक्त किया। गो-आश्रय स्थल उजियानपुर, सिकंदरपुर व कडजा अजमतपुर में भी गौ सेवा व पूजा अर्चन किया गया। डा फजील खान, विंदेश्वरी चौरसिया, ओमकार चौधरी, दीपक श्रीवास्तव, पंकज पांडेय, महेश कुमार, सुवाष चौधरी, रविंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## यातायात माह नवम्बर-2024 का शुभारम्भ हुआ



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** पुलिस लाईन उरई में यातायात माह नवम्बर-2024 के शुभारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सड़क पर वाहन चलाने से पहले यातायात नियमों का ज्ञान होना अतिआवश्यक है। यातायात नियमों का पालन करने से काफी हद तक सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। दुर्घटनाओं से बचने के लिये लोगों को यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है यातायात माह में आमजनमानस को जागरूक करें जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिये दोपहिया वाहनों पर हेलमेट अवश्य लगाकर चलें। बाइक पर तीन सवारी न बैठायें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट बांधे तथा नशे की हालत में गाड़ी कदापि न चलायें तथा ओवर स्पीड से बचें व अपनी साइड पर ही निर्धारित गति सीमा में वाहन चलायें वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का जीवन अमूल्य होता है इसे किसी भी प्रकार की लापरवाही करके खतरे में नहीं डालना चाहिए। प्रत्येक अभिभावक एवं माता-पिता द्वारा अपने बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने की शिक्षा अवश्य देनी चाहिए। प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई साथ ही लोगों को पंपलेट का वितरण कर यातायात के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी जालौन एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पदमश्री डॉ रामचेत चौधरी ने मियां साहब से की मुलाकात, पुष्पगुच्छ देकर कहा हैप्पी दीपावली

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** दीपावली के शुभ अवसर पर इमामबाड़ा इस्टेट के सज्दानशीन व सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्य एवं इंडो इंडो इस्लामिक कल्चरल फाऊंडेशन के उपाध्यक्ष सैय्यद अदनान फरूख शाह मियां साहब को पदम श्री डॉ रामचेत चौधरी और पार्षद धर्मशाला बाजार छठी लाल गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मियां साहब से मोहद्दीपुर स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें हैप्पी दीपावली कह कर दीवाली की मुबारकबाद पेश किया।

इस अवसर पर डॉ रामचेत चौधरी ने उन्हें एक विशेष प्रकार का पौधा भेंट किया जो वह विदेश से लेकर आये थे। उन्होंने कहा कि मियां साहब हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक हैं साथ ही साथ वह सदैव शहर में आपसी भाईचारे की बात करते हैं वहीं पार्षद धर्मशाला बाजार छठी लाल गुप्ता ने कहा कि छोटे मियां साहब सैय्यद अयान अली शाह जो पर्यावरण संरक्षण की बात करते हैं और मोहर्रम में भी और बाकी दिनों में भी वह लोगों से ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने की अपील करते हैं उनके सामाजिक कार्यो को देखते हुए। उन्हें भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक युवा समाजसेवी एवं शायर मिन्नत गोरखपुरी रहे जबकि इस अवसर पर विशेष रूप से युवा शायर डा.गौतम गोरखपुरी, फजल खान, इंजीनियर अहमद राजा, अख्तर अली, फुरकान अंसारी, उत्कर्ष शुक्ला, दिनेश पाठक, नवीन श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो बदमाशो पर किया गैंगगेस्टर की कार्रवाई

**गोरखपुर।** सहजनवा पुलिस ने गिरोह बना क्षेत्र में अपराध करने वाले दो बदमाशो के खिलाफ गैंगगेस्टार की कारवाई की है। 1 नवंबर को एसओ विशाल उपाध्याय हमराही बृजेश सिंह यादव, गोविंद यादव,विश्वनाथ संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले थे। तभी जानकारी मिली कि एक युवती को आटो से लाकर रानुखोर में दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त गिरोह बना कर क्षेत्र में अपराध करने में सक्रिय है। जिससे अवैध धन अर्जित कर रहे है। और इनके अपराध को देखते हुए जनता में भय व्याप्त है। इसके बाद पुलिस ने ताहिर अली उर्फ बबलू पुत्र मोहम्मद हसन निवासी ट्यूबल कालोनी मोती नगर थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीरनगर और रामकिशून उर्फ शिव शरण उर्फ़ नाटे उर्फ मोटे पुत्र राम आसरे निवासी पठान टोलाथाना कोतवाली खलीलाबाद जिला एसएनटी कबीरनगर के खिलाफ गैंगगेस्टर की कारवाई की है।

# बलिदानियों की याद में रोशनी से नहाया भीम सरोवर

## सीएम योगी ने जलाया पहला दीया, अमर बलिदानियों के चित्र पर किया पुष्पार्चन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** दीपावली के अगले दिन शुक्रवार को शहीदों की याद में गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित भीम सरोवर रोशनी से नहा उठा। यूं लगा मानो दीपकों की लौ देश के लिए प्राणों को न्योछावर कर देने वाले बलिदानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रही हो। मंदिर के भीम सरोवर क्षेत्र में पहला दीपक मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने प्रज्वलित किया और इसके बाद मुक्ताकाशी मंच पर अमर बलिदानियों के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

अवसर था शुक्रवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर परिसर में एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम का। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भीम सरोवर के समीप दीप जलाकर और मुक्ताकाशी मंच पर शहीदों के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए जाने के साथ ही परिसर 11000 दीपों की आभा से जगमग हो उठा। भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (भाई) की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रज्वलित दीयों की जगमग अद्भुत लग रही थी। दीपों के प्रज्वलित होने के बाद मंदिर परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष देशभक्ति और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर केंद्रित गीतों, नृत्य की प्रस्तुतियों ने जोश का संचार कर दिया। डॉ. राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शहीदों की याद में कार्यक्रम का शुभारम्भ संदीप पांडेय की टीम ने गणेश वंदना से की। तत्पश्चात् श्रुति कसौधन ने 'ऐ मेरे वतन के लोगों' की प्रस्तुति से पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

सात्विका ने बहुत ही भावपूर्ण देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। सारिका राय के निर्देशन में बच्चों द्वारा उत्कृष्ट देशभक्ति समूह नृत्य की प्रस्तुति की गई। वीर सेन सूफी द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत पर सभी लोग झूम उठे। विकास मिश्रा की भजन प्रस्तुति भी सराहनीय रही। संचालन शिवेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 'भाई' के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश श्रीवास्तव, संरक्षक ध्रुव श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, राकेश मोहन एवं पूनम सिंह द्वारा भगवान राम की प्रतिमा भेंट की गई।

# सीएम योगी ने की गोसेवा



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोसेवा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा है। इसी क्रम में शनिवार सुबह भी उन्होंने मंदिर की गोशाला में समय बिताया और गोसेवा की। मुख्यमंत्री ने गोवंश को गुड़ खिलाया और गोशाला के कार्यकर्ताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए। गोसेवा के दौरान उन्होंने सितंबर माह में आंध्र प्रदेश के येलेश्वरम स्थित गोशाला से गोरखनाथ मंदिर लाए गए नादिपथि मिनिएचर नस्ल (पुंगनूर नस्ल की नवोन्नत ब्रीड) के दो गोवंश भवानी और भोलू को खूब दुलारा। दक्षिण भारत से लाए गए गोवंश की इस जोड़ी (एक बछिया और एक बछड़ा) का नामकरण भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ही किया था। उन्होंने बछिया का नाम भवानी रखा है तो बछड़े का नाम भोलू। मुख्यमंत्री जब भी गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर होते हैं, भवानी और भोलू का हाल जरूर जानते हैं। सीएम योगी के दुलार और स्नेह से भवानी और भोलू भी उनसे पूरी तरह अपनत्व भाव से जुड़ गए हैं। शनिवार को गोशाला में सभी गोवंश की सेवा करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने भवानी और भोलू के साथ अतिरिक्त वक्त बिताया। उन्हें खूब दुलार कर, उनसे बातें कर, गुड़ और चारा खिलाया। सीएम योगी के स्नेह से ये गोवंश भाव विह्वल दिख रहे थे।

## चार नवम्बर को मजलिसे अज़ा का होगा आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी 4 नवम्बर को प्रातः 8 बजे सय्यैद मोहम्मद अली कर्बलाई इब्न सय्यद कौसर अली मरहूम की मजलिस-ए चेहल्लुम जाफराबाद स्थित फरीदपुर में आयोजित होगी। जिसकी पहली मजलिस को मौलाना सैयद गुलज़ार हुसैन जाफरी तारागढ़ अजमेर व दूसरी मजलिस को मौलाना मोहम्मद जाफर रिजवी आजमगढ़ खिताब करेंगे। मजलिस से पूर्व जोहैर अब्बास व उनके हमनवा मर्सिया ख्वानी व फरमान आब्दी गाजीपुर, चांद आज़मी, मेंहदी जलालपूरी पेश ख्वानी करेंगे। वहीं 4 नवम्बर को दिन में दो बजे उस्मानपुर स्थित बारगाह हुसैनी में कासिम रज़ा मरहूम की मजलिस-ए बरसी को मौलाना नामदार अब्बास रिज़वी खिताब करेंगे। मजलिस से पूर्व शायर पेश ख्वानी करेंगे।

## लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के कटका थाना इलाके के रफीगंज बाजार में गुरुवार देर शाम एक डीजल विक्रेता की दुकान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने तुरंत फायर बिग्रेड को सूचित किया। सूचना मिलने पर तीन फायर ब्रिगेड टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और दुकान में रखा डीजल, पेट्रोल तथा अन्य सामान जलकर खाक हो गया।दुकानदार रामजस ने बताया कि आग से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का पता अभी नहीं चल सका है, लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अज्ञात कारणों से लगी।

# तीसरी आर्थिक महाशक्ति होने का ताना-बाना

भारत ने चीन के साथ सीमाओं पर होने वाले युद्ध की आशंका को समाप्त करते हुए बातचीत से समझौते का सही रास्ता अख्तियार कर सीमांत मोर्चे पर बजट पर होने वाले चीन से युद्ध की आशंका पर खर्च को काफी हद तक बचा लिया है एवं एक मोर्चे से भारत अब निश्चिंत होकर अपनी आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है। यह तय है कि यदि चीन भारत से युद्ध नहीं कर सकता तो पाकिस्तान की इतनी हैसियत नहीं है कि वह चीन के बिना भारत से युद्ध करने की कभी कल्पना भी कर सके । इन परिस्थितियों में भारतीय अर्थशास्त्रियों का अनुमान है की भारत अब विश्व की तीसरी महाशक्ति बनने से काफी नजदीक पहुंच जाएगा और अमेरिका ब्रिटेन फ्रांस कनाडा जैसे देश जो भारत की प्रगति को बहुत ज्यादा पसंद नहीं करते हैं को भारत चीन के इस समझौते से बड़ा झटका ही लगा है। निश्चित तौर पर ये अंग्रेज देश नहीं जाएंगे कि भारत उनकी बराबरी के साथ खड़े होकर आंखों में आंखें डाल कर बात करे सके। भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत आने वाले समय में एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आएगा। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है। मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया हैद्य अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था। पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ हैद्य आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया ,यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ हैद्य

पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 140 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया हैद्य विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो।

# पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण से होता बुरा हाल


संजीव ठाकुर

**दीपावली के बाद बड़े मेट्रोपॉलिटन शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे शहरों में पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण का स्तर काफी ऊंचा हो गया है। मेरा कतई यह आशय नहीं है कि हमें दीपावली नहीं माननी चाहिए जरूर माननी चाहिए, जोर जोर से मनानी चाहिए एवं संपूर्ण धार्मिकता तथा आस्था के साथ बनाना चाहिए। दीपावली मुख्यतः दीपों और रोशनी का का पवित्र त्यौहार है पर उसके दूसरे पहलू में अंधाधुंध पटाखे और बम फोड़ने से होते प्रदूषण पर भी हमें ध्यान रखना होगा एवं इसके उपचार के लिए सदैव प्रयासरत भी होना होगा। दिल्ली वैसे भी देश और दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जाता है इसके बाद कोलकाता तथा मुंबई का नंबर भी आता है पटना शहर की जनसंख्या एवं घरों की बसाहट अधिक होने से वाहन प्रदूषण की स्थिति अत्यंत कमजोर है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा की भारत जैसे विकासशील देश को नितांत आवश्यकता है। जहां देश के वार्षिक बजट का बड़ा हिस्सा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु खर्च किया जाता है।**

अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर हैद्य इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं। दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं। अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है। वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी है।



इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता है। खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी है। अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही है। विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता है। शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना है। यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगा। टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगी। पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगा। इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं है। पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगीद्य इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता है। इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहीं निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया है। प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता है। यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगेद्य आर्थिक विकास के वर्तमान संदर्भ को देखें तो यह बात बड़ी विचित्र किंतु सत्य प्रतीत होती है कि जब एक समुदाय को कुर्बान करने के लिए दूसरे समुदाय को लाभ पहुंचाया जाता है आर्थिक विकास के लिए योजनाएं कहीं बनती हैं, विस्थापित लोग कहीं और होते हैं।

# भाई बहन का अटूट स्नेहिल पर्व भाई दूज


सुरेश सिंह बैस शाश्वत

"भाई दूज एक पावन पर्व होने के साथ ही सात्विक स्नेह का प्रतीक भी है। भाई-बहन के अटूट रिश्ते का तथा उस रिश्ते के निर्वहन का पर्व है। बहिन चाहे कहीं भी हो, भाई के लिये उसके हृदय से सदा दुआएं ही निकलती हैं। हर बहिन को अपना भाई बहुत प्यारा होता है। हमारे देश में मनाये जाने वाले प्रत्येक पर्वो की तरह भाई दूज की भी अपनी पौराणिक मान्यता है। यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह पर्व भारत में सर्वत्र भाई-बहन के त्यौहार के रूप में प्रतिष्ठित हैं, और इससे जुड़ी विभिन्न मान्यताएं परिवेश के अनुसार भिन्न-भिन्न रीति-रिवाज भी हैं। ऐसा माना जाता है कि इस पर्व का प्रारंभ भगवान सूर्य के पुत्र-पुत्री यम-यमुना (भाई-बहन) के प्रेम से हुआ है। एक बार यम ने किसी बात पर क्रोधित होकर अपनी सौतेली मां छाया को लात मार दिया तब छाया ने उन्हे मृत्युलोक में रहने का शाप दे दिया।



फलतः यम को मृत्युलोक के शासन की बागडोर संभालनी पड़ी। पुत्री यमुना को भी सूर्य (पिता) ने तीनों लोकों के कल्याण हेतु पृथ्वी पर भेज दिया! पिता के आदेशानुसार यमुना अपने एक अंश से नदी बनकर कालिंदी पर्वत से धारा के रुप में उतरकर धरती पर आई, और यमुना कहलाई! एक दिन यमुना को उदास देखकर गंगा ने बहन से उसकी उदासी का कारण पूछा तो यमुना कहने लगी! क्या बताऊं बहन! मैं बड़ी अभागन हूँ, पिछले कई वर्षो से मैं अपने भ्राता यम से नहीं मिल पाई हूँ।

लगता है भईया यम ने मुझे बिलकुल ही भुला दिया है। तब गंगा उसे धैर्य बंधाते हुए कहती है-तुम आज ही अपने भाई को याद कर घर के बाहर तेल का एक चौमुखी दीपक प्रज्जवलित करो, जिससे चतुर्दिक फैलता यह प्रकाश यम को तुम्हारे पास आने के लिये आमंत्रित करेगा, और चार दिन के भीतर ही यम तुमसे मिलने के लिये आएंगे। तुम उनके स्वागत पूजा के लिये स्वादिष्ट व्यंजनों सहित तत्पर रहकर दरवाजे पर उसकी प्रतीक्षा करो! यह कहकर गंगा यमराज (धर्मराज) को बुलाने यमलोक चली गई! यमपुरी में यमराज अपने अनुचरों सहित कार्य में व्यस्त थे! अचानक गंगा को सामने देखकर उनके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा! उन्होंने गंगा का स्वागत सत्कार करते हुए, उनसे आगमन का प्रयोजन पूछा! तब गंगा ने यमुना की व्यथा का वर्णन यम से किया।

बहन यमी का नाम सुनते ही यमराज यमुना से मिलने को व्यग्र हो उठे। ग्लानि और भावुकता से उनके नयन सजल हो उठे और तुरंत गंगा के साथ चल पड़े। भ्राता यम को देखकर बहन यमुना की प्रसन्नता का पारावार नहीं रहा! खुशी से पागल बहन भाई को देखकर अपनी सुध-बुध ही खो बैठी! यमुना ने जैसे-तैसे भाई को बैठाकर उसका तिलक किया, आरती उतारी एवं स्वयं अपने हाथों से मिष्ठान्न खिलाकर भाई के दीर्घायु एव सुखमय जीवन की कामना की! बहन के प्रेम से प्रसन्न होकर यम ने बहन यमी को अनेक उपहार देते हुए कहा-बहिन आज तेरी जो इच्छा हो वह मांग ले! तब बहन ने कहा भईया आपके दर्शन मात्र से मेरी समस्त इच्छाएं तृप्त हो गई हैं।

मुझे किसी वस्तु की चाह नहीं रही, किंतु यदि देना चाहते हो तो प्रतिवर्ष इसी तिथि को आकर मुझे दर्शन दे दिया करो! यमराज ने तब कहा-वह तो मैंने तेरे मांगने से पहिले ही यह निश्चय कर लिया था बहिन, कि मैं वर्ष में सभी काम छोड़कर एक दिन तुम्हारे पास आया करूंगा! परंतु जब तक तुम अपनी इच्छा से कुछ नहीं मांगोगी तो मुझे संतोष नहीं होगा! इस पर यमुना ने संसार के सभी भाई-बहनों के लिये यमराज से वर मांगते हुए कहा- भईया मुझे यह वर दो कि जो भाई-बहन एक साथ आज के दिन मुझमें (यमुना) स्नानकर इस पर्व को मनायेंगे वह दीर्घजीवी व समृद्धशाली होगा! तथा संसार का जो कोई भी प्राणी मुझमें स्नान करेगा वह यमलोक नहीं जायेगा। यमराज ने बहन को यह वर देते हुए यमुना की महत्ता को बढ़ाया और कहा कि- आज से हर वर्ष कार्तिक शुक्ल द्वितीया को समस्त संसार हम भाई-बहन के इस मिलन को भैयादूज के रूप में मनाएगा!÷ अपने वचन के अनुसार आज भी प्रतिवर्ष यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने भाईदूज के दिन आते हैं। यमुना तट पर मथुरा में विश्राम घाट के किनारे यम-यमी का विशाल मंदिर है, जहां प्रतिवर्ष भाईदूज के दिन बहुत बड़ा मेला लगता है। यहां आकर असंख्य भाई-बहन यमुना स्नान कर भाईदूज का पर्व आस्था पूर्वक मनाते? हुए अपने दीर्घजीवी, समृद्धशाली होने के साथ ही इस नश्वर संसार से मुक्ति और बैकुण्ठधाम के लिये आश्वस्त होते हैं। आजकल जीवन में भौतिकता का समावेश कुछ अधिक हो जाने के कारण आत्मीय संबंधों में भावहीनता आती जा रही है। रिश्ते अब आत्मीय न होकर नाटकीय बनते जा रहे हैं, जिनमें भावनाओं का कोई महत्त्व नहीं रह गया। है। हमे चाहिये कि हम इस पावन पर्व की गरिमा को बनाए रखें ! भाई-बहन के अटूट रिश्ते को टूटने न दें। इस पवित्र रिश्ते पर औपचारिकता की परतें न चढ़ने दें। प्राचीन काल से लेकर आज तक भाईयों ने बहनों के लिये बड़े-बड़े त्याग किये हैं। भाईयों की गौरवशाली परंपरा और मिसाल रही है। भाईयों ने सदा ही बहनों की लाज रखी है, और बहनों ने भी भाई के लिये स्नेह को जीवन भर निभाया है। स्नेह के इस पर्व में धन-दौलत को न आने दें। यह स्नेह का नाजुक पर्व स्नेह से ही मजबूत होता है। और फिर इतना मजबूत होता है, कि तोड़े नहीं टूटता! आईये हम इसके अस्तित्व को शाश्वत करें।


# अनुभव मनुष्य के जीवन की बहुत बड़ी ताकत है


किशन सनमुखदास

मानवीय जीवन में प्रत्येक मनुष्य में अनुभव की ऐसी अनेक विशेषताएं पाई जाती है जिसके बल पर समाज राष्ट्र में उनका आंकलन सकारात्मक और नकारात्मक रूप से किया जाता है। मसलन, कोई मनुष्य इमानदार, महत्वकांक्षी, परोपकारी सेवाभावी अनुभवी इत्यादि सैकड़ों सकारात्मक विशेषताएं हो सकती है और अपराधी, गुस्सैल, चिड़चिड़ा बेईमान, चोर उचक्का, लफंगा इत्यादि सैकड़ों नकारात्मक विशेषताएं हो सकती है जिसके आधार पर समाज और राष्ट्र में उन व्यक्तियों के चरित्र का आंकलन कर उसे आगे बढ़ाया जाता है उसके आधार पर उसके भविष्य की सफ़लता, असफलता निश्चित होने में सहायक होती हैं। आज के आर्टिकल में हम इस एक बहुत बड़ी मानुषी ताकत अनुभव पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम सीनियर्स का अनुभव प्लस युवा कार्यबल इक्कल टू विज़न 2047 की करें तो दोनों के गठजोड़ से 2047 में भारत एक ऐसा देश होगा जो जीवन के हर पहलू में समृद्ध होगा। इसने खुद को वैश्विक नेता के रूप में बदलने के लिए प्रौद्योगिकी, नवाचार और शिक्षा की शक्ति का सफलतापूर्वक उपयोग किया होगा। सरकार अपने नागरिकों की जरूरतों को पूरा करने में सक्रिय होगी और ऐसी नीतियों को लागू करेगी जो आबादी की समग्र भलाई सुनिश्चित करती हैं। 2047 में भारत की सबसे खास विशेषताओं में से एक बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा। देश में सड़कों, रेलवे और हवाई अड्डों का एक अच्छा जुड़ा हुआ नेटवर्क होगा, जिससे लोगों के लिए देश-विदेश में यात्रा करना आसान हो जाएगा। सरकार ने स्मार्ट शहरों के विकास में भी भारी निवेश किया होगा, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन शहरों को ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा, जिससे वे रहने और काम करने के लिए आदर्श स्थान बनेंगे।2047 में भारत की सबसे खास विशेषताओं में से एक बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा। देश में सड़कों, रेलवे और हवाई अड्डों का एक अच्छा जुड़ा हुआ नेटवर्क होगा, जिससे लोगों के लिए देश-विदेश में यात्रा करना आसान हो जाएगा। सरकार ने स्मार्ट शहरों के विकास में भी भारी निवेश किया होगा, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन शहरों को ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जाएगा, जिससे वे रहने और काम करने के लिए आदर्श स्थान बनेंगे।अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के संदर्भ में, 2047 में भारत वैश्विक समुदाय का एक सम्मानित सदस्य होगा। देश के कई देशों के साथ मजबूत राजनयिक संबंध होंगे और वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में एक प्रमुख खिलाड़ी होगा। इसने जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी प्रमुख वैश्विक चुनौतियों को संबोधित करने और उनसे निपटने में भी अग्रणी भूमिका निभाई होगी। यह इन दबावपूर्ण मुद्दों का समाधान खोजने के लिए अन्य देशों के साथ मिलकर काम करेगा। 2047 में भारत एक ऐसा देश होगा जो संभावनाओं से भरा होगा और 21वीं सदी में वैश्विक नेता बनने की क्षमता रखेगा। यह एक ऐसा राष्ट्र होगा जिसने अपने विकास और वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी, नवाचार और शिक्षा को अपनाया है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में होगा। साथियों बात अगर हम अनुभव जिंदगी से कमाया हुआ फल की करे तो, अनुभव का विशेष स्थान है। यह अनुभव सामान्य हों या महत्वपूर्ण सभी इंसानों के जीवन में महत्व रखता है। इनसे हानि का कोई आधार नहीं होता। बल्कि इनसे तो जीवन निखरता है। यदि हम वास्तविकता में अपना मूल्य बढ़ाना चाहते है और अपनेजीवन की सफ़लता सुनिश्चित करना चाहते है, तो अपने अनुभवों से सीख़ लेना अभी से शुरू कर दें।

# भाई-बहन के जीवन में सुरक्षा एवं सुख की कामना का पर्व


ललित गर्ग

**भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। जिस तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था, उस तिथि के दिन जो भाई अपनी बहन के हाथ का उत्तम भोजन करता है उसे उत्तम भोजन समेत धन, सुख एवं खुशहाल जीवन की प्राप्ति भी होती रहती है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह, प्रेम, आत्मीयता का द्योतक है। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन एवं तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो। इस दिन भाई को अपने घर पाकर बहन अत्यन्त प्रसन्न होती है अथवा किसी कारण से भाई नहीं आ पाता तो स्वयं उसके घर चली जाती है।**

भाई दूज हिन्दू समाज में भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का प्रतीक पर्व है, बहन के द्वारा भाई की रक्षा के लिये मनाये जाने वाले इस पर्व को हिन्दू समुदाय के सभी वर्ग के लोग हर्ष उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व पर जहां बहनें अपने भाई को टीका लगाकर उनके जीवन रक्षा, दीर्घायु व सुख समृद्धि की कामना करती हैं तो वहीं भाई भी सगुन के रूप में अपनी बहन को उपहार स्वरूप कुछ भेंट देने से नहीं चूकते। हिन्दू धर्म एवं परम्परा में पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इन्हीं त्यौहारों में भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को दर्शाता यह एक अनूठा त्यौहार है। भैया दूज यानी भाई-बहन के प्यार का पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के टीका लगाने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है। इस पर्व से भाई-बहन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है। भाई और बहन के रिश्ते को यह फौलाद-सी मजबूती देने वाला है। आदर्शों की ऊंची मीनार है। सांस्कृतिक परंपराओं की अद्वितीय कड़ी है। रीति-रिवाजों का अति सम्मान है।



इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर उत्तम भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनें टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं। इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती हैं। उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे-धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए मंत्र बोलती हैं कि 'गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़े'। एक और मंत्र है- 'सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे' इस तरह के मंत्र इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु भी काट ले तो यमराज भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। कहीं-कहीं इस दिन बहनें भाई के सिर पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारती हैं और फिर हथेली में कलावा बांधती हैं। भाई का मुंह मीठा करने के लिए उन्हें माखन मिस्री खिलाती हैं। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं। इस दिन एक विशेष समुदाय की औरतें अपने आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा करती है। स्वर्ग में धर्मराज का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का पूजन सामूहिक रूप से तस्वीरों अथवा मूर्तियों के माध्यम किया जाता हैं। वे इस दिन कारोबारी बहीखातों की पूजा भी करते हैं। ऐसी भी मान्यता है कि यदि बहन अपने हाथ से भाई को भोजन कराये तो भाई की उम्र बढ़ती है और जीवन के कष्ट दूर होते हैं। इस दिन बहनें भाइयों को चावल खिलाती है। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है। भैया दूज भारत में कई जगह अलग-अलग नामों के साथ मनाई जाती है। बिहार में भिन्न रूप में मनाया जाता है, जहां बहनें भाईयों को खूब कोसती हैं फिर अपनी जबान पर कांटा चुभाती हैं और क्षमा मांगती हैं। भाई अपनी बहन को आशीष देते हैं और उनके मंगल के लिए प्रार्थना करते हैं। गुजरात में यह भाई बीज के रूप में तिलक और आरती की पारंपरिक रस्म के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र और गोवा के मराठी भाषी समुदाय के लोग भी इसे भाई बीज के तौर पर मनाते हैं। यहां बहने फर्श पर एक चौकोर आकार बनाती हैं, जिसमें भाई करीथ नाम का कड़वा फल खाने के बाद बैठता है। भैया दूज के बहाने स्वजनों और भाइयों से भेंट की भावना छिपी होती थी। सभी शादीशुदा लड़कियां अपने ससुराल में भाई को बुलाती है और खूब सत्कार करती है। भैया दूज के बारे में प्रचलित कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब उसमें प्रदर्शन का घुन लग गया है। पर्व को सादगी से मनाने की बजाय बहनें अपनी सज-धज की चिंता और तिलक के बहाने कुछ मिलने के लालच में ज्यादा लगी रहती हैं। भाई भी उसकी रक्षा और संकट हरने की प्रतिज्ञा लेने की बजाय जेब हल्की कर इतिश्री समझ लेता है। अब भैया दूज में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधे भैया दूज पर्व का सम्मान करने की।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# फिश स्पा के नुकसान



लोग सुंदर दिखने और रिलैक्सेशन के लिए फिश स्पा का इस्तेमाल करते हैं। यह एक तरह का ब्यूटी ट्रीटमेंट है। पैरों की स्किन को खूबसूरत और सुंदर बनाने के लिए फिश स्पा का सहारा लेते हैं। इसके लिए आपको पानी से भरे टैंक में पैर डालकर बैठना होता है। उस टैंक में मछलियां मौजूद होती हैं। यह मछलियां आपके पैरों की डेड स्किन को खा जाती हैं। साथ ही इससे आपकी स्किन सॉफ्ट और एक्सफोलिएट करने का काम करती है। लेकिन कहा जाता है कि फिश स्पा से आपको कई गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। आि इस स्पा को कराने से कई स्किन संबंधी गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। आज के समय में लोग खूबसूरत दिखने के लिए तमाम तरह के ब्यूटी और स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। वहीं सुंदर दिखने के लिए लोग तमाम तरह की ब्यूटी ट्रीटमेंट का सहारा भी लेते हैं। परफेक्ट लुक पाने के लिए लोग ब्यूटी ट्रीटमेंट पर काफी रुपए खर्च कर देते हैं। पार्लर में फेशियल, वैक्सिंग से लेकर पेडिक्योर जैसे कई ब्यूटी ट्रीटमेंट कराई जाती है। आजकल के समय में फिश पेडिक्योर या फिश स्पा बहुत तेजी से पॉपुलर हो रहा है। मॉल से लेकर स्पा तक हर जगह फिश पेडिक्योर या फिश स्पा का ऑप्शन दिख जाएगा। हालांकि कई देशों में फिश स्पा को बैन कर दिया गया है। बता दें कि फिश पेडिक्योर एक मसाज है। इस मसाज को लेकर कहा जाता है कि यह आपको मानसिक रूप से सुकून देने का काम करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिश स्पा से आपको कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

### इन बीमारियों का खतरा

फिश स्पा कराने से आपको एक्जिमा, सोरायसिस और एड्स जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा होता है। क्योंकि इन बीमारियों से संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद अगर मछलियां आपको काटती हैं, तो इसकी वजह से आपको भी इन गंभीर बीमारियों से संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है।

### स्किन इन्फेक्शन

फिश स्पा लेने से स्किन इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। टैंक में मौजूद मछलियों के साथ तमाम तरह के बैक्टीरिया भी पाए जाते हैं। ऐसे में जब आप इन बैक्टीरिया के संपर्क में आते हैं तो आपको भी स्किन इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। इसी वजह से अमेरिका से लेकर कनाडा तक दुनिया के कई देशों में फिश स्पा को बैन कर दिया गया है।

### खराब हो सकती है स्किन टोन

फिश स्पा से आपकी स्किन टोन भी खराब हो सकती हैं। क्योंकि सही तरह से पेडिक्योर ना होने की वजह से आपकी स्किन रफ हो जाती है। जिसके कारण आपको स्किन बंपी और अनइवेन का खतरा हो सकता है।

### खराब हो सकते हैं नाखून

फिश स्पा के द्वारा आपके अंगूठे और नाखूनों को भी नुकसान पहुंच सकता है। क्योंकि टैंक में मौजूद मछलियां कई बार आपके नाखूनों को बाइट कर लेती हैं। जिसके कारण आपके नाखून खराब हो सकते हैं।

# घर की साफ-सफाई में आ रही है मुश्किल, तो अपनाएं ये ट्रिक्स, जिद्दी दाग-धब्बे होंगे गायब



घर की साफ-सफाई के लिए क्लीनर की जरूरत होती है। ऐसे में आप सिरका और बेकिंग सोडा की मदद से घर पर ही क्लीनर बना सकती हैं। क्लीनर को बनाने के लिए सबसे पहले आपको एक गिलास पानी गर्म करना है। फिर उसमें 1-2 चम्मच बेकिंग सोडा मिक्स कर दें और 3-4 चम्मच सिरका मिला दें। इस तरह से आपका क्लीनर बनकर तैयार हो जाएगा। डस्टिंग के बाद इस लिक्विड से आप आसानी से जिद्दी दाग साफ कर सकती हैं। घर को गंदा देख लगभग हर व्यक्ति के मन में यही सवाल आता है कि घर की साफ-सफाई कैसे की जाए। क्योंकि कई बार हम सभी के पास ऑफिस या अन्य कई ऐसे ढेर सारे काम होते हैं। जिसके कारण रोजाना घर की साफ-सफाई करना संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में अगर आप भी इसी समस्या के परेशान हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गंदे घर को आसानी से साफ करने के कुछ आसान से हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। गंदे घर को साफ करने के लिए जरूरी है कि आप बिना ब्रेक लिए पूरे घर को एक साथ चमका दें। जैसे अगर आपने साफ-सफाई की शुरूआत पहले कमरे से की है, तो एक्स्ट्रा सामान को निकालकर एक कोने में एकत्र कर दें। इसके बाद बेडशीट बिछाकर पूरे घर में डस्टिंग और पोछा मार दें। इस ट्रिक्स से आप पूरे घर को आसानी से साफ कर सकती हैं।

### घर को जल्दी साफ करने की ट्रिक

घर को जल्दी साफ करने के लिए जरूरी है कि आप हर काम को रोजाना ना करें। जैसे अगर एक दिन आपने डस्टिंग की है, तो दूसरे दिन कवर्स बदल दें। ऐसा करने से आपकी साफ-सफाई का काम भी आसानी से हो जाएगा। साथ ही घर भी चमक जाएगा। हालांकि जरूरी नहीं है कि घर की सफाई के सभी स्टेप को रोजाना फॉलो किया जाए।

### ऐसे करें बाथरूम की सफाई

घर के साथ-साथ बाथरूम की साफ-सफाई भी काफी ज्यादा जरूरी होती है। ऐसे में आप क्लीनर से ही बाथरूम को भी साफ करें। बता दें कि बाथरूम के टाइल्स डिटर्जेंट से काफी जल्दी साफ हो जाते हैं। बाथरूम की साफ-सफाई के बाद पूरे बाथरूम को वाइपर की मदद से सुखा दें।

### घर को सजाने का है शौक तो ऐसे करें पुरानी मैगजीन का इस्तेमाल

हम सभी के घरों में कई ऐसे सामान होते हैं, जिनका इस्तेमाल काफी कम होता है। कई बार सामान को बेकार समझ कर हम कबाड़ में दे देते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि इन सामानों को आप रियूज भी कर सकती हैं। आज के समय में हर घर में मैगजीन आती है। ऐसे में अगर आप पुरानी मैगजीन को फेंक देती हैं, तो इसका अगली बार से इसका इस्तेमाल आप घर के डेकोर आइटम को बनाने में भी कर सकती हैं। इससे आप अपने पंसद की चीजों को बनाकर अपने घर को सजा सकती हैं।

### वॉल डेकोर आइटम करें

अगर आप भी अपने घर की दीवारों को अलग तरीके से डेकोरेट करना चाहती हैं, तो मैगजीन से आप वॉल डेकोर आइटम बना सकती हैं। इससे आप वॉल हैंगिंग बना सकती हैं या फिर वॉल को डेकोरेट करने के लिए अलग-अलग डिजाइन बना सकती हैं। इसके लिए आपको पुराने मैगजीन, पेंट,



ग्लू और छोटे-बड़े मिरर चाहिए।

### ऐसे बनाएं वॉल डेकोर

सबसे पहले कई सारी मैगजीन इकठ्ठा कर लें। अब इसके पेपर को फोल्डर से अलग कर लें। इसके बाद इन्हें लंबा-लंबा रोल करें। फिर इसको स्क्वेयर के शेप में फोल्ड करें। अब ग्लू की मदद से इनको पेस्ट कर पूरा स्क्वायर बंच बनाकर तैयार कर लें। इसमें बड़ा और फिर सारे थोड़े छोटे-छोटे बनाएं। इसके बाद इसको पेंट कर इसमें ग्लू की मदद से मिरर लगाएं। आप चाहें तो डोरी से इन्हें एक साथ जोड़ सकती हैं। इसके अलावा इसमें मोती भी डाल सकती हैं। अब गांठ बांधें और इस तरह से आपका वॉल डेकोर बनकर तैयार हो जाएगा।

फोटो फ्रेम बनाएं

अगर आपको भी अपने घर को फोटो से सजाने का शौक है तो घर पर रखी पुरानी मैगजीन का इस्तेमाल कर फोटो फ्रेम बना सकती हैं। इसको बनाने में आपको कम पैसा खर्च करना पड़ेगा और आप अपनी पसंदीदा फ्रेम रेडी कर पाएंगी। अगर आपको घर पर फोटो लगाने का शौक है तो इसके लिए आप घर पर ही रखी पुरानी मैगजीन का इस्तेमाल करके फोटो फ्रेम तैयार कर सकती हैं। इसे बनाने में आपको पैसा भी कम खर्च करना पड़ेगा। इसी के साथ आप अपनी पसंद का फ्रेम रेडी कर पाएंगी।

# बिना किसी टूल और केमिकल के करें बालों को नेचुरली स्ट्रेट, अपनाएं ये घरेलू नुस्खा



घुंघराले बाल देखने में काफी ज्यादा सुंदर लगते हैं, लेकिन इन्हें स्टाइल करना उतना ही मुश्किल होता है। ऐसे में जिन लोगों के बाद घुंघराले होते हैं, उनकी यह ख्वाहिश होती है कि काश उनके बाल भी स्ट्रेट होते। इसलिए बालों को स्ट्रेट करने के लिए वह हीट टूल्स का भी इस्तेमाल करती हैं। जिसके कारण बाल बेजान होने लगते हैं। ऐसे में अगर आपके बाल भी घुंघराले हैं और आप बालों को स्ट्रेट करना चाहती हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है।

### बेहद कारगर है यह नुस्खा

नारियल का दूध- 1 कप
नींबू का रस- 2 चम्मच
क्या करें

बता दें कि 1 कप नारियल के दूध में 2 चम्मच नींबू का रस मिक्स कर लें। फिर करीब 30 मिनट के लिए इसे फ्रिज में स्टोर कर दें। फ्रिज में रखने पर यह थोड़ा गाढ़ा हो जाएगा। इसके बाद इसे मिक्सी में डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। अब इसे स्प्रे बोतल में रखकर बालों पर अप्लाई करें। इससे आपके बाल स्ट्रेट होंगे।

### ऐसे करें इस्तेमाल

**हेयर वॉश करें-** बालों को धोने से पहले नारियल का दूध अप्लाई करें। लेकिन ध्यान रखें कि बालों को धोने के लिए शैंपू का इस्तेमाल नहीं करना है। आप सादे पानी से ही बालों को साफ करें।

### बालों को सुखाएं

इसके बाद बालों के सुखाना ना भूलें। लेकिन बालों को सुखाने के लिए ब्लो ड्रायर की जगह सिर्फ तौलिए का इस्तेमाल करें।

### बालों में ऐसे लगाएं नारियल का दूध

इसके बाद नारियल का दूध और शहद से बना स्प्रे बालों में अप्लाई करें। बालों की जड़ों से लेकर स्कैल्प तक स्प्रे करें।

### जरूर करें हेयर मसाज

बालों में स्प्रे करने के बाद हेयर मसाज करना ना भूलें। फिंगरटिप से स्कैल्प को रब करते हुए करीब 5-7 मिनट तक बालों को मसाज दें। ऐसा करने से आपको रिलैक्स फील होने के साथ ही स्प्रे भी पूरे बालों में लग जाएगा। इसके बाद इस पेस्ट को 30 मिनट तक लगाए रहें। हालांकि इस दौरान आप किसी कैप आदि से अपने बालों को जरूर कवर कर लें। स्प्रे करने के बाद जब आपके बाल सूख जाएं, तो बालों को दोबारा धोएं। इस दौरान किसी हार्श केमिकल से बने शैंपू का इस्तेमाल की जगह सल्फेट फ्री शैंपू से ही बालों को धोएं। बालों को अच्छे से धोएं, ताकि नारियल के दूध की बदबू चली जाए। हेयर वॉश करने के बाद कंडीशनर अप्लाई करें। फिर बालों को नेचुरली सूखने दें। आप पाएंगी कि आपके बाल काफी हद तक स्ट्रेट हो गए हैं। अगर आप डैंड्रफ की समस्या से जूझ रही हैं, तो बालों में नींबू का रस अप्लाई करें, इससे आपको फायदा मिलेगा। बता दें कि नारियल के दूध में फैटी एसिट मौजूद होता है। जो ड्राई बालों को मॉइश्चराइज करता है। हेयर ब्रेकेज को रोकने के लिए भी आप नारियल के दूध का उपयोग कर सकती हैं।

### सनबर्न का इलाज करते समय ना करें ये गलतियां

सनबर्न से बचने के लिए हम सभी सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं। घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन अवश्य लगाते हैं। लेकिन हम तेज धूप में होते हैं या फिर बहुत अधिक लंबे समय तक बाहर रहते हैं तो ऐसे में सनबर्न हो जाता है। सनबर्न के कारण स्किन में जलन, रेडनेस व इरिटेशन हो सकती है। इस जलन का इलाज करने के लिए हम कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन इस दौरान कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं। यह सच है कि धूप से झुलसी स्किन के लिए उसे मॉइश्चराइज करना जरूरी है। कई बार हम अपनी स्किन को मॉइश्चराइज करने के लिए पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसका इस्तेमाल करना अच्छा नहीं माना जाता है। इससे आपकी जलन बद से बदतर हो सकती है। इसलिए, कोशिश करें कि आप पेट्रोलियम जेली की जगह वाटर बेस्ड या एलोवेरा-बेस्ड मॉइश्चराइज़र का इस्तेमाल करें।

### गर्म पानी से नहाना

अगर आप सनबर्न की समस्या का सामना कर रहे हैं तो ऐसे में आपको बिल्कुल भी गर्म पानी से नहीं नहाना चाहिए। अगर आप गलती से ऐसा करते हैं तो इससे सनबर्न से जुड़ी सूजन और समस्या बढ़ सकती है। कोशिश करें कि आप अपनी स्किन को आराम देने के लिए गुनगुने या ठंडे पानी से स्नान करें।

### पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना

जब आपको सनबर्न हो जाता है तो उससे आपको डिहाइड्रेशन की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इस स्थिति में अगर आप पानी कम पीते हैं तो आपकी समस्या बद से बदतर हो सकती है। इसलिए, अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। यह आपको हाइड्रेटेड रहने में मदद करेगा।

# पुरुषों को भी कराना चाहिए मैनीक्योर-पैडीक्योर



बाहर के बढ़ते प्रदूषण और तेज धूप की वजह से स्किन डैमेज हो जाती है। महिलाएं बालों और त्वचा की देखभाल और उनसे संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए कई तरह के उपाय आजमाती हैं। साथ ही महिलाएं समय-समय पर मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से स्किन को एक्सफोलिएट कर स्किन की समस्याओं को दूर करती हैं। हालांकि अधिकतर पुरुष स्किन की देखभाल के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। ऐसे में पुरुषों के हाथ-पैरों की स्किन टैन और बेजान हो जाती है। इसलिए समय-समय पर पुरुषों को भी अपनी स्किन की देखभाल के लिए समय निकालना चाहिए। साथ ही पुरुषों को मैनीक्योर और पैडीक्योर कराना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पुरुषों के मैनीक्योर और पेडीक्योर कराने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### दूर होती है हाथ-पैरों की गंदगी

बता दें कि मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से हाथ-पैरों की उंगलियों और अंगूठे में जमने वाली गंदगी को दूर किया जा सकता है। इसके साथ ही हाथ-पैरों के डेड सेल्स को भी हटाया जा सकता है और हाथ-पैरों में बैक्टीरिया के कारण होने वाले इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है। मैनीक्योर और पैडीक्योर करने से आप अपने हाथ-पैरों को 10 से 15 मिनट तक हल्के गर्म पानी में रखें। इस पानी में आप लैवेंडर ऑयल भी मिला सकते हैं।

### हाथ और पैरों के नाखून की देखभाल

कई बार चोट लगने या किसी अन्य कारण से नाखून टूट जाते हैं। ऐसे में इनमें इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से आपके नाखून ट्रिम होते हैं और उनके टूटने की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाती है। कई बार नाखूनों को न काटने के कारण वह उंगली के अंदर ही बढ़ने लगते हैं। ऐसे में मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से आप नाखूनों की लंबाई अपने मुताबिक रख सकते हैं। ऑफिस में पुरुषों को अक्सर जूते पहनकर रहना पड़ता है। ऐसे में ज्यादातर समय तक जूते पहने रखने से पैरों की दुर्गंध आने लगती है। क्योंकि लंबे समय तक जूते पहने रहने से पैरों में बैक्टीरिया भी पनपने की संभावना ज्यादा होती है। पुरुषों के पैरों से आने वाली दुर्गंध को पेडीक्योर की मदद से कम किया जाता है। इसके साथ ही हाइजीन भी बनी रहती है।

### दूर होता है स्ट्रेस

पेडीक्योर करने के दौरान आपके पैरों के तलवों पर एक्यूप्रेशर होता है। जिसके कारण आपको तनाव और स्ट्रेस से दूर रहने में मदद मिलती है। पैडीक्योर से आप खुद को



फ्रेश फील करते हैं।

### स्किन में चमक आती है

मैनीक्योर और पेडीक्योर की मदद से आपके हाथ-पैरों के डेड सेल्स हटते हैं। इससे नई त्वचा आती है और स्किन की टैनिंग और कालापन दूर होता है। मैनीक्योर और पैडीक्योर की मदद से स्किन में चमक आती है। ऐसे में आप भी समय-समय पर मैनीक्योर व पैडीक्योर करवा सकते हैं।

# बादाम और शहद के फेस पैक से स्किन बनेगी हेल्दी और जवां

खूबसूरत और हेल्दी स्किन पाने के लिए रोजाना अपनी स्किन की देखभाल करता बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा स्किन को हेल्दी रखने के लिए कड़े कदम भी उठाने होते हैं। हालांकि हेल्दी स्किन पाने के लिए लोग स्किन ट्रीटमेंट का भी सहारा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि अपनी स्किन को हेल्दी बनाए रखने के लिए आपको बाहरी प्रोडक्ट्स की नहीं, बल्कि केवल बादाम और शहद की जरूरत होती है। तो आज इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किस तरह से बादाम और शहद से बने फेस पैक का इस्तेमाल कैसे करें और इससे आपकी स्किन को कैसे फायदा पहुंचेगा।

### बादाम को फेस पर लगाने के फायदे

बादाम को फेस पर लगाने से आपकी स्किन को नेचुरल ऑयल मिलता है। इसमें मौजूद तत्व स्किन को लचीला और जवां बनाए रखते हैं। फेस पर ग्लो लाने के लिए बादाम का तेल काफी ज्यादा फायदेमंद होता है।

### फेस पर शहद लगाने के फायदे

एक स्टडी के मुताबिक शहद स्किन को नैचुरली एक्सफोलिएट करने में फायदेमंद होता है। चेहरे में मौजूद पोर्स को शहद साफ करने में मदद करता है। स्किन को मुलायम करने में शहद काफी फायदेमंद साबित होता है। इसके अलावा शहद स्किन को मॉइस्चराइज करने में मददगार होता है।

# टूटती शादी को ठीक करने के टिप्स



खराब वैवाहिक रिश्ते को ठीक करने के बारे में सोचना सबसे पहला कदम है, जो आपने उठा लिया है। आपका ये कदम ये साबित करता है कि आप अपने सालों की मेहनत को यूहीं नहीं जाया करना चाहते हैं और रिश्ते को फिर से बनाने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। अब इस पहले कदम के बाद अगला कदम कार्रवाई करना है। नीचे कुछ तरीके बताए गए हैं, जो आपके खराब होते वैवाहिक रिश्ते सुधारने में मदद करेंगे- खुशियां और गम बांटना जरुरी- वैवाहिक रिश्ते खुशियों और दुखों से भरे होते हैं। इसलिए अपने पार्टनर के साथ दोनों चीजों को बराबर बांटने पर ध्यान दें। आज के समय में लगभग हर दूसरा वैवाहिक रिश्ता तनाव से गुजर रहा है। शादी के शुरुआती एक-दो साल तक चीजें ठीक रहती हैं। फिर पति-पत्नी के बीच बात बिगड़नी शुरू हो जाती है। ऐसा नहीं है कि पति-पत्नी अपने वैवाहिक रिश्ते को स्वस्थ रखने की कोशिश नहीं करते हैं। लेकिन कई बार परिस्थितियां ऐसी बन जाती है कि चाहकर भी वह उन्हें नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। वैवाहिक रिश्ते को अपनी नजरों के सामने खत्म होते देखना किसी के लिए आसान नहीं होता है। खासकर तब जब आपने इसे बनाने के लिए कई सालों का समय लगाया हो। शादी टूट जाने का ख्याल ही पति-पत्नी की रूह कपाने के लिए काफी होता है। एक असफल शादी सबसे खराब रिश्तो में गिनी जाती है। ये अपने पीछे दर्द और पीड़ा का निशान छोड़ जाती है। ऐसे में अगर आपको भी ऐसा एहसास हो रहा है कि आपकी शादी में सब कुछ टूट गया है तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुछ तरीके हैं, जो वैवाहिक रिश्ते में सबकुछ ठीक करने में आपकी मदद कर सकते हैं। आमतौर पर लोग अपने पार्टनर से सिर्फ और सिर्फ खुशहाली की उम्मीद करते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। शादीशुदा रिश्ता गम, लड़ाई-झगड़ों और तनावों से भरा होता है। लोगों को इन चीजों को भी बराबर बाँटने पर ध्यान देना चाहिए। ऐसा करने से शादीशुदा रिश्ते का तनाव काफी हद तक कम हो जाएगा।

### खुशी देने वाले विषय पर बातचीत करें

रिश्ते में तनाव चल रहा है तो अपने पार्टनर से उन चीजों पर बातचीत करने की कोशिश करें जो इसे कम करने में मदद करें। रोज फोन पर बात करें और दिनभर में जो अच्छा हुआ उसपर आपस में चर्चा करें। इसके अलावा अगर कोई खुशखबरी है तो सबसे पहले बिना वक्त गवाएं अपने पार्टनर के साथ इसे शेयर करें। अच्छी बातें साझा करने के नए तरीकों की खोज करें।

शादीशुदा रिश्तों में तनाव कई बार एक-दूसरे को समय नहीं देने की वजह से भी आ जाता है। इसलिए एक-दूसरे के लिए समय निकाले और वो चीज करें जो आप दोनों को अच्छी लगती हो। फिल्म देखना पसंद है तो मूवी डेट का प्लान बनाए।

# हजरत मुफ्ती अजमल शाह का 63 वॉ उर्स अजमली मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**सम्भल।** मरकज़ी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम के बानी (संस्थापक) हज़रत मुफ़्ती अजमल शाहका 63वाँ उर्से अजमली मनाया गया। शुरुआत क़ारी सलमान अशरफ़ी ने तिलावत से की, मौलाना सुलेमान अजमली ने हम्द व दिलकश अजमलीने नाते पाक पढ़ी। मौलाना शमशाद मिस्बाहीने अपना लेख पेश करते हुए कहा कि हज़रत मुफ़्ती अजमल शाह साहब ख़ानदानी आलिम थे, शाह साहब सिर्फ़ आलिम मुफ़्ती ही नहीं बल्कि बहुत अच्छे शायर भी थे, शायरी के फ़न से भली भांति वाकिफ़ थे। किसी को आपकी शायरी देखनी हो तो आपका दीवान इंतिख़ाबे अजमल उल उलमा पढ़े। मौलाना इमरान मंज़री ने अपने लेख में कहा कि मुफ़्ती अजमल शाह इल्मे हदीस के तमाम इल्म से आरास्ता थे, आप एक बहुत बड़े आलिम, मुफ़्ती, मुहद्दिस, फ़क़ीह थे। आप एक सच्चे मुबल्लिग थे।

मुफ़्ती हसीब अख़्तर ने अपने लेख में कहा कि आप हज़रत की रद्दे शहाबे साकिब पढ़िए कैसे आपने उठने वाले फ़ितनों का जवाब दिया है। मौलाना ख़्वाजा कलीम अशरफ़ सम्भली ने अपने लेख में कहा कि सम्भल में मज़हबी शख़्सियत पर कभी सेमिनार नहीं हुआ था, हमने 12 साल पहले 50 वें उर्से अजमली पर पहली मर्तबा अजमल उल उलमा सेमिनार किया, और यह तब से अब तक लगातार जारी है। मरकज़ी मदरसा का स्टाफ़ रेगुलर काम कर रहा है, यहाँ से हमारे बच्चे सीखकर अच्छी अच्छी पोस्टों पर पहुंच रहे हैं। आप एक बहुत बेहतरीन क़ारी थे, आपने तजवीद हज़रत सय्यद नईमुद्दीन मुरादाबादी और हुज्जतुल इस्लाम मौलाना हामिद रज़ा ख़ाँ से पढ़ी। आप फन्नी क़ारी भी थे और मशक़ी क़ारी भी थे। आप दरसे निज़ामी के अलावा तजवीद भी पढ़ाते थे, आपके तजवीद में बहुत से शागिर्द हैं जो मशहूर हैं। मुफ़्ती शकील मिस्बाहीने अपने लेख में कहा कि मुफ़्ती अजमल शाह इल्म-ए-फ़राइज़ में भी महारत रखते थे, आपकी फ़तावा अजमलिया में पूरा किताबुल फ़राइज़ मौजूद है। आपकी शोहरत का अंदाज़ा इससे लगाया जा सकता है कि बड़ी बड़ी दरगाहों से भी आपके पास सवालात आते थे और आप सबका जवाब इनायत फ़रमाते थे।

मदरसे के प्रिंसिपल मुफ़्ती अहमद रज़ा मिस्बाही ने अपने लेख में कहा कि अजमल शाह साहब को एशिया के तमाम देशों में अहले इस्लाम जानते हैं। अपने बेशुमार फ़तवे दिए हैं, जिस भाषा में सवाल किया जाता था आप उसी भाषा में उसका जवाब देते थे, और ऐसा जवाब देते कि सवाल करने वाला आपकी बात से मुत्तफ़िक़ होता था। संचालन मुफ़्ती आलम नूरी ने किया। शहर मुफ़्ती क़ारी अलाउद्दीन अजमलीने मुल्क व क़ौम के लिए दुआ कराई। इस मौके पर हाजी ज़फ़ीर अहमद, सय्यद अब्दुल क़दीर, हाजी यामीन, क़ारी वसी अशरफ़ ने लेख पेश करने वालों को सर्टिफ़िकेट एंव बैग वितरित किए, तथा बाक़ी मेहमानों को भी बैग वितरित किए। क़ारी तनज़ीम अशरफ़अजमली ने लोगों का आभार व्यक्त किया।

तक़ी अशरफ़ एडवोकेट ने पूरे सेमिनार की व्यवस्था सँभाली। प्रोग्राम में मुफ़्ती राशिद सक़ाफ़ी, मुफ़्ती उमर नईमी, इमामे ईदगाह मौलाना ज़हीरुल इस्लाम, मौलाना नईम अशरफ़ी, मौलाना याक़ूब, मौलाना शरीफ़ लतीफी, मौलाना मुशर्रफ़ अशरफ़ी, मौलाना नय्यर जमाल, मौलाना मुहम्मद हुसैन, मौलाना मुज़म्मिल, मौलाना गुल अजमली, क़ारी शौकत, क़ारी ग़ुलाम मुदस्सिर, क़ारी शाहिद, क़ारी सरताज, क़ारी अकबर अली, क़ारी साजिद, क़ारी ज़ाहिद, क़ारी सुलेमान अशरफ़ी, क़ारी शुएब अजमली, क़ारी कलीम, हाफ़िज़ अब्दुल मन्नान, मास्टर इस्माईल, सरफ़राज़ अजमली, सुब्हान अजमली आदि लोग उपस्थित रहे।

## लाखों श्रद्धालुओं ने गिरिराज जी की पूजा कर लगाई सप्तकोसी परिक्रमा

**गोवर्धन (मथुरा)** ब्रजवासियों के आराध्य देव गिरिराज महाराज की नगरी गोवर्धन में गोवर्धन पूजा के दिन श्रद्धा भक्ति का संगम दिखाई दिया। देश के कौने कौने से आए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा अर्चना करके सप्तकोसी परिक्रमा कर मनौती मांगी। वहीं गिर्राज महाराज की नगरी में विदेशी व प्रवासी भारतीयों ने गिरिराज महाराज की पूजा की और गिर्राज जी को 56 भोग अर्पित किये। गोवर्धन पूजा के अवसर पर कस्बे के दानघाटी मंदिर, गिरिराज मुकुट मुखारविंद मंदिर, हर गोकुल मंदिर, हरदेवजी मंदिर, जतीपुरा के गिरिराज मुखारविंद मंदिर में अपरान्ह में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। गिरिराज दानघाटी मंदिर, बड़े बाजार, दसविसा, राधाकुंड, आन्यौर, जतीपुरा के परिक्रमा मार्ग में परिक्रमार्थियों की भीड़ दिखाई दी। जिससे जगह जगह जाम के हालात उत्पन्न हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### उप चुनाव में भाजपा सभी सीटो पर जीत हासिल करेगी: हैदर अब्बास

**संभल।** अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैदर अब्बास ने कहा है कि भाजपा सरकार सब का साथ सबका विकास सबका विशवास के नारे पर खरी उतरी है और देश के साथ उत्तर प्रदेश में सभी मजहबओ मिल्लत के लोगों के लिए बिना किसी भेदभाव के साथ कार्य किये जा रहे हैं अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैदर अब्बास चॉद ने कहा कि उत्तर प्रदेश मे होने जा रहे उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सभी सीटो पर चुनाव में विजय हासिल करेगी। सिरसी में है दर अब्बास चॉद ने शेजी नकवी के आवास पर जा कर इनकी पत्नी का पुरसा पेश किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान जिला कार्यालय मंत्री शकिलुरहमान मलिक सिराज अब्बास सय्यद मोहम्मद अब्बास आल इंडिया शिया मुस्लिम महासभा लखनऊ सय्यद ताहिर रजा एडवोकेट आदि मौजूद रहे इस से पहले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हाजी आसिफ अली जैदी के कार्यालय पर सय्यद शान अली ने कार्यकर्ताओं के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैदर अब्बास चॉद का स्वागत किया।

### दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गयी

**संभल।** जनपद मे दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया माता लक्ष्मी समेत भगवान गणेश व मां सरस्वती विधि विधन से पूजा अर्चना की गयी इसके बाद घर व प्रतिष्ठानो पर दीये व मोमबत्ती जलाकर रोशनी की गई दीपावली के मौके पर भव्य सजावट और बिजली से जलने वाली झालरो से घर घर जगमागा रहे थे इस अवसर आतिशबाजी छोडी गयी रंग बिरंगी रोशनी वाले अनार बम को तेज आवाज की गुज गुजती रही लोगो ने एक दूसरे को मिठाई व उपहार देकर दीपावली की बधाइयां दी दीपावली के मौके पर शहर की रौनक देखते ही बनती थी रोशनी से घर घर जगमागा रहे थे वही रंग बिरंगी रोशनी से बाजार भी दिलकश नजारा पेश कर रहे थे देश भर मे दीपावली 31 अक्टूबर को मनायी गयी इस के साथ संभल मे भी इसी रोज दीपावली मनायी गयी कुछ जगहो पर लोगो ने दीपावली एक नम्बर को भी मनाई और जम कर बम पटाके छोडे घर मे दीप रोशना किये।

### रोडवेज़ की बसे अतिरिक्त चक्कर लगाएंगी

**संभल।** मुरादाबाद मार्ग पर चलनेवाली रोडवेज़ की बसे आज अतिरिक्त चक्कर लगाएंगी रविवार कल आज भैयदूज का पर्व मनाया जाएगा इस के मद्देनजर व्यवस्था की गयी है हल्कि रोडवेज़ बसे 28 अक्टूबर से ही अतिरिक्त चक्कर लगा रही हैं लेकिन भैयदूज पर्व के मौके पर सावारियो की तादाद बढ जाती हैं इस लिए संभल मुरादाबाद मार्ग पर चलने वाली रोडवेज़ की बसे अतिरिक्त चक्कर लगने की व्यवस्था की गई है जिससे इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना न करना पढे संभल से अन्य मार्गो पर चलने वाली रोडवेज़ की बसे यथावत आम दिनो की भाति चलती रहेगी।

### राम जन्म से सीता स्वयंवर तक हुआ मंचन

**बलिया।** लखनऊ से नृत्यांजलि फाउंडेशन के कलाकारों ने महोत्सव में गजब की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने प्रभु श्री राम जन्म से लेकर सीता स्वयंवर तक की मनमोहक प्रस्तुति दी। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति देखकर लोग भक्ति रस में सराबोर हो गए।

### मार्ग दुर्घटना में वरिष्ठ पत्रकार का निधन

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के चकिया कर्बला इलाके में शुक्रवार की देर रात हुए सड़क हादसे में वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र राय की मौत हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सिर मे अधिक चोट लगने के कारण खून काफी बह गया था। अस्पताल ले जाने पर उनकी सांसें थम गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मूल रूप से झूंसी के रहने वाले देवेंद्र राय उर्फ लकी (42) वर्तमान में सिविल लाइंस में किराए के मकान में रहते थे। देर रात वह बाइक से घर लौट रहे थे।

# मोबाइल को लेकर बुजुर्ग को पीटपीट कर मार डाला

- मृतक की पत्नी सहित सात लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई
- किनारई गांव में दो पक्षों में मोबाइल की किश्त ना भरने पर जमकर चले थे लाठी डंडे

मथुरा। जमुनापार थाना क्षेत्र के अंतर्गत किनारई गांव में देर रात एक बुजुर्ग की मोबाइल फोन की किश्त नहीं भरने को लेकर पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस घटना में मृतक की पत्नी सहित पांच लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी होने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पीड़ित पक्ष ने सात लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जमुनापार थाना क्षेत्र के गांव किनारई में दो पक्षों में मोबाइल की किश्त नहीं भरने को लेकर झगड़ा हुआ। धीरे धीरे झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इस झगड़े में 60 वर्षीय बुजुर्ग रामस्वरूप गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा मृतक की पत्नी प्रेमवती, पुत्र शीश पाल, घायल हो गई। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी होने पर जमुनापार थाना प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल पुलिस फोर्स को लेकर गांव में पहुंचे तो पुलिस को देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी छोटेलाल ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर जितेन्द्र पुत्र श्याम बिहारी, सहदेव, अनीस सहित सात लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दोषियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दविश दे रही है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। वहीं बुजुर्ग की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार मृतक के पुत्र शीश पाल ने जितेन्द्र के नाम पर मोबाइल फाइनेंस कराया था। जिस पर जितेन्द्र ने कहा कि किश्त भर दे। लेकिन शीश पाल मोबाइल की किश्त नहीं भर रहा था। इसकी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हो गया।

## यम द्वितीया पर्वः भाई दौज पर्व को लेकर तैयारियों में जुटा नगर निगम

**मथुरा।** भाई दौज पर्व पर मथुरा के विश्राम घाट पर होने वाले स्नान को लेकर नगर निगम तैयारियों में जुट गया है।इस पर्व को लेकर शनिवार को नगर निगम के महापौर और अपर नगर आयुक्त ने यमुना के घाटों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। महापौर विनोद अग्रवाल, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने बंगाली घाट, स्वामी घाट, विश्राम घाट पर निरीक्षण किया।नगर निगम के मेयर और आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान जल निगम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया की घाट किनारे सभी पंपिंग सबस्टेशनों को सुचारु रूप से चलाया जाए। पर्व के दौरान कहीं भी किसी भी प्रकार से जल भराव की समस्या उत्पन्न न होने पाए। वही महापौर विनोद अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया गया की यम द्वितीया पर यमुना में प्रदेश बैरिकेड्स लगाने सहित नगर निगम द्वारा की जाने वाली एवम समस्त प्रशासनिक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराए। इस अवसर गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी प्रदीप गोस्वामी चिंताहरण चतुर्वेदी, फौजदार राजेश कुमार लवानिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय बलिया महोत्सव का हुआ भव्य समापन

अवधनामा संवाददाता

- दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने जोरदार कार्यक्रम प्रस्तुत कर बांधा समां
- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों व जिले के मानिंद विभूतियों को मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया सम्मानित

**बलिया।** बलिया स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर 28 अक्टूबर से पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित पांच दिवसीय बलिया महोत्सव का भव्य समापन हुआ। पांच दिनों तक चले महोत्सव में देश भर आए कलाकारों ने दर्जनों कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंतिम दिन कार्यक्रम में पहुंचे दिल्ली के सांसद व लोकप्रिय भोजपुरी फिल्म अभिनेता मनोज तिवारी ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। 'बलिया में लागे जहाँ दादरी के मेला ए बलमुवा हमरे' से शुरुआत की और उसके बाद 'इंटरनेशनल लिट्टी चोखा' गाया तो सब झूम उठे। पंचायत सीरिज का महीनों तक ट्रेंड कर चुका गीत 'एकरे त रहल ह जरूरत' पर जनता बेकाबू हो उठी। मनोज तिवारी ने 'बढ़ई बढ़ई खूँटा चीरऽ' गाकर सबकी बचपन में सुनी गई याद को ताजा कर दिया। इसके बाद तमाम भोजपुरी एल्बम और भोजपुरी फ़िल्मों के गानों को सुनाकर सबका खूब मनोरंजन किया।

इस बीच स्थानीय लोक कलाकार सन्नी पांडेय ने भी अपने गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अंतिम दिन मौजूद रहे प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह व विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को पत्र सौंपा व उन्हें सम्मानित किया। इस बीच जनपद के दर्जनों विभूति जो अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हैं उन्हें मंत्री दयाशंकर सिंह ने अंगवस्त्रम व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसमें लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार जनार्दन राय, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद उपाध्याय, रंगमंच के आशीष त्रिवेदी, दिनेश सिंह, कप्तान उपाध्याय आदि को जनपद रत्न के तौर पर सम्मानित किया गया। मंत्री दयाशंकर सिंह ने आयोजन को सफल बनाने में लगे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को साधुवाद देते हुए कहा कि बलिया महोत्सव को अगले वर्ष से और भी भव्य तरीके से कराया जाएगा। अगले वर्ष से आयोजन को सात दिवसीय कराया जाएगा। इस दौरान मंत्री ने मैराथन व आयोजन समिति के लोगों के प्रशासनिक अधिकारियों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

इससे पहले महोत्सव के चौथे दिन भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोक कलाकार गोपाल राय ने विभिन्न गीतों की प्रस्तुति दी। इस कश्मीरी कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही राजस्थान व पंजाब से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, एसपी विक्रांत वीर, सीडीओ ओजस्वी राज, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव, नपा चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल, छट्टू राम आदि मौजूद रहे।

# यम द्वितीया पर्व को लेकर कंपनी के डायरेक्टर ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन क्षेत्र के 70 बार्डो से कूड़ा संग्रहण कर निस्तारण करने वाली नेचर ग्रीन कंपनी के डायरेक्टर दीपक रावत ने यम द्वितीया पर्व की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यकता निर्देश दिए। डायरेक्टर ने यमुना के विश्राम घाट आदि, प्रमुख मार्गो व शहर में निरीक्षण किया। डायरेक्टर ने बताया की निगम से 10 वर्ष के लिए डोर टू डोर सफाई काम का कांटेक्ट हुआ है। नेचर ग्रीन कंपनी देश के पांच राज्यों जिनमें छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली, झारखंड व उत्तर प्रदेश में सफाई का कार्य कर रही है। कंपनी को बेस्ट मैनेजमेंट का अच्छा अनुभव है।स्वच्छता ही सेवा है मिशन के अंतर्गत नगर निगम व कंपनी के कर्मचारी पर्व पर भी ग्राउंड जीरो पर रहकर सफाई में निरंतर लगे हुए हैं। लोगों को की अपेक्षाओं पर खरा उतर कर साफ सफाई देना हमारी प्राथमिकता में है। इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग भी जरूरी है। उनके सहयोग के बिना असंभव है। लोग गीले व सूखे कूड़े को अलग अलग डालें। घरों से डोर टू डोर गीला व सूखा कचड़ा अलग इकट्ठा किया जा रहा है। कूड़ा प्लांट में जाता है जहां गीले कचरे से कंपोस्ट बनाते हैं जो किसानों के काम आती है। सूखे कूड़े से रिसालाटिंग किया जा रहा है जो पर्यावरण के लिए बेहतर है।अब कोई भी व्यक्ति टोल फ्री नंबर 7017 175994 पर या सुविधा एप के माध्यम से सफाई को लेकर शिकायत और संबंधित कुडा का फोटो अपलोड अपलोड़ कर सकता है। जिसका तुरंत निस्तारण किया जाएगा। क्षेत्र से 28 डलाब घर समाप्त कराए गए हैं। इस मौके पर परियोजना प्रबंधक अभिलाष चौधरी, ऑपरेशन प्रभारी अभिषेक बाजपेई आईईसी से सुमित आदि ने डायरेक्टर का स्वागत किया।

## एनटीपीसी सिंगरौली ने किया एशियन एथलीट रामबाबू को सम्मानित

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग के तहत एशियन एथिलीट रामबाबू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली सीएसआर के तहत जिले एवं देश का मान-सम्मान बढ़ाने वाले राम बाबू को उपहार स्वरूप 5 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। रामबाबू, जिनका जीवन संघर्ष, लगन, समर्पण और मेहनत का बेमिशाल उदाहरण है, सभी युवा वर्ग को प्रेरणा देता है कि किस प्रकार अभाव में जीवन यापन करते हुए उन्होंने अपने सपनों को उड़ान दी और कठिन संघर्ष करके एक ऐसे क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया, जहां वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने एशियाई खेल में 35 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल कर विश्व स्तर पर भारत का नाम रोशन किया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख, राजीव अकोटकर ने अपने आशीर्वचन में कहा की- एनटीपीसी सिंगरौली परिवार को राम बाबू जी को सम्मानित करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है।

# अहिराणियों ने गोवर्धन तलहटी में पूजे गिरिराज

- द्वापर युगीन परंपरा को किया जीवंत, पंचामृत अभिषेक
- ब्रज रज में बैठ किया परंपरागत लोक गीत-भजनों का गायन

अवधनामा संवाददाता



**गोवर्धन (मथुरा)** मथुरा जनपद यादव समाज की मातृशक्ति ने गोवर्धन गिरिराज तलहटी स्थित पंडित गया प्रसाद महाराज की समाधि स्थल के निकट गोवर्धन पूजा की। श्री कृष्णा ब्रज रास यादव उत्सव गोकुल के बाद बृजवासी अहिराणियों ने गोवर्धन पूजा कर द्वापर युगीन परंपरा को जीवंत किया। यहां मथुरा, अड़ींग, सकीतरा, संकरा, बांटी आदि गांवों से यादव समाज की मातृशक्ति एकत्र हुई थी।

बृजवासी अहिराणियों ने गोवर्धन पूजा कर तलहटी की रज में बैठ कर ब्रज के परंपरागत लोक भजन गायन किया। उनके गाये श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे तिलक विराज रह्यौ आदि भजनों से आकाश को गिर्राज महाराज के जयकारों से गूंजाय मान कर दिया।

श्री गिरिराज जी की शिला का दूध, दही, घी, बूरा, शहद, इत्र लगाकर पूजा अर्चना की। इसके बाद वस्त्र, दुपट्टा, भोग प्रसाद लगाकर पूजा संपन्न की। आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाली शैली यादव, पूनम यादव, मीना, राखी, कनक, पुष्पा, पुष्प लता, सीमा, कृष्ण, नीम यादव, मंजू यादव, जीतू, सरिता, के अतिरिक्त राहुल गोपाल यादव, पवन यादव, सकीतरा गजेंद्र यादव, सतीश, डॉक्टर धनराज, योगेश यादव टीचर, वरिष्ठ समाजसेवी गौरी शंकर यादव पटवारी, बलिराम, चंदन सिंह, दिनेश, शेर सिंह, शैलेश, धीरज, क्रांति राज, बिजन, ऋषभ एडवोकेट, विष्णु हरि, दिनेश, संजय, हरिओम आदि मौजूद रहे। अंत में शैली यादव ने कृष्ण भक्तों का दुपट्टा देकर स्वागत किया। इसके बाद प्रहलाद यादव ने वरिष्ठ समाजसेवी गौरी शंकर पटवारी का सफा पहनकर अभिनंदन किया। श्री यादव ने कहा कि समाज की किसी भी परंपराओं को लुप्त नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने नौजवानों से कहा जिस समाज की कोई संस्कृति विरासत में नहीं होती वह समाज मिट जाते हैं।

## किसान हित में पर्याप्त खाद उपलब्ध कराये प्रशासनः आप

**मथुरा।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिले भर में बुवाई के लिए खाद की आवश्यकता को शीघ्र शीघ्र पूरा किया जाए। आज जिले भर के विभिन्न क्षेत्र के किसानों से प्राप्त की गई सूचनाओं के आधार पर यह कहा जा सकता है कि किसान बेहद परेशान है और खून के आंसू पी रहा है। दिवाली पर बहुत सारे लोगों के घरों में खुशियों के दीये

सिर्फ इसलिए नहीं जल सके क्यों कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। एक तरफ सरकार लाखों दीये जलाने का दिखावा कर रही है दूसरी तरफ किसानों को समय पर खाद उपलब्ध ना करा कर उनके घर के दीये बुझा रही है। पूर्व में हुई भारी बरसात से बड़े नुकसान में पहुंचे किसान पहले से ही हताश और निराश थे, ऐसी स्थिति में खाद की समय से आपूर्ति न होना किसानों के जले पर न केवल नमक छिड़कने जैसा है बल्कि उनके घावों को और भी ज्यादा गहरा करने जैसा है। जिला प्रशासन की इस ओर गंभीरता नजर नहीं आ रही है।

# हमारे राम की नाट्य प्रस्तुति से होगा महोत्सव शुभारंभ

## ब्रजरज उत्सव

- आशुतोष राणा साथी कलाकारों के साथ पांच नवंबर को मथुरा में पहली बार देंगे मंचीय प्रस्तुति
- कैलाश खेर सहित देश के नामचीन और स्थानीय कलाकार विशाल मंच पर दिखाएंगे अपने हुनर का जादू
- धौलीप्याऊ रेलवे ग्राउंड पर 5 से 15 नवंबर तक चलेगा उत्सव, कवि सम्मेलन से होगा समापन

अवधनामा संवाददाता

### उत्सव में हैंडीक्राफ्ट और फूड स्टॉल लगेंगे

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित 11 दिवसीय ब्रजरज उत्सव में हैंडीक्राफ्ट और फूड स्टॉल के साथ मनोरंजन के भी साधन रहेंगे। उत्सव में हैंडीक्राफ्ट के अलावा एक जनपद एक उत्पाद की भी उत्सव स्थल पर स्टॉल लगाई जा रही हैं। इसमें उत्तर प्रदेश के 20 जनपदों के उत्पाद नजर आएंगे।

### 250 कलाकार ब्रज संस्कृति की मचाएंगे धूम

ब्रज उत्सव में 250 से अधिक स्थानीय कलाकार ब्रज संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। स्थानीय कलाकारों के लिए ब्रज रज उत्सव में अलग समय निर्धारित किया गया है। शाम चार बजे से सात बजे तक स्थानीय कलाकारों की टोली अपनी प्रस्तुति देंगी।

### अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

ब्रजरज उत्सव की शुरुआत 5 नवंबर से होने जा रही है। इसकी तैयारियां का जायजा लेने के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह, डिप्टी सीईओ सतीश चंद, मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, वित्त अधिकारी विनय कुमार मेला स्थल पहुंचे। सीईओ ने कार्य कर रही एजेंसी के प्रतिनिधियों से तैयारियों की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**मथुरा।** धौलीप्याऊ स्थित रेलवे मैदान पर आयोजित होने जा रहे ब्रजरज उत्सव की शुरुआत देश भर में बहुचर्चित नाट्य प्रस्तुति हमारे राम से होने जा रही है। रामायण पर आधारित हमारे राम की मंच प्रस्तुति अभिनेता आशुतोष राणा साथी कलाकारों के साथ देंगे। इसके अलावा उत्सव में कैलाश खेर सहित देश के अनेक नामचीन कलाकार अपने हुनर का जादू दिखाने के लिए मथुरा आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा परंपरागत रूप से आयोजित ब्रजरज उत्सव की शुरुआत इस बार पांच नवंबर से होने जा रही है। 11 दिवसीय उत्सव में अनेक नामचीन कलाकार भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर अपने हुनर दिखाएंगे। शुरुआत आशुतोष राणा की टीम द्वारा प्रस्तुत रामायण पर आधारित हमारे राम से होगी। इस खास प्रस्तुति को लेकर लोगों के बीच जिज्ञासा है। मथुरा में हमारे राम की प्रस्तुति पहली बार होने जा रही है। इसके बाद उत्सव में छह नवंबर को पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन, मोहम्मद हुसैन का डिवोशनल, सात को हिमांशु वाजपेई का झांसी की रानी किस्सा गोई और गोपाल दास चतुर्वेदी का ब्रज संगीत, आठ को मेनका सिंह की नृत्य नाटिका राम की शक्ति पूजा, नौ को श्रीराम भारतीय कला केंद्र की नृत्य नाटिका, 10 नवंबर को स्वास्ती मेहुल का डिवोशनल, 11 को डिंपी मिश्रा की मीरा पर नृत्य नाटिका, 12 को मिश्रा बंधुओं की भजन संध्या, 13 को कैलाश खेर की नाईट और 14 नवंबर को बने सिंह की राजस्थानी संध्या का आयोजन होगा। ब्रज रज उत्सव का सम्मान 15 नवंबर को कवि सम्मेलन के साथ होगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि 5 नवंबर को शाम साढ़े चार बजे ब्रज रज उत्सव का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और सांसद हेमामलिनी करेंगी। उद्घाटन समारोह के बाद ब्रजरज उत्सव की पहली प्रस्तुति भगवान श्री राम पर आधारित है। अभिनेता आशुतोष राणा और उनके साथी कलाकार हमारे राम पर अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे।

# पसामांदा मुसलमानों को अनूसूचित जनजाति का दर्जा देने वाले को एआइपीएमएम करेगा सपोर्ट

झारखण्ड विधानसभा चुनाव

अवधनामा संवाददाता




**रांची।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के तत्वाधान में प्रदेश कार्यकारिणी की एक बैठक महाज के प्रदेश अध्यक्ष अबू सईद अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में संचालन मोहम्मद इसराइल अंसारी ने किया इस अवसर पर प्रेस वार्ता का आयोजन प्रदेश कार्यालय कांटा टोली रांची में संपन्न हुई।

झारखंड प्रभारी मोहम्मद रियाजुद्दीन बक्खो ने अपने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पसमांदा मुस्लिम महाज़ उसी को अपना समर्थन देगी जो पार्टी संविधान की धारा 342 में यहां के मुसलमानों को भी जोड़े तथा यहां के मुसलमानों को अनुसूचित जनजाति के दर्जा देने का वादा अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करें। प्रेस को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अबू सईद अंसारी ने कहा कि पसमांदा महाज़ का वोट सिर्फ और सिर्फ पसमांदा समाज के प्रत्याशी को दिया जाए किसी स्वर्ण प्रत्याशी को पसमांदा समाज अपना वोट ना करें प्रेस को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव मोहम्मद एहसान अंसारी ने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में महाज़ पूरे प्रदेश में अपना प्रत्याशी को चुनाव लड़ायेगा ताकि पसमांदा मुसलमान का सुचारू ढंग से विकास हो सके। प्रदेश महासचिव आरिफ कुरैशी ने कहा की जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। इस बार किसी कारण चुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं दे सके। अगले बार पसमांदा मुस्लिम महाज़ से लोकसभा हो या विधानसभा चुनाव हो पसमांदा मुस्लिम महाज़ अपना प्रत्याशी ज़रूर मैदान में उतारेंगे। पसमांदा महाज़ का सपोर्ट उसी को मिलेगा जो सदन में पसमांदा की मांगों को उठाएंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी इंजीनियर शफकत अली, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रदेश प्रधान महासचिव इसराइल अंसारी, प्रदेश महासचिव आरिफ कुरैशी, रांची नगर अध्यक्ष सैफ आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष ए.के. सुल्तान, मोहम्मद अयूब अंसारी एवं अन्य ने संबोधित किया।

# कांग्रेस को समझ आया, झूठे वादे आसान नहीं: मोदी

## खड़गे ने कहा था- वादे वो करो, जो पूरा कर सको, नहीं तो बदनामी होती है

एजेंसी



**नई दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खड़गे के चुनावी वादों पर दिए बयान पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पलटवार किया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा- कांग्रेस को यह बात अब समझ में आ रही है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें सही तरीके से लागू करना मुश्किल या नामुमकिन है।

दरअसल 31 अक्टूबर को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि, हमें वो वादे करने चाहिए, जो पूरे किए जा सके। नहीं तो आने वाली पीढ़ी के पास बदनामी के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

मोदी ने लिखा- कांग्रेस शासित राज्यों में स्थिति बदतर पीएम ने लिखा- कांग्रेस लगातार प्रचार अभियान चलाकर लोगों से वादे करती रहती है, जिन्हें वे कभी पूरा नहीं कर पाएंगे। अब वे लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। आज कांग्रेस की सरकार वाले किसी भी राज्य को देख लीजिए - हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना - विकास की गति और वित्तीय सेहत बद से बदतर होती जा रही है।

उनकी तथाकथित गारंटी अधूरी पड़ी है, जो इन राज्यों के लोगों के साथ एक भयानक धोखा है। ऐसी राजनीति का शिकार गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं, जिन्हें न केवल इन वादों का लाभ नहीं मिल रहा है, बल्कि उनकी मौजूदा योजनाएं भी कमजोर होती जा रही हैं।

पीएम ने आगे लिखा कि कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी विकास करने की बजाय पार्टी की अंदरूनी राजनीति और लूट में व्यस्त है। इतना ही नहीं, वे मौजूदा योजनाओं को भी वापस लेने जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता। तेलंगाना में किसान अपने वादे के मुताबिक कर्जमाफी का इंतजार कर रहे हैं।

इससे पहले छत्तीसगढ़ और राजस्थान में उन्होंने कुछ ऐसे भत्ते देने का वादा किया था जो पांच साल तक लागू नहीं किए गए। कांग्रेस किस तरह काम करती है, इसके कई उदाहरण हैं।

खड़गे का जवाब- भाजपा में बी का अर्थ विश्वासघात, जबकि बी का अर्थ जुमला कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि झूठ, छल, कपट, लूट और प्रचार ऐसे नाम हैं, जो आपकी सरकार के बारे में बताते हैं। खड़गे ने ङ्क पर लिखा कि 16 मई, 2024 को आपने यह भी दावा किया था कि आपने 2047 के रोडमैप के लिए 20 लाख से अधिक लोगों से इनपुट लिए हैं। पीएमओ में दायर आरटीआई ने आपके झूठ का खुलासा करते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया।

भाजपा में बी का अर्थ विश्वासघात है, जबकि बी का अर्थ जुमला है। 100 दिन से जुड़ा आपका ढोल बजाने वाली योजना सिर्फ दिखावा थी। मोदी जी, उंगली उठाने से पहले कृपया ध्यान दें, मोदी की गारंटी 140 करोड़ भारतीयों के साथ एक भद्दा मजाक है।

# पूर्व राष्ट्रपति के विशेषाधिकार पर श्रीलंका में सियासी घमासान

एजेंसी



**कोलंबो।** श्रीलंका में अनुरा कुमारा दिसानायके के राष्ट्रपति बनने के बाद उनके सामने कई चुनौतियां हैं। चंद हफ्ते पहले राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद दिसानायके अजीबो-गरीब सियासी घमासान से जूझ रहे हैं। दरअसल, देश के पूर्व राष्ट्रपतियों को मिलने वाले विशेषाधिकार को लेकर विवाद हो रहा है। कथित तौर पर पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की सुरक्षा में भी कटौती की गई है। इस मुद्दे पर दिसानायके की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा में कोई कटौती नहीं की गई है। इस संबंध में प्रसारित हो रहीं तमाम मीडिया रिपोर्ट्स झूठी और भ्रामक हैं।

शुक्रवार को (श्रीलंका के समय) जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से यह बयान उस समय जारी किया गया जब पूर्व राष्ट्रपतियों ने दिसानायके के कार्यकाल में होने वाले संभावित फैसले को लेकर चिंता जताई। खबरों के मुताबिक राष्ट्रपति दिसानायके के नेतृत्व में नई श्रीलंकाई सरकार पूर्व राष्ट्रपतियों के विशेषाधिकारों में कटौती करेगी।

इस संबंध में आई खबरों के मुताबिक श्रीलंका की नई कैबिनेट से जुड़ी एक उप-समिति जल्द ही देश के पूर्व राष्ट्रपतियों को दिए गए विशेषाधिकारों की समीक्षा करेगी। राष्ट्रपति सचिवालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक दिसानायके के नेतृत्व में सरकार इस मामले पर भविष्य की कार्रवाई समिति की तरफ से की गई सिफारिशों के आधार पर ही करेगी। बता दें कि बीते 21 सितंबर को श्रीलंकाई राष्ट्रपति बनने पर दिसानायके ने पूर्व राष्ट्रपतियों के सभी विशेषाधिकारों को रोकने का संकल्प लिया था।

## क्विक न्यूज

### बंदी छोड़ दिवस पर भक्तों ने टेका स्वर्ण मंदिर में माथा

**अमृतसर।** सिखों के छठे गुरु हरगोबिंद साहब की जहांगीर की कैद से रिहाई की खुशी में मनाए जाने वाले बंदी छोड़ दिवस के अवसर पर सुबह श्रद्धालुओं ने स्वर्ण मंदिर परिसर में स्थित सरोवर में पूजा-अर्चना की और पवित्र डुबकी लगाई। मंदिर परिसर में सिखों का सबसे पवित्र धार्मिक स्थल हरमंदिर साहिब स्थित है। बंदी छोड़ दिवस के अवसर पर हरमंदिर साहिब को एलईडी लाइटों से जगमग कर दिया गया। एलईडी लाइटों की रोशनी से यह शानदार दिखाई दे रहा था। इस पवित्र दिन पर मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं ने यहां इकट्ठा होकर पूजा अर्चना की। मंदिर प्रशासन ने इस पवित्र दिन को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर के गुंबदों, इमारतों और फर्शों को साफ किया और रोशनी से सजाया। इस दिन को सिख धर्म में बंदी छोड़ दिवस (कैदी मुक्ति दिवस) के रूप में मनाया जाता है।

### गोधरा कांड पर आधारित किताबें वापस मंगाने के निर्णय से राजनीतिक विवाद

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने गोधरा कांड और गुजरात दंगों पर आधारित कुछ किताबों को वापस मंगाने का फैसला लिया है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। शिक्षा विभाग ने पहले किताबों को वापस मंगाने का कारण तकनीकी खामियां बताया था, जैसे प्रिंटिंग की गुणवत्ता खराब होना और पन्नों में हेरफेर। बताया गया था कि इन कमियों के कारण छात्रों को पढ़ने में परेशानी हो सकती है। हालांकि, इस मुद्दे ने नया मोड़ तब लिया जब राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने किताबों की वापसी के पीछे गोधरा कांड के हत्यारों का महिमामंडन करने का आरोप लगाया। दिलावर का कहना है कि इन किताबों में गोधरा कांड में ट्रेन जलाने वालों को हिंदू बताया गया है और उन्हें अपराधी भी कहा गया है। उनका मानना है कि इन तथ्यों को बच्चों के सामने गलत रूप में प्रस्तुत किया गया है, जिससे बच्चों में भ्रम पैदा हो सकता है।

## मेरे जीवन के 8 साल बिहार के लिए समर्पित हैं : प्रशांत किशोर

**गया।** बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। इस उपचुनाव में इंडी एलायंस और एनडीए के प्रत्याशियों के बीच टक्कर है। हालांकि, जन सुराज भी चुनावी मैदान में है। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मीडिया से कहा है कि उनका फोकस सिर्फ बिहार है और अगले 8 साल तक वह सिर्फ बिहार की बिगड़ी हुई व्यवस्था को सुधारने के काम करेंगे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार आज कल यह कहते हैं कि लालू प्रसाद के राज में गया शाम छह बजे बंद हो जाता था, हमारी सरकार आने के बाद व्यवस्था में बदलाव आया है। हम नीतीश कुमार से पूछना चाहते हैं कि गया, हैदराबाद, बैंगलोर जैसा कब बनेगा। बिहार में जाति की राजनीति पर प्रशांत किशोर ने कहा, जाति की राजनीति नहीं हो रही है। सिर्फ परिवारवाद की राजनीति होती है।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के दौरान घायल राज कनौजिया ने प्रशासन से मांगी मदद

एजेंसी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकंपा) नेता बाबा सिद्दीकी गोलीकांड में 22 साल का युवक राज कनौजिया घायल हो गया था। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसने प्रशासन से मदद की अपील की है।

गोलीबारी में राज के पैर में गोली लगी थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए बांद्रा स्थित भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में राज का इलाज चल रहा है, डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी भी की है।

राज ने बताया कि वह दशहरा के मौके पर देवी मां के दर्शन करने आया था। सिलाई का काम करता है और उस दिन वह जूस पी रहा था, तभी अचानक पीछे से आवाज आई, और मुझे लगा कि पटाखे फट रहे हैं। इसी दौरान मेरे पैर में एक झटका लगा, लेकिन मैंने देखा कि मेरे पैर से खून बह रहा था। भगदड़ मच गई और लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि फायरिंग हो रही है। मैं अपने दोस्त के साथ मंदिर तक गया, जहां प्रशासन के कुछ लोग थे। उन्होंने मुझे मंदिर के अंदर बैठाया और फिर अस्पताल तक पहुंचाया। अस्पताल में मेरी सर्जरी हुई।

राज ने प्रशासन से आर्थिक मदद की अपील की है। उसने कहा है कि फरवरी में उसकी शादी होने वाली है लेकिन फिलहाल वो अपने पैरों पर खड़े होने की स्थिति में नहीं है। उसने कहा, हालत ऐसी है कि मैं दो महीने तक कुछ नहीं कर पाऊंगा। अगर आप लोग मेरी मदद कर सकें तो बहुत अच्छा होगा।

बता दें कि एनसीपी नेता की 12 अक्टूबर की देर रात बांद्रा के निर्मल नगर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे, लेकिन कुछ ही देर बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। 66 वर्षीय नेता को तीन गोलियां लगी थी।

# एअर इंडिया फ्लाइट में कारतूस मिला

## सीट के पॉकेट में रखा हुआ था, 27 अक्टूबर को दुबई से दिल्ली आई थी फ्लाइट

एजेंसी



**नागपुर।** दुबई से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया फ्लाइट में कारतूस मिलने की जानकारी शनिवार (2 नवंबर) को सामने आई है। घटना 27 अक्टूबर की है। एयरलाइंस के प्रवक्ता ने बताया, फ्लाइट एआई 916 जैसे ही दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड हुई। उसकी एक सीट की पॉकेट में कारतूस मिला, जिसके बाद सभी पैंसजर्स को सुरक्षित उतार लिया गया था। एयरलाइंस ने इसकी शिकायत भी दर्ज कराई है।

कारतूस मिलने की बात ऐसे समय सामने आई, जब फ्लाइट्स में बम की फर्जी धमकी का सिलसिला जारी है। शनिवार को काठमांडू से नई दिल्ली जा रहे इंडियन एयरलाइंस के विमान में बम की धमकी मिली।

14 से 29 अक्टूबर के बीच 16 दिनों के अंदर 500 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम की धमकी मिली चुकी है। जांच में ये सभी फर्जी निकले।

बम की धमकी देने वाले 3 आरोपी अरेस्ट इस बीच विमानों में बम की धमकी देने वाले एक आरोपी जगदीश उइके को महाराष्ट्र के गोंदिया से गिरफ्तार कर लिया गया है। नागपुर पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उसे जांच के लिए पेश होने का नोटिस भेजा गया था, जिसके बाद 31 अक्टूबर को उसने सरेंडर कर दिया।

पुलिस ने 29 अक्टूबर को विमानों में बम की धमकी देने के मामले में उसकी पहचान की थी। आरोपी ने आतंकवाद पर भी किताब लिखी है। नागपुर पुलिस टीम ने फर्जी ईमेलों की खोजबीन करके आरोपी को ट्रेस किया था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की स्पेशल टीमें बनाई गई थी। यह 2021 में एक केस में अरेस्ट भी हो चुका है।

दिल्ली पुलिस ने 26 अक्टूबर को 25 साल के शुभम उपाध्याय को भी पकड़ा था। उसने 25 अक्टूबर को आईजीआई एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम की झूठी धमकी वाली दो पोस्ट की थीं। उसने फेमस होने के लिए ऐसा किया था।

इससे पहले मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से 17 साल के नाबालिग को हिरासत में लिया था। उसने पैसों के लेनदेन के विवाद में दोस्त को फंसाने के लिए उसके नाम से एक्स अकाउंट बनाकर 14 अक्टूबर को 4 फ्लाइट में बम होने की झूठी पोस्ट की थी।

डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम की धमकी से एयरलाइंस कंपनियों को 1200 से 1400 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एयरलाइन सोर्स के मुताबिक इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान यात्रियों के रुकने, फ्लाइट की ग्राउंडिंग और क्रू पर 25 लाख से 4 करोड़ रुपए तक का खर्च होता है।

## संकल्प पत्र के वादों को हूबहू धरातल पर पूरा करेगी राज्य सरकार: मुख्यमंत्री सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि क्रांतिकारी वीरों के सपनों का भारत बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब मिलकर हरियाणा का नव-निर्माण करेंगे। प्रदेश के 2.80 करोड़ हरियाणवी को बिना भेदभाव विकास की राह पर आगे बढ़ाने के लिए विधानसभा चुनाव से पहले जारी किए गए संकल्प पत्र को राज्य सरकार द्वारा हूबहू धरातल पर उतारा जाएगा।

मुख्यमंत्री जिला सोनीपत के गोहाना में आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थितजनों व प्रदेशवासियों को भगवान विश्वकर्मा जयंती, हरियाणा दिवस, दीपावली, भैया दूज व गोपाष्टमी की शुभकामनाएं दी।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 2.80 करोड़ नागरिकों की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को संकल्प पत्र के अनुरूप योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए जा चुके हैं। विकास के विभिन्न पड़ाव पार करते हुए आज हरियाणा 58 साल का हो चुका है। इसके लिए सभी वर्ग बधाई के पात्र हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने भाजपा पर अपने विश्वास को मजबूत करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री व पूर्व में साढ़े नौ साल रहे मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा बनाई गई मजबूत व्यवस्था पर आगे बढ़ते हुए हमारी डबल इंजन की सरकार तीव्र गति से अपना काम करेगी।

# वोट से दो दिन पहले पेन्सिलवेनिया के मतदाता विभाजित?

एजेंसी



**गेटीसबर्ग (अमेरिका)।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव पर दुनियाभर की नजरें टिकी हैं। चार साल पहले हुए चुनाव के नतीजों का एलान सुर्खियों में रहा था। परिणाम की घोषणा के बाद कैपिटोल हिंसा की घटना भी अमेरिकी लोकतंत्र पर बड़ा सवालिया निशान मानी गई। अब एक बार फिर डेमोक्रेट और रिपब्लिकन खेमे के बीच कांटे की टक्कर दिख रही है। पेन्सिलवेनिया में मतदाताओं के मूड पर विशेष नजर है। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां के मतदाताओं किसी एक खेमे की तरफ झुकते नहीं, विभाजित दिख रहे हैं। खबरों के मुताबिक राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम में पेन्सिलवेनिया के मतदाताओं की भूमिका निर्णायक हो सकती है।

दरअसल, अमेरिका के जिन राज्यों में सबसे अधिक राजनीतिक उतार-चढ़ाव होते हैं, इसमें पेन्सिलवेनिया को लेकर सबकी विशेष दिलचस्पी होती है। ट्रंप और कमला हैरिस का प्रचार तंत्र यहां पूरी ताकत झोंक रहा है क्योंकि यहां के मतदाताओं का हर वोट मायने रखता है। पेन्सिलवेनिया को निर्णायक स्विंग स्टेट के रूप में जाना जाता है क्योंकि यहां सबसे अधिक- 19 इलेक्टोरल वोट हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट प्रचारक स्थानीय बेकरी में काम करने वाली शेली ओ%रोर्क जैसे आम मतदाताओं पर भी ध्यान दे रहे हैं। शेली बताती हैं कि अमेरिका में महंगाई ने परिवारों को तोड़ दिया है, कीमतें बढ़ गई हैं और गुजारा करना पहले से कहीं अधिक मुश्किल हो गया है। शेली के मुताबिक महंगाई के निजात पाने के लिए लोगों को ट्रंप को चुनना होगा जो मूल कारणों को समझते हैं और इस मुद्दे का स्थायी समाधान कर सकते हैं।

डेमोक्रेट खेमे की प्रत्याशी कमला हैरिस के बारे में शेली ने कहा, %एक मतदाता के रूप में, कमला हैरिस जो कुछ भी करती हैं, वह मुझे पसंद नहीं आता। वे साढ़े तीन साल से इस प्रशासन का हिस्सा हैं, लेकिन सच कहूं तो मैंने देश में गिरावट, हमारी सुरक्षा में कमी के अलावा कुछ नहीं देखा। आमदनी पहले जितनी नहीं रह गई है। शेली के मुताबिक उन्हें इस बात से कोई सरोकार नहीं है कि अमेरिका वैश्विक मंच पर कैसा दिखता है। उन्होंने कहा कि जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति थे तो उनके पास खर्च करने लायक आमदनी थी।

## लॉरेंस के भाई अनमोल को अमेरिका से वापस लाने की कवायद

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया शुरू की है। अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी के मामले में अनमोल मुंबई पुलिस की वांटेड सूची में शामिल है। पुलिस के सूत्रों के हवाले से आई रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) से संबंधित मामलों की विशेष अदालत ने अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अमेरिका ने बताया कि अनमोल उनके देश में मौजूद है। सचेत किए जाने के बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की।

पुलिस के सूत्रों के हवाले से आई रिपोर्ट्स के मुताबिक महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) से संबंधित मामलों की विशेष अदालत ने अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी के लिए गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अमेरिका ने बताया कि अनमोल उनके देश में मौजूद है। सचेत किए जाने के बाद मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की।

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत में याचिका दायर की। पुलिस ने कहा कि भगोड़े अपराधी अनमोल बिश्नोई के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करनी है। पुलिस ने आगे की कार्रवाई के लिए हलफनामा दायर किया जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। बता दें कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में अनमोल बिश्नोई की गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने वाले को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# पेरिस में होगी दुनिया के सबसे बड़े डायनासोर के कंकाल की नीलामी

एजेंसी



**पेरिस।** विशाल डायनासोर को पेरिस के चातेऊ डी डैम्पियरे-एन-यवेलिन्स में प्रदर्शित किया गया है। जुलाई में प्रदर्शनी शुरू होने के बाद से अबतक इसे देखने के लिए 40,000 से अधिक विजिटर्स आ चुके हैं। इसे तीन से 16 नवंबर तक सार्वजनिक प्रदर्शनी में रखा जाएगा।

फ्र ांस की राजधानी पेरिस में दुनिया के सबसे बड़े डायनासोरों में से एक वल्केन की 16 नवंबर को नीलामी होने जा रही है। फ्र ांसीसी नीलामीकर्ता कोलिन डु बोकेज और बारब्रोसा ने बताया कि डायनासोर के कंकाल की बोली के लिए पंजीकरण से पहले ही कीमत 11 से 22 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 92-185 करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया है। इस कंकाल की खोज अमेरिका के व्योमिंग में 2018 में की गई थी। इसकी माप 20.50 मीटर है, जिसमें 80 फीसदी हड्डियां एक ही डायनासोर की हैं।

वल्केन सबसे बड़ा डायनासोर है। कॉलिन डू बोकेज के संस्थापक और नीलामीकर्ता ओलिवियर कॉलिन डू बोकेज ने कहा, यह जीवन भर की सबसे प्राचीन खोज है। खरीददार को जीपीएस प्वाइंट, खुदाई योजना के साथ-साथ आधिकारिक तौर पर डायनासोर का नाम बदलने के अधिकार के साथ-साथ नमूने के कॉपीराइट भी दिए जाएंगे। वल्केन का अध्ययन प्रसिद्ध जीवाश्म विज्ञान विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। इसमें जर्मनी में रोस्टॉक विश्वविद्यालय के क्रिश्चियन फोथ भी शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में नई डायनासोर प्रजाति के नमूने का भी खुलासा किया था। उनके विश्लेषण के अनुसार, वल्केन डायनासोर की विशेषताएं एपेटोसॉरस और ब्रोंटोसॉरस दोनों से मेल खाता है, लेकिन इसकी विशेषता अजाक्स से ज्यादा मिलती है।

विशेषताओं से भरे अजीब से इस मिश्रण से यह पता चलता है कि यह एपेटोसॉरस अजाक्स और एपेटोसॉरस लुइसे के बीच एक नई प्रजाति का प्रतिनिधित्व कर सकता है। जीवाश्म मिट्टी की परत में पाए जाने वाले पदार्थों के आधार पर इसे शाकाहारी के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। इस विशाल डायनासोर को पेरिस के चातेऊ डी डैम्पियरे-एन-यवेलिन्स में प्रदर्शित किया गया है। जुलाई में प्रदर्शनी शुरू होने के बाद से अबतक इसे देखने के लिए 40,000 से अधिक विजिटर्स आ चुके हैं। इसे तीन से 16 नवंबर तक सार्वजनिक प्रदर्शनी में रखा जाएगा।

# कंजर्वेटिव पार्टी की नई प्रमुख होंगी केमी बेडेनोच

## चुनाव में प्रतिद्वंद्वी रॉबर्ट जेनेरिक को हराया

एजेंसी



**लंदन।** ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी ने शनिवार को केमी बेडेनोच अपना नया नेता चुन लिया है। बेडेनोच ने अपने प्रतिद्वंद्वी रॉबर्ट जेनेरिक को करीब एक लाख पार्टी सदस्यों के वोट से हराया। पार्टी प्रमुख के साथ ही बेडेनोच अब %हाउस ऑफ कॉमन्स% में नेता प्रतिपक्ष भी होंगी, जो (पूर्व प्रधानमंत्री) ऋषि सुनक की जगह लेंगी। कजर्वेटिक पार्टी को इस साल हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी से हार का सामना करना पड़ा था। 14 साल बाद लेबर पार्टी सत्ता में आई है।

सुनक के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल हुए आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। कंजर्वेटिव पार्टी ने पहली बार 1832 के बाद चुनाव में 200 से अधिक सीटें गवां दीं, जिससे उनके सदस्यों की कुल संख्या 121 रह गई। वह पहली अश्वेत महिला नेता हैं, जिन्हें कंजर्वेटिव पार्टी का प्रमुख बनाया गया है।

नए नेता के रूप में बेडेनोच के सामने कंजर्वेटिव पार्टी की छवि को सुधारना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की नीतियों पर भी मजबूत प्रतिक्रिया देनी होगी, खासकर अर्थव्यवस्था और आव्रजन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर। उनके सामने 2029 के आम चुनाव में कंजर्वेटिक पार्टी को सत्ता में लाने की भी चुनौती होगी।

ब्रेग्जिट की मजबूत समर्थक रहीं बेडेनोच (44 वर्षीय) आव्रजन और ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों के मुद्दे पर सख्त रुख के लिए लिए जानी जाती हैं। वह देश की महिला एवं समानता मंत्री रह चुकी हैं। पार्टी के इस आंतरिक चुनाव की प्रक्रिया महीनों तक चली। शुरुआत में इसमें छह उम्मीदवार थे। बाद में यह संख्या घटकर दो रह गई थी। फिर बेडेनोच को पार्टी नेता के रूप में चुना गया। रॉबर्ट जेनेरिक दूसरे नंबर पर रहे।बेडेनोच इससे पहले भी 2022 में पार्टी प्रमुख की दौड़ में चौथे में चौथे स्थान पर रहीं थीं। तब बेडेनोच ने कंजर्वेटिव पार्टी में सुधार करने का वादा किया था।

बेडेनोच ब्रिटेन के अगले आम चुनावों (2029) में प्रधानमंत्री की दौड़ में शामिल हो सकती हैं। उनकी जीत से संकेत मिलता है कि ब्रिटेन की सबसे पुरानी सियासी पार्टी और अधिक दक्षिणपंथ की ओर जा रही है। इसका मतलब है कि कंजर्वेटिव पार्टी आव्रजन, जलवायु परिवर्तन और संस्कृति से जुड़े मुद्दों पर कड़ा रुख अपना सकती है। बेडेनोच ने हाल ही में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने बताया था कि उन्होंने सत्ता में रहने के दौरान अतिरिक्त वीजा की मांग के कारण भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को रोक दिया था। नाइजीरियाई मूल की ब्रिटिश नेता ने बताया था कि सुनक के नेतृत्व वाली सरकार एफटीए को अंतिम रूप इसलिए नहीं दे पाई थी, क्योंकि भारत ने प्रवास के संबंध में अधिक रियायत की मांग की थी।

अवधनामा



# जूना अखाड़े का नगर प्रवेश आज

- सुसज्जित रथ और बग्घियों के साथ संगम तट पर पहुंचेंगे संत- महंत
- किन्नर अखाड़ा भी आज करेगा नगर प्रवेश



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** कुभ महापर्व के लिए श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा का नगर प्रवेश व भूमि पूजन रविवार तीन नवंबर को होगा। उस दिन देश विदेश से आए संत प्रयागराज में नगर प्रवेश करेंगे। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि कुंभ महापर्व तीन नवंबर से फरवरी तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश से लाखों संत व करोडों भक्त भाग लेंगे। संतों का नगर प्रवेश रविवार तीन नवंबर को होगा। साथ ही कुंभ महापर्व के दौरान किसी प्रकार का कोई विघ्न ना आए और किसी को कोई परेशानी ना हो, इसके लिए रविवार को ही श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के द्वारा शनिदेव, यमुना व धर्मराज का पूजन किया जाएगा। नगर प्रवेश यात्रा रामापुर से शुरू होगी और श्री मौजगिरिश्री पंच दशनाम अखाड़े तक जाएगी। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि के दिशा निर्देशन में नगर प्रवेश यात्रा में रमता पंच, श्री पंच, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा, जूना अखाडा, अखाडा परिषद समेत सभी अखाड़ों के संत शामिल होंगे। जगदुरु शंकराचार्य गुजरात पीठाधीश्वर महेंद्रानंद गिरि महाराज, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, पूर्व सभापति श्रीमहंत उमा भारती महाराज, श्रीमहंत पृथ्वी गिरि महाराज, श्रीमहंत केदारपुरी महाराज, श्रीमहत सिद्धेश्वर यति महाराज, श्रीमहंत प्रेम भारती महाराज, श्रीमहंत शांति गिरि महाराज, श्रीमहंत राम गिरि महााज, श्रीमहंत सिद्धेश्वर गिरि महाराज, श्रीमहंत धनंजय गिरि महाराज, श्रीमहंत मुकुंद पुरी महाराज, श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, श्रीमहंत महेश पुरी महाराज, श्रीमहंत गणपत गिरि महाराज, थानापति धीरज गिरि महाराज, थानापति रवि गिरि महाराज, थानापति मनोज गिरि महाराज, थानापति मुन्ना गिरि महाराज, थानापति कुशपुरी महाराज, रमतापंच के श्रीमहंत निरजंन भारती, श्रीमहंत रामचंद्र गिरि महाराज, श्रीमहंत द्विजपुरी महाराज, श्रीमहंत मोहन गिरि महाराज, महंत कमल भारती महाराज, महंत तीरथ गिरि महराज, महंत योगदानंद गिरि महाराज, महामंडलेश्वर विद्या चेतन सरस्वती महाराज आदि शामिल होंगे। श्रीमहंत नारायण महाराज पूरे मेले में अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे। मेले का पूरा प्रबंधन सचिव मोहन भारती महाराज की देखरेख में होगा।

# रास्ते के विवाद को लेकर दंपति को किया लहूलुहान

- हालात नाजुक, बी एच यू रेफर
- गांववालों के विरोध करने पर घटनास्थल से भागे मनबढ़

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर (जफराबाद)।** क्षेत्र के दुल्हेपुर गांव में बीती रात रास्ते के विवाद को लेकर मनबढ़ों ने दंपति को लाठी,डंडे और गड़से से प्रहार कर मरणासन्न कर दिया, माता पिता को बचाने पहुचे पुत्र को भी पीट दिया,बाद में गांव वालों के दौड़ाने पर मनबढ़ घटनास्थल से भाग निकले। दंपति की हालत नाजुक होने पर बी एच यू रेफर किया गया है। पुलिस गांव के ही 6 लोगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन कर रही है।

यहाँ बता दें कि दूल्हे पुर गांव निवासी आशीष चौबे का गांव के ही लालजी सरोज से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की रात आशीष चौबे अपने घर के दरवाजे पर बैठकर भोजन कर रहा था इस समय गांव के ही लालजी सरोज के पुत्रों ने लाठी डंडा,गड़ासा और तलवार इत्यादि लेकर आशीष चौबे पर हमला बोल दिया पति को बचाने हुए दौड़ी पत्नी रेखा को भी मारपीट कर मरणासन्न कर दिया घटना को देखकर माता-पिता को बचाने के लिए बेटा जयेश दौड़ा जिस पर भी लाठी डंडे से प्रहार किया। शोरगुल सुनकर गांव वासी इकट्ठा हुए और गांव वालों को विरोध के चलते मनबढ़ो को घटना स्थल से भागना पड़ा। होश में आने पर आशीष चौबे ने जफराबाद थाने में गांव के ही धरम सरोज, करम सरोज, नवल सरोज, दीपक सरोज पुत्रगण लालजी सरोज, लालजी सरोज,करन सरोज पुत्र चंद्रशेखर सरोज के खिलाफ तहरीर दिया है। हालत नाजुक होने पर आशीष चौबे एवं उनकी पत्नी रेखा चौबे को बी एच यू रेफर किया गया है प्रभारी निरीक्षक जेपी यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा छानबीन की जा रही है।

## मशीन की साफ्टीन में फंसकर महिला की मौत

**जौनपुर (खुटहन)** ब्लाक मुख्यालय के बगल लोहार की पाही पर शुक्रवार की शाम चूड़ा कूटने की मशीन के साफ्टीन में फंसकर एक अधेड़ महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। स्वजनों के आग्रह पर पुलिस ने पंचनामा के बाद शव अंत्येष्टि हेतु उन्हें सौंप दिया। पिलकिछा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

खुटहन गांव निवासी रामलुटावन गुप्ता उक्त पाही के पास चूड़ा कूटने की मशीन लगाये हुए हैं।जो डीजल इंजन से संचालित है। इसी के सामने फुटपाथ पर वे दुकान लगाकर बच्चों के कपड़े बेंचते है। यहां तमाम किसान धान से चूड़ा बनवाते हैं। इससे जो कमाई होती है उसी से उनका परिवार पलता है। शुक्रवार को उनकी 52 वर्षीया पत्नी सावित्री देवी मशीन चालू कर धान का चूड़ा बना रही थी। उनके साड़ी का आंचल इंजन से लगी साफ्टीन में फंस गया। वह संभल पाती कि साड़ी लपेटने के साथ वह भी साफ्टीन से चिपक गई। वह गोल गोल साफ्टीन के साथ घूमने लगी। वहां खड़े लोग दौड़ कर इंजन बंद किए, लेकिन तब तक सिर व शरीर में गंभीर चोटें आने से सावित्री की मौत हो गई।

# श्री रामकथा के प्रचार वाहन का हुआ शुभारम्भ



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बीआरपी कॉलेज के मैदान में समाजसेवी रामभक्त ज्ञानप्रकाश सिंह द्वारा प्रायोजित आगामी 09 नवम्बर से 16 नवम्बर तक होने वाले श्री रामकथा के जनजागरूकता हेतु प्रचार प्रसार करने के लिए शनिवार को चार प्रचार वाहन के संचालन का शुभारम्भ पूजन, शंखनाद एवं श्री राम के जयघोष के साथ हुआ। यह श्री रामकथा सेवा भारती काशी प्रान्त जौनपुर द्वारा आयोजित है। जिसमे अंतरराष्ट्रीय रामकथा मर्मज्ञ श्री प्रेमभूषण महराज जी के श्रीमुख से रामकथा होगी। प्रचार वाहन को भाजपा के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह और सूरज घाट स्थित श्री महंत नरसिंह दास ज़ी महराज, रागिनी सिंह (भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष) ने संयुक्त रूप से श्रीराम ध्वजा दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के आरम्भ में रामकथा के व्यवस्थापक बबलू दुबे और शिवा सिंह ने सभी आगन्तुकों का तिलक लगा कर श्रीरामअंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जीडी शुक्ला ज़ी यातायात प्रभारी, धर्मजागरण मंच के प्रमुख पंज़ रविन्द्र द्विवेदी ज़ी, प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य प्रभाकर कृष्ण महराज (वृन्दावन), श्री रामदास ज़ी महराज, डॉ अखिलेश्वर शुक्ल(पूर्व प्राचार्य राज कॉलेज), मधुकर तिवारी, विजेंद्र सिंह, रमेश सिंह रामा, नितीश सिंह, शैलेन्द्र सोनकर, जेपी श्रीवास्तव, मयंक नारायण, राखी सिंह, किरन सिंह, रेखा त्रिपाठी, सुचिता सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धापूर्वक मनाया गया भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** सत्य अहिंसा के अद्वितीय प्रेरक जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थकर भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव शुक्रवार को नगर के विभिन्न जैन मंदिरों जीरो रोड, बेनीगंज, कर्नल गंज, झूंसी (अंदावा), नैनी मे श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस क्रम में जीरो रोड स्थित जैन मंदिर में पंडित सुनील जैन के निर्देशन में प्रातः भगवान का अभिषेक शांति धारा रवि जैन, मनोज जैन के द्वारा की गई। आरती स्वतंत्र जैन सपरिवार ने की। पूजन अर्चन के बाद 24 किलो का निर्वाण लाडू हर्ष जैन, नीता जैन, दीपक जैन, रवींद्र जैन, नीरज जैन ने सपरिवार अर्पित किया। इस अवसर पर पंडित सुनील जैन ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म कुंडल पर में हुआ था तथा निर्वाण पावापुर (नालंदा) से प्राप्त हुआ था। इस बार हम सब भगवान का 2551वा निर्वाणोत्सव मना रहे है। राजेश कुमार जैन ने लोगो से अपील की कि इतने पवित्र त्यौहार को पटाखे छुड़ाकर खराब न करे तथा भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो तथा अहिंसा धर्म का पालन करे। सभी मंदिरों में आकर्षक रंगोली बनाई गई और विद्युत की झालरों से मंदिर सजाए गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से बाला जैन, किरन जैन,सलोनी जैन, खुशबू जैन, निधि जैन, रत्ना जैन, ज्योति जैन, अर्चना जैन, अशोक जैन, विकास जैन, अजय जैन, कृष्ण कुमार जैन, राहुल जैन, डॉ. सुबोध जैन आदि उपस्थित रहे।

## संगम में डूब रहे दे युवकों को बचाया

**प्रयागराज।** शुक्रवार शाम ढलने के बाद कई युवक संगम पर स्नान को पहुंचे ऐसे में दो युवक स्नान के दौरान गहरे पानी में समा गए। इस दौरान 42वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत दल के जवानों ने मशक्कत कर गहरे पानी से दोनों युवकों को जान बचाई। उन्हें फस्ट एड देने के बाद अस्पताल ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर सुलेमसराय के रहने वाले अजय कुमार (35) और मनोज कुमार (38) शुक्रवार की देर शाम संगम स्नान को पहुंच गए। दोनों घर से पूजा अर्चना करके निकले थे। स्नान के दौरान दोनों गहरे पानी में सामने लगे। 42वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत दल के नायक मिथिलेश कुमार राय और उनकी टीम वहीं मौजूद थी। ऐसे में शोर मचा तो टीम संगम में कूद पड़ी। मशक्कत के बाद दोनों को टीम ने बहाव से बचा लिया। फस्ट एड देने के बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया। दोनों युवकों के घरवालों को सूचना दी गई तो वह अस्पताल पहुंच गए।

# दीपों और झालरों से जगमगाया शहर पटाखे की गूंज से कान हुए सुन्न

- घरों, प्रतिष्ठानों में की गई गणेश-लक्ष्मी की पूजा

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** रोशनी का पर्व दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बृहस्पतिवार की रात रोशनी से नहा उठी। भवनों की जगमगाहट मन-मस्तिष्क को भी रोशन कर रही थी। रात होते ही सतरंगी आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा। धमाकों की आवाज खुशी और उल्लास को बयां कर रही थी। मठों, मंदिरों में भी पूजन संग दीपों और झालरों से जमकर सजावट की गई। प्रतिष्ठानों, दुकानों, गोदामों के अलावा पार्क, चौराहों और दफ्तरों में बिजली की झालरों पर जोर रहा तो घरों में दीयों के साथ मोमबत्तियां भी जलाई गई। पूजास्थल पर लक्ष्मी-गणेश की पूजा कर आरती उतारी गई। दीपों की रोशनी के बाद बच्चों की आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ। बड़ों की अंगुलियां थामे बच्चे बाहर खुली जगह या पार्क में इकट्ठा हुए। शुरुआत फुलझड़ियों से हुई, फिर अनारों और तेज आवाज वाले बम, पटाखे देर रात तक बजते रहे। दीपोत्सव पर बलुआघाट, गऊघाट और बरगद घाट दीपमालाओं की लड़ियों से जगमगा उठा। संगम की रेती से लेकर गंगा, यमुना, विलुप्त सरस्वती की सुरम्य लहरों तक तैरते दीयों से धरा पर तारामंडल सरीखी छटा हर किसी का ध्यान खींचने लगी। सांझ ढलने के साथ ही दीप जलाने वालों की भीड़ लग गई। घर-घर से दीपोत्सव को यादगार बनाने के लिए लोग निकल पड़े। बच्चे, महिलाएं संगम पर गंगा, यमुना, सरस्वती के नाम से अलग-अलग दीये जला रहे थे। श्रद्धालुओं ने नावों से मध्यधारा में पहुंचकर दीये जलाए।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेडिंग की क्लास के नाम पर ठगे 3.60 लाख

**प्रयागराज।** ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। साइबर शातिरों ने कैंट के रहने वाले राजेश सोलंकी को ट्रेड मार्केट में इन्वेस्ट के नाम पर 3.60 लाख की चपत लगा दी। राजेश सोलंकी ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश ता आरोप है कि उनके वॉट्सऐप पर मैसेज कर बताया गया कि ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए क्लास है। इसमें कोई खर्च नहीं आए। इसके बाद क्लास ज्वाइन कराई गई। मुनाफे के बारे में बताया गया। क्लास में कई वेबसाइट, एप के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इस पर सर्च करें और खुद से इन्वेस्ट करें। इस बहाने से उनके खाते से 3.60 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। जब राजेश ने अपने रुपए वापस मांगने की प्रक्रिया शुरू की तो सारे नंबर ब्लाक कर दिए गए। कैंट के रहने वाले राजवीर सिंह के बेटे राजेश सोलंकी की तहरीर पर वॉट्सऐप के जरिए जतिन वर्मा एडमिन निवासी मुंबई के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### अंडर-15 बालिकाओं का आयु सत्यापन कल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा अंडर-15 बालिकाओं की आयु सत्यापन (मेडिकल) प्रक्रिया 4 नवंबर को लखनऊ में होगी। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा के अनुसार इस प्रक्रिया में प्रयागराज की छह क्रिकेटरों प्रज्ञा सिंह पल्लवी, अंशिका अस्थाना, आस्था मिश्रा, भार्गवी पांडेय और अंशिका गौर को बुलाया गया है। इन सभी क्रिकेटरों को अपने मूल जन्म तिथि प्रमाण पत्र, पिछली तीन कक्षाओं की स्कूल मार्कशीट (मूल प्रति) और मूल आधार कार्ड साथ 4 नवंबर को सुबह 10 बजे तक श्रीराम मूर्ति स्मारक फंक्शनल एंड इमेजिंग सेंटर (एसआरएमएस-एफआईएमसी), विश्वास खंड-2, लोहिया पथ, गोमती नगर, लखनऊ में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

### भगवान गोवर्धन गिरधारी की गई अन्नकूट की पूजा



**प्रयागराज।** श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में प्रयागेश्वर मंदिर जगन्नाथ धाम काशीराज नगर में भगवान गोवर्धन गिरधारी की विधि विधान के अनुसार ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता के द्वारा अन्नकूट पूजन किया गया और आरती की गई। ट्रस्ट के रथ यात्रा सहसंयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि भगवान गोवर्धन गिरधारी जी को मक्खन, मलाई, रबड़ी, पंचामृत, फल, मेवा, खीर, राजभोग, रसगुल्ला, सोन पापड़ी, रसमलाई आदि विशेष प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया। इस अवसर जय राम गुप्ता, दाऊ दयाल गुप्ता, गगन दास गुप्ता, अमर रस्तोगी, उमेश चंद्र जायसवाल, शशिकांत जायसवाल पप्पू, हैप्पी कसेरा सुशील जैन एवं ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया यातायात माह-नवंबर 2024 का शुभारंभ



**आजमगढ़।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में यातायात माह- नवंबर 2024 का शुभारंभ किया गया। यातायात माह नवंबर 2024 के दौरान सड़क सुरक्षा मानकों का पालन करने को पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी विवेक शर्मा, सहायक रोडवेज प्रबंधक अभिनव सोनकर एवं प्रभारी यातायात उप-निरीक्षक आजमगढ़ द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें समस्त थाना प्रभारी गूगल-मीट के माध्यम से जुड़े तथा यातायात उप-निरीक्षक गण एवं मुख्य आरक्षीगण एवं होमगार्ड्स द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### पटाखा जलाते समय 10 वर्षीय बच्ची झुलसी



**आजमगढ़।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बरसड़ा आईमा गांव में दीपावली की सुबह के समय पटाखा जलाते समय 10 वर्षीय अमृता उसके चपेट में आ गई। उसके पिता राजकपूर विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी बेटी कुछ बच्चों के साथ पटाखा फोड़ रही थी। जिसमें बच्चो ने खराब पटाखों का बारूद इकट्ठाकर एक साथ जला दिया। जिसमें उनकी बिटिया बारूद की आग के चपेट में आ गई। जिससे कि उसका हाथ पैर और मुंह बुरी तरह जल गया। जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

## महादेव मंदिर की यज्ञशाला मंडप में अराजक तत्वों ने लगाई आग

**आजमगढ़।** जनपद के निजामाबाद नगर पंचायत के तमसा नदी के किनारे स्थित पातालपुरी महादेव मंदिर की यज्ञशाला मंडप में अराजक तत्वों ने दूसरी बार आग लगा दी। इस घटना से हिंदू आस्था को काफी ठेस पहुंचाई गई है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

बताते चलें कि पातालपुरी महादेव मंदिर हिंदू आस्था का प्रमुख स्थल माना जाता है। सोमवार और शनिवार को हजारों श्रद्धालु वहां पर पूजा करने आते हैं। वर्ष 2017 से निरंतर यहां एक बड़े यज्ञ का आयोजन होता आ रहा है, जिसमें स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। यज्ञ मंडप का निर्माण महादेव घाट पर किया गया था। जिसमें पहली बार 2017 में आग लगाई गई थी। इस बार फिर 13 जून, 2024 को यज्ञ का आयोजन किया गया था, बीती रात अराजक तत्वों ने यज्ञ मंडप को जला दिया, जिससे मंडप पूरी तरह राख में बदल गया।

# जमीन विवाद में दबंग ने मारी गोली युवक घायल

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** बीती गुरुवार की रात करीब 9 बजे जनपद के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जमीन संबंधी विवाद के बाद एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के एक व्यक्ति को गोली मार दी गई। गोली उसके हाथ में लगी। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उसके हिसाब से अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार जीयनपुर कोतवाली अंतर्गत सतना बाजार में धुपई सिंह व प्रदीप सिंह के घर से जमीन संबंधी पुरानी रंजिश चली आ रही है। 31 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे लक्ष्मी जी की पूजा चल रही थी। उसी बीच प्रदीप सिंह नशे की हालत में अपने घर पहुंचे और घर वालों ने उन्हें घर के अंदर बंद कर दिया। बुलाने पर भी घर वाले दरवाजा नहीं खोला। वह छत पर चढ़कर शौचालय से होते हुए वह धुपई सिंह के घर के पास बने शौचालय के पास पहुंच गया। वहां मौजूद अवनीश से प्रदीप ने पूछा कि कर्मवीर कहां है तो उसने कहा वो यहां नहीं है। नशे में धुत प्रदीप ने फायर कर दिया, गोली अवनीश के हाथ में लग गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजवाए। पुलिस ने आरोपी प्रदीप को हिरासत में लेकर थाने आई। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिला अस्पताल में घायल का इलाज चल रहा है।

# बिहारी जी के मंदिर में अन्नकूट पूजन का आयोजन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- भगवान को लगे 56 प्रकार के भोग

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** शहर में दीपावली के दूसरे दिन अन्नकूट का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को शहर के विभिन्न मंदिरों पर भगवान को 56 प्रकार का भोग चढ़ाया गया। सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र शहर के मुख्य चौक के समीप गोला मंडी स्थित बिहारी जी के मंदिर में अन्नकूट के मौके पर विशेष पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। यहां तिल रखने की जगह नहीं थी। लोगों में अन्नकूट का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर के व्यवस्थापक संत प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि श्री बांके बिहारी जी के मंदिर में भगवान बिहारी जी के आशीर्वाद से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा और गौ पूजन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान यहां पर आए श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि करीब 2 वर्षों से अधिक वर्षों से यहां पर कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।सबसे पहले गोवर्धन भगवान की पूजा होती है। इसके बाद गौ पूजन होता है। विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं। इसके उपरांत 56 प्रकार का भोग चढ़ाया जाता है और फिर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण होता है। इस पर्व का यह महत्व है कि भगवान को अन्न चढ़ाया जाता है। जिससे समाज में वर्ष पर अन्न की कमी नहीं होती है। यह कामना की जाती है कि परिवार धन-धान्य अनाज से संपूर्ण रहे। इस अवसर पर उपस्थित उमाशंकर अग्रवाल संत प्रसाद अग्रवाल प्रभु नाथ अग्रवाल गौरी शंकर अग्रवाल शशि भूषण अग्रवाल हिंदू भूषण अग्रवाल रुपेश अग्रवाल सुमित कुमार अग्रवाल प्रवीण कुमार अग्रवाल शैलेंद्र अग्रवाल विनोद अग्रवाल अजय कुमार अग्रवाल।

# कबीरुद्दीनपुर में हुई हत्या की घटना से सम्बन्धित राजेश यादव दरोगा को पुलिस ने पकड़ा

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम कबीरुद्दीनपुर में हुई हत्या की घटना से सम्बन्धित 01 वांछित दरोगा को किया गया गिरफ्तार। डॉ0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), अरविन्द कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत, अजीत कुमार रजक के निर्देश के अनुपालन मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 250/2024 धारा 3,191 (3), 131, 103(2), 61(2) (a) BNS व 7 CLA Act थाना गौरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजेश यादव पुत्र लालता यादव जो कि उ0नि0 के पद पर थाना मवाना जनपद मेरठ मे कार्यरत है पूछताछ हेतु थाना स्थानीय पर बुलवाये गये है, जिनसे पूछताछ किया गया तथा नामित अभियुक्त राजेश यादव के मो0नं0 से घटना से एक दिन पूर्व तथा घटना के बाद कई बार मुकदमा उपरोक्त के नामित अभियुक्तगण से वार्ता का किया जाना पाया गया तथा अभियुक्त उपरोक्त द्वारा उक्त जघन्य घटना का योजना बनाकर षड़यंत्र रचित करके घटना कारित कराना प्रमाणित हो रहा है। अभियुक्त उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी बताते हुए हस्व कायदा, वजाफ्ता पुलिस हिरासत में शनिवार को लिया गया। अभियुक्त राजेश कुमार यादव उपरोक्त का अन्तर्गत धारा 191 (3), 131,103 (2), 61 (2) (a) BNS व 7 CLA Act. मे चालान न्यायालय किया जा रहा है तथा गिरफ्तार अभियुक्त उपनिरीक्षक के पद पर तैनात लोक सेवक है। अतः नियमानुसार गिरफ्तारी की सूचना इनके तैनाती स्थान पर उच्चधिकारीगण को अलग भेजवायी जा रही है तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित शेष वांछित अभि0गण की तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

# प्रमोशन पाकर उपनिरीक्षक बनने पर हुआ स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (सुरेरी)** स्थानीय थाने पर तैनात रहे मुख्य आरक्षी का उप निरीक्षक के पद पर प्रमोशन मिलने पर हुआ स्वागत इस दौरान क्षेत्रिय लोग रहे उपस्थित। जानकारी के अनुसार जौनपुर जिले के सुरेरी थाने पर तैनात रहे मुख्य आरक्षी आर डी पाठक के विभागीय प्रमोशन के बाद उप निरीक्षक बनने की जानकारी होने पर शुक्रवार की दोपहर हनुमान मंदिर थाना सुरेरी परिसर में उनका स्वागत किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व चरण स्पर्श कर किया गया। इस दौरान सर्व प्रथम स्वराज वाहिनी संगठन के प्रदेश सचिव व रामपुर ब्लॉक के पूर्व प्रमुख पद के प्रत्याशी रहे। सत्य प्रकाश मिश्रा द्वारा प्रमोशन के बाद उपनिरीक्षक बने आर डी पाठक को उप निरीक्षक बनाने की बधाई देते हुये। उनका माल्यार्पण कर स्वागत किये । तथा उनके सरल स्वभाव व ईमानदार छवि की प्रशंशा किये।तत्पश्चात सुरेरी थाने पर तैनात रहे। उपनिरीक्षक नान्हू यादव आरक्षी रमारंजन, गोपाल सिंह, प्रणवेश मिश्र, चन्दन मिश्र बृजेश मिश्रा, राज नारायण गिरी, बृजेश मिश्र, संतोष सिंह सुभम मिश्र, सुशील यादव समेत अन्य लोगों ने माल्यार्पण कर मीठा खिलाकर उनका स्वागत किये व बधाई दिये। कार्यक्रम के तत्पश्चात उपनिरीक्षक आर डी पाठक द्वारा लोगों का आभार ब्यक्त किये।

## कुंभ मेला क्षेत्र में मजदूर की करंट लगने से मौत

**प्रयागराज।** कुंभ मेला क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से बिजली के कार्य में लगे एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद सारे मजदूरों ने काम ठप करके प्रदर्शन शुरू कर दिया। साथी मजदूर मुआवजे की मांग पर अड़े हैं। घटना की जानकारी पाकर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। कुंभ मेला क्षेत्र में बिजली के पोल लगाए जा रहे हैं। इसके लिए बड़ी संख्या में मजदूरों को काम पर लगाया गया है। शनिवार को काम करते समय करंट की चपेट में आने से गणेश निषाद (52) निवासी नई झूंसी की मौत हो गई। घटना के बाद सभी मजदूरों ने काम ठप कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों को शव को कब्जे में लेने से रोक दिया। मजदूर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए हैं। सूचना पाकर तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और मजदूरों को समझाने में जुटे हैं।

## गोवर्धन पूजा के दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी आई गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज गोवर्धन पूजा के दिन गिरावट नजर आ रही है। सोने



के भाव आज 710 से 790 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। इसी तरह चांदी भी आज 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81 हजार रुपये के स्तर से नीचे लुढ़क कर 80,700 रुपये से लेकर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 74 हजार के स्तर से फिसल कर 73,990 रुपये से लेकर 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत घट कर 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज कीमत में गिरावट आने के कारण सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# एनएमडीसी ने 4.07 एमटी उत्पादन, 4.03 एमटी लौह अयस्क की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने एक बार फिर अपनी परिचालन उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। कंपनी ने अपनी स्थापना के बाद से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 4.07 मिलियन टन (एमटी) का उत्पादन और 4.03 एमटी लौह अयस्क की बिक्री का रिकॉर्ड कायम किया है।


इस्पात मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एनएमडीसी ने अपने पिछले अक्टूबर के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कपनी ने अपनी स्थापना के बाद से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 4.07 मिलियन टन (एमटी) का उत्पादन और 4.03 एमटी लौह अयस्क की बिक्री का रिकॉर्ड कायम किया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 3.8 फीसदी और बिक्री में 17.15 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।

**कीर्तिमान**

**एनएमडीसी ने अक्टूबर में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए नए कीर्तिमान किए स्थापित**

मंत्रालय ने बताया कि यह असाधारण परिणाम एनएमडीसी के चालू वित्त वर्ष 2024-25 के कुल उत्पादन और बिक्री के आंकड़ों को क्रमशः 21.55 एमटी और 23.84 एमटी पर ले जाता है, जो देश की लौह अयस्क की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कंपनी के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) अमिताव मुखर्जी ने जारी




बयान में एनएमडीसी के असाधारण प्रदर्शन का श्रेय अटूट प्रतिबद्धता को देते हुए कहा कि ये रिकॉर्ड-तोड़ आंकड़े हमारे रणनीतिक निर्णयों, तकनीकी प्रगति और दीर्घकालिक फोकस की सफलता को दर्शाते हैं। हम लगातार अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करते हैं और इस गति के साथ, हम इस वित्तीय वर्ष में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को पार करने के लिए आशावादी हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने प्रदर्शन, नवाचार और स्थिरता के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित अपनी जिम्मेदार खनन रणनीति पर काम करना जारी रखेंगे।

## 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के लिए सालाना एक करोड़ नई नौकरियों का करना होगा सृजन

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी गोल्डमैन सैक्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत को सालाना 6.5 प्रतिशत की औसत जीवीए (सकल मूल्य वर्धित) वृद्धि बनाए रखने के लिए सालाना एक करोड़ नौकरियों का सृजन करना होगा। इसके अलावा कपड़ा खाद्य प्रसंस्करण और फर्नीचर जैसे श्रम आधारित सेक्टर को अधिक राजकोषीय प्रोत्साहन देने से निम्न से मध्यम कौशल वाले श्रमिकों के लिए रोजगार सृजन में सुविधा होगा।

भारत को सालाना 6.5 प्रतिशत की औसत जीवीए (सकल मूल्य वर्धित) वृद्धि बनाए रखने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2029-30 तक हर साल लगभग एक करोड़ नई नौकरियों का सृजन करना होगा। गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, किफायती घरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने से रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि यह निर्माण के क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक श्रम बल को रोजगार प्रदान करता है।

इसके अलावा यह विभिन्न कौशल स्तरों में रोजगार सृजन को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आइटी हब और छोटे शहरों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करने से टियर-1 शहरी केंद्रों पर दबाव कम होगा और कम सेवा वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और फर्नीचर जैसे श्रम आधारित सेक्टर को अधिक राजकोषीय प्रोत्साहन देने से निम्न से मध्यम कौशल वाले श्रमिकों के लिए रोजगार सृजन में सुविधा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं ने मुख्य रूप से उन उद्योगों को लाभान्वित किया है, जहां पर अधिक पूंजी की जरूरत होती है।

# उत्पादन में 9 गुना उछाल के साथ कोल इंडिया ने 50वें वर्ष में किया प्रवेश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड

**आयोजन**

**50 वर्ष पूरे होने पर 3 नवंबर को कार्यक्रम का आयोजन करेगी सीआईएल**

(सीआईएल) की स?थापना के 50 वर्ष पूरे हो गए। सीआईएल इस उपलक्ष?य में 3 नवंबर को कोलकाता में कार्यक्रम का आयोजन करेगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और कोयला सचिव विक्रम देव दत्त शामिल होंगे।

कोयला मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि सीआईएल ने अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में कदम रखा है। इस कंपनी ने वित?त वर्ष 1975-76 के दौरान 89 मिलियन टन (एमटी) से कोयला का उत्पादन




शुरू किया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 773.6 मीट्रिक टन हो गया। कोयला मंत्रालय के तहत महारत्न कंपनी ने 8.7 गुना की शानदार वृद्धि दर्ज है।

मंत्रालय ने बताया कि देश में कोयला की जरूरतों को पूरा करने और ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सीआईएल एक नवंबर, 2024 को अपनी स्थापना के 50वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। सीआईएल एक नवंबर, 1975 को राष्ट्रीयकृत कोकिंग कोल (1971) और नॉन-कोकिंग खानों (1973) की शीर्ष होल्डिंग कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई थी।

कोयला मंत्रालय के मुताबिक कोल इंडिया अपनी पूरी आपूर्ति का 80 फीसदी अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को निर्देशित करने के साथ सीआईएल नागरिकों को उचित मूल्य पर बिजली प्राप्त करने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालांकि राष्ट्रीयकरण के शुरुआती वर्षों में सीआईएल के कर्मचारियों की कुल संख्या 6.75 लाख थी, जो अब करीब एक तिहाई घटकर 2.25 लाख रह गई है। लेकिन इसके उत्पादन में उछाल आया है।

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कोल इंडिया को भेजे बधाई संदेश में कहा कि सीआईएल अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश कर रही है, जिसमें कई उपलब्धियां शामिल हैं। भारत में कोयले का उत्पादन अभी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंचा है। मंत्री ने कहा कि महंगे आयात से बचने के लिए स्वदेशी उत्पादन बहुत जरूरी है। कोल इंडिया को भविष्य में लोगों के सामाजिक उत्तरदायित्व, कल्याण और सुरक्षा को समान महत्व देते हुए उत्पादन को उच्च स्तर तक बढ़ाना होगा।

## स्टेट बैंक ने देबाशीष मिश्रा को नई दिल्ली मंडल का सीजीएम किया नियुक्त




**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने देबाशीष मिश्रा को नई दिल्ली मंडल के मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) के पद पर नियुक्त किया है। वह कल्पेश के. अवसिया की जगह लेंगे, जो हाल में सेवानिवृत्त हुए हैं।

एसबीआई ने शनिवार को एक बयान में कहा कि देबाशीष मिश्रा को नई दिल्ली मंडल का मुख्य महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति 01 नवंबर, 2024 से प्रभावी हो गयी है। वे कल्पेश के. अवसिया की जगह लेंगे। देबाशीष मिश्रा को देश और विदेश में क्रेडिट, संचालन, विदेशी मुद्रा, आईटी, मानव संसाधन और एमएसएमई क्षेत्रों में व्यापक कार्य का अनुभव है।

उल्लेखनीय है कि एसबीआई के नई दिल्ली मंडल में 1700 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं।

## लॉर्ड्स ऑटोमोटिव ने भदोही में यूपीसीएल 2024 के मैन ऑफ द टूर्नामेंट को इको-फ्रेंडली इलेक्ट्रिक बाइक देकर किया सम्मानित

**लखनऊ।** खेल में युवा प्रतिभाओं को सपोर्ट करने के लिए लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी और इको-फ्रेंडली




दोपहिया (टू-व्हीलर) और तिपहिया वाहन (थ्री-व्हीलर) बनाने वाली अग्रणी कंपनी लॉर्ड्स ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के भदोही में आयोजित उत्तर प्रदेश चैम्पियन्स लीग (यूपीसीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट को गर्व के साथ प्रायोजित किया। जेबी बनारस ग्रुप द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में राज्यभर की अच्छी क्रिकेट प्रतिभाओं ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। इस टूर्नामेंट में 14 टीमों ने हिस्सा लिया और कुल 30 मैच हुए। इन मैचों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के 154 खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट से जुड़े कौशल का प्रदर्शन किया।एक भव्य ग्रैंड फिनाले के साथ इस टूर्नामेंट का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में पूर्व विधायक रवींद्र त्रिपाठी ने भी शिरकत की। अवॉर्ड देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में टीएम डीएम बलिया के दीपू गेल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें भदोही के जिलाधिकारी विशाल सिंह, आईएएस द्वारा लॉर्ड्स जूम इलेक्ट्रिक बाइक भेंट की गई। यह पुरस्कार सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन को आगे बढ़ाने और खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धियों का जश्न मनाने को लेकर लॉर्ड्स ऑटोमेटिव की प्रतिबद्धता को दिखाता है। लॉर्ड्स ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ वीर सिंह ने टूर्नामेंट को लेकर अपना उत्साह जाहिर करते हुए कहा, भविष्य के लीडर्स तैयार करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए हम खेल की ताकत में यकीन करते हैं। यूपीसीएल 2024 के लिए हमारी स्पॉन्सरशिप, स्किल, समर्पण और खेल भावना का परिचय देने वाले युवा एथलीट को सपोर्ट कराने की हमारी सतत प्रतिबद्धता का हिस्सा है। हम ऐसे कार्यक्रम का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं जो भारत भर में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और परिवहन के इको-फ्रेंडली सॉल्यूशन को देशभर में सपोर्ट करने से जुड़े हमारे विजन के अनुरूप है।

## भारतीय रेलवे के एडवांस रिजर्वेशन के नए नियम हो गए लागू, यात्रियों के साथ रेलवे को भी होगा फायदा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने एडवांस टिकट रिजर्वेशन के नए नियम लागू कर दिया है। नए नियम के अनुसार अब यात्री 60 दिन पहले ही टिकट बुक करवा सकते हैं। अक्टूबर में इसका टेन्योर 120 दिन था। भारतीय रेलवे ने बताया कि नए नियम का लाभ यात्रियों के साथ रेलवे को भी होगा। हम आपको इस आर्टिकल में नए नियम के बारे में विस्तार से बताएंगे।

भारतीय रेलवे ने एडवांस रिजर्वेशन के नियमों में बदलाव किया है। नए नियम के अनुसार अब केवल 60 दिन पहले ही टिकट बुक कर सकते थे। इससे पहले इसका समय 120 दिन यानी चार महीने था। भारतीय रेलवे ने कहा कि इसका लाभ रेलवे के साथ यात्रियों को भी होगा। हम आपको रेलवे के नए नियम के बारे में बताएंगे।

भारतीय रेलवे ने एडवांस रिजर्वेशन नियमों को कई बार बदला है। समय और यात्रियों के हित में रेलवे ने कई बार यह फैसला लिया है। नीचे दी गई इमेज में हमने बताया है कि एडवांस रिजर्वेशन के नियम में कब-कब बदलाव हुआ है। रेलवे मंत्रालय ने कहा कि कई यात्री 120 दिन पहले टिकट बुक कर लेते हैं पर बाद में इसे कैंसिल करवा लेते हैं। वहीं, कई लोग टिकट ब्लॉक करके धोखाधड़ी भी करते हैं। इन दोनों प्रमुख बातों के कारण रेलवे ने नियम में बदलाव किया है। रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो पाया जाएगा की 21 फीसदी टिकट कैंसिल हो जाती है और 4 से 5 फीसदी यात्री यात्रा ही नहीं करते है। ऐसे में उन यात्रियों को सीट नहीं मिल पाती है जो उसके अधिकार में हैं। रेलवे ने नए नियम की गाइडलाइन सभी स्टेशन और टिकट काउंटर पर भेज दी है। रेलवे ने साफ कहा कि जिन यात्रियों ने 120 दिन पहले ट्रेन टिकट बुक किया है, उनपर कोई असर नहीं होगा। वह उस टिकट पर आराम से यात्रा कर सकते हैं। दरअसल, यह नियम 1 नवंबर से लागू हुआ है। 31 अक्टूबर तक एडवांस टिकट बुकिंग का समय 120 दिन ही था। रेल अधिकारियों ने कहा कि नए नियम के लागू हो जाने के बाद रेलने स्पेशल ट्रेनों की प्लानिंग सही से कर पाएगा।

## ग्राहकों का भरोसा बढ़ाने और अनुभव बेहतर बनाने के लिए काइनेटिक ग्रीन ने लॉन्च किया मिशन फतेह

भारत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर बनाने वाली अग्रणी कंपनी, काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एण्ड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में 'मिशन फतेह' लॉन्च करने की घोषणा की है। इस पहल का मकसद ग्राहकों पर केन्द्रित असरदार कैम्पेन के जरिये उनके साथ रिश्ते को मजबूत बनाना और इस प्रक्रिया में उनके विश्वास को बढ़ाना है। ग्राहकों की आवश्यकताओं एवं पसंद के बारे में गहरी जानकारियाँ लेकर काइनेटिक ग्रीन ऐसे समाधान देना चाहती है, जो उनके अनुकूल हों। इससे कुल मिलाकर ग्राहकों का अनुभव बेहतर होगा और राज्य के शहरों में सर्विस तथा सपोर्ट ज्यादा असरदार हो सकेगा। 'मिशन फतेह' के तहत, काइनेटिक ग्रीन अपने इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर मालिकों को बिक्री के बाद भी बेहतरीन सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहक कई कॉम्प्लिमेंटरी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें वाहन की चेक-अप सेवा, मुफ्त गियर ऑइल, और उनके दरवाजे तक सुविधाजनक सहायता शामिल है। किसी भी समस्या पर विशेष ध्यान



दिया जाएगा, ताकि ग्राहकों का अनुभव बिना किसी रुकावट के बेहतर हो और वे काइनेटिक ग्रीन e3Ws का आनंद ले सकें।

काइनेटिक ग्रीन उन वाहनों के लिए 3 महीने की मुफ्त एक्सटेंडेड वारंटी दे रही है, जिनका नियमित रूप से सही तरीके से रखरखाव किया गया है। वाहनों की इस योग्यता का आकलन सर्विस इंजीनियर द्वारा पूरी जांच के बाद किया जाएगा। यह पहल जिम्मेदार वाहन मालिकों को प्रोत्साहन देने और यह सुनिश्चित करने का तरीका है कि काइनेटिक ग्रीन के उत्पादों से ग्राहक हमेशा संतुष्ट रहें।

इस पहल पर बात करते हुए, काइनेटिक ग्रीन की फाउंडर और सीईओ, सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा, मिशन फतेह सिर्फ एक पहल नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने का हमारा वादा है। हम उनकी मांगों को प्राथमिकता देकर और उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर सेवा देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य ग्राहकों के साथ मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते बनाना है, ताकि उनकी चिंताओं का समय पर समाधान हो और विश्वास और संतुष्टि पर आधारित दीर्घकालिक संबंध विकसित हो सकें। इन संबंधों का आधार हमारे इलेक्ट्रिक वाहनों के स्वामित्व का सकारात्मक अनुभव होगा।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि के साथ अक्टूबर में 7045 यूनिट की बिक्री का बनाया रिकॉर्ड



**गुरुग्राम।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज अक्टूबर, 2024 में 7,045 यूनिट की बिक्री करने की घोषणा की है, जो पिछले साल (अक्टूबर, 2023) की समान अवधि की तुलना में सालाना 31 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाती है। कंपनी के न्यू एनर्जी वाहन (एनईवी) इसकी कुल बिक्री का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने हुए हैं। कुल बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक का योगदान- देश में किसी भी यात्री कार निर्माता द्वारा मासिक बिक्री का उच्चतम हिस्सा- एनईवी को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

स्वच्छ परिवहन की दिशा में भारत की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च के पहले महीने में ही देश की पहली इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटीलिटी व्हीकल (सीयूवी) एमजी विंडसर की 3,116 यूनिट की बिक्री कर ईवी मार्केट की चमक को बढ़ाया है। ये मजबूत बिक्री आंकड़ें, अक्टूबर 2024 के दौरान बेची गईं अन्य सभी यात्री इलेक्ट्रिक कारों में सबसे ज्यादा है।

पिछले महीने की गई अपनी घोषणा के अनुरूप कंपनी वाहन पोर्टल पर अपनी बिक्री संख्या का खुलासा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहन पोर्टल के मुताबिक, कार निर्माता की इस महीने सालाना वृद्धि 34 प्रतिशत (तेलंगाना को छोड़कर) रही है।

फेस्टिव सीजन में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता का एक मजबूत प्रमाण है।

# स्वास्तिक प्रोडक्शन ने अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर की दीवार पर किया अपना अनूठा म्यूजिक वीडियो लॉन्च

**मुंबई।** अपने पौराणिक और आध्यात्मिक टीवी प्रोडक्शन के लिए प्रतिष्ठित स्वास्तिक प्रोडक्शन ने भगवान हनुमान की गौरवशाली कथाओं का उत्सव मनाने के लिए अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया। वीर हनुमान नामक यह कार्यक्रम 30 अक्टूबर 2024 को हुआ और इस अवसर पर ख्यात गायक हर्षित सक्सेना द्वारा स्वरित एक म्यूजिक वीडियो भी लॉन्च किया गया।

इस शाम का सबसे खास हिस्सा रोमांचकारी नया म्यूजिक वीडियो रहा, जो कि प्रभु हनुमान को समर्पित है और उनके जीवन काल की और बाल हनुमान के रूप में उनकी लीलाओं का वर्णन करता है, साथ ही लंका की उनकी यात्रा को बताता है और प्रभु श्रीराम द्वारा उन्हें अयोध्या के कोतवाल के रूप में स्थापित करने जैसे अद्भुत दृश्यों को प्रस्तुत करता है, जो कि उनके साहस और उनकी भक्ति को



स्वास्तिक प्रोडक्शन की ओर से दी गई एक आदरांजलि है। स्वास्तिक प्रोडक्शन परंपराओं और नए कलात्मक माध्यमों को जोड़ने का काम सालों से करता आया है। लेकिन यह पहला और एकमात्र प्रोडक्शन हाउस है, जिसने इतने भव्य स्तर पर हनुमानगढ़ी पर गाना रचा है। छोटी दीवाली और हनुमान जयंती पर होने वाला यह विशेष कार्यक्रम परंपरा और आधुनिक कथाकथन को एक मंच पर लाने का प्रयास है। भक्तिमय मनोरंजन के क्षेत्र में इस प्रकार का भव्य प्रदर्शन पहले कभी नहीं किया गया है और ये भक्ति मनोरंजन के लिए एक नया कीर्तिमान है।

इस मंदिर की भव्य दीवारें भी हनुमान जी की गौरवशाली गाथा को सजीव करने में बड़ा योगदान देने और इस पल को ऐतिहासिक बनाने में भागीदार बनी। 4k प्रोजेक्टर और उच्च गुणवत्ता वाले सराउंड साउंड के साथ इस कार्यक्रम में नर्तकों और कलाकारों के कोरियोग्राफ्ड परफॉर्मेंस भी हुए . इस अवसर पर श्रीमद् रामायण शो के कलाकार भी उपस्थित थे। इस प्रकार से भगवान हनुमान के जीवन के महत्वपूर्ण हिस्सों का प्रदर्शन करता हुआ यह कार्यक्रम एतिहासिक साबित हुआ। इस कार्यक्रम ने हनुमान जी के चरित्र की सभी विशेषताओं को बेहतरीन ढंग से उजागर किया और उनकी भक्ति, शक्ति और विनम्रता से सभी को प्रेरित और सम्मोहित किया। इस अभिनव कथाकथन के माध्यम से स्वास्तिक प्रोडक्शन अध्यात्म और आधुनिक मनोरंजन के बीच की कड़ी बनकर उभरा। स्वास्तिक प्रोडक्शन के फाउंडर और क्रिएटिव हेड सिद्धार्थ कुमार तिवारी ने बताया कि स्वास्तिक प्रोडक्शंस पर हम कथाकथन की सीमाओं को आगे तक बढ़ाकर नए और अभिनव माध्यमों से अपनी कहानी बताने में विश्वास रखते हैं। वीर हनुमान का यह कार्यक्रम भगवान हनुमान की चिरकालिक कथा को समर्पित हमारी अनूठी आदरांजलि है, कुछ इस प्रकार से, जो पहले कभी नहीं देखा गया हो। इस ऐतिहासिक मंदिर की दीवारों पर यह म्यूजिक वीडियो का प्रदर्शन करके हम आध्यात्मिक और आधुनिक को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

## शानदार रिटर्न के लिए कर सकते हैं टैक्स फ्री सरकारी बॉन्ड में निवेश




**नई दिल्ली।** अगर आप शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं और सिक्योर ऑप्शन ढूंढ रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। वैसे को स्टॉक मार्केट में स्टॉक गोल्ड ईटीएफ के अलावा भी कई ऑप्शन है। आप टैक्स-फ्री बॉन्ड में निवेश कर सकते हैं। इसमें मिलने वाले रिटर्न पर आपको टैक्स का भुगतान भी नहीं करना होगा और साथ यह सिक्योर ऑप्शन भी है।

आज के समय में इन्वेस्टमेंट के कई ऑप्शन मौजूद हैं। लेकिन, कुछ समय से बाजार में बॉन्ड ने काफी अच्छा रिटर्न दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इन्टरेस्ट रेट घटाने की उम्मीद के बाद टैक्स-फ्री बॉन्ड्स ने चमक उठा है।

निवेशक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर से टैक्स-फ्री बॉन्ड्स में निवेश कर सकते हैं। वर्तमान में स्टॉक मार्केट कुछ टैक्स-फ्री बॉन्ड्स अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। इन बॉन्ड्स का यील्ड भी काफ अट्रैक्टिव है। इसके अलावा यह सिक्योर और रेगुलर इनकम वाले बॉन्ड हैं।

यह बॉन्ड उन निवेशकों के लिए काफी अच्छा है जो ज्यादा टैक्स स्लैब में शामिल हैं।

## सेवानिवृत्त हुए कैप्टन का हुआ भव्य स्वागत



**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के कटरा रानी गांव के निवासी कैप्टन जितेन्द्र कुमार मिश्र 31 वर्ष तक भारत माता की सेवा करने के पश्चात 31 अक्टूबर 2024 को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के पश्चात अमेठी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर शुभेच्छुओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत यात्रा निकाली। इन्होंने यूएलएस का परीक्षण फील्ड फायरिंग रेंज पोखरण में करवाया था। 1999 में भारत पाकिस्तान के मध्य हुए कारगिल युद्ध में भी अहम भूमिका निभाई थी। इन्हें जीओसी इन चीफ के एवार्ड से भी नवाजा गया। इन्होंने अपनी प्रगति का श्रेय अपने पिता श्री भगवत प्रसाद मिश्र तथा अपने शिक्षागुरु डॉ विजय कुमार मिश्र को दिया है। सकुशल सेवा पूर्ण करने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार दो की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के सेवरही-तमकुहीराज मार्ग पर भटवलिया गांव के सामने एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो युवकों की मृत्यु हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया इमिलिया निवासी कामेश्वर मद्धेशिया के तीन बेटे हैं। उनका छोटा बेटा 21 वर्षीय रंजीत कुमार दीपावली पर तमकुहीराज कस्बे में पटाखे की दुकान लगाया था। सहयोगी के तौर पर अपने दोस्त इमिलिया निवासी 18 वर्षीय एजाज अली को रखा था। दोनों दोस्त बाइक से दुकान की सफाई के लिए निकले थे कि दुर्घटना का शिकार हो गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस सीएचसी तमकुहीराज ले गई जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा ने बताया कि ट्रक पुलिस के कब्जे में है। तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



## जनरल स्टोर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बोदरवार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थानाक्षेत्र कप्तानगंज के पड़ौली गांव स्थित शुभम जनरल स्टोर में शुक्रवार की देर रात संधिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग से दुकान में रखा लाखों का किराना तथा परचून का सामान जलकर राख हो गया। पड़ौली निवासी हीरा पांडे के पुत्र शुभम गांव के मुख्य मार्ग स्थित चौक पर जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं। रोज की भांति शुभम शुक्रवार की देर रात दुकान बंद कर घर सोने चले गए। दुकान पर कोई नही था। रात में दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। दुकान में तेज लपटे तथा धुंआ निकलने लगा। निकली लपटे व धुआं से आसपास के लोग जग गए। किसी ने 3 बजे भोर में शुभम के घर जाकर दुकान में आग लगने की सूचना दी। परिजनों संग पहुंचें दर्जनों ग्रामीणों ने बाल्टी तथा टुल्लू पम्प चलाकर आग को नियंत्रित किया। थोड़ी देर बाद बोदरवार चौकी तथा 112 नंबर पुलिस भी पहुंच गई तथा स्थिति की जानकारी ली। शुभम ने बताया बैंक से कर्ज लेकर दुकान किए हैं। अब बैंक का कर्ज कैसे चुकता तथा परिवार का परवरिश कैसे करूगां समझ में नही आ रहा है। दुकान में आग कैसे लगी इसके बारे में कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है।

## दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**लालगंज रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** लालगंज-बछरांवा मार्ग में चांदा गांव के पास हुई मार्ग दुर्घटना में एक बाईक सवार युवकी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के रौला गांव निवासी अवध नरेश सिंह पुत्र जयकरन व धर्मेन्द्र पुत्र रामनरेश यादव बाईक से लालगंज की ओर आ रहे थे। चांदा गांव के पास सामने से आ रहे दुग्ध डेयरी के लोडर ने उसकी बाईक में ठोकर मार दी जिससे दोनो गंभीर रूप से जख्मी हो गये। आसपास के ग्रामीणो व पुलिस की मदद से दोनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सको ने अवध नरेश को मृत घोषित कर दिया।

# महिलाओं ने भगवान गोवर्धन की पूजा कर मनाया अन्नकूट पर्व

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजन कर अन्नकूट पर्व शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर भोर में दरिद्र भगाने के साथ महिलाओं ने परम्परागत तरीके से गोवर्धन कूटने की रस्म पूरा करते हुए पूजन अर्चन कर भगवान श्रीकृष्ण अन्नकूट का भोग लगाया। भोर में उठी महिलाओं ने सबसे पहले सूपा को डंडा से पीटते हुए घर से दरिद्र भगाया। इसके बाद गोबर से भगवान गोवर्धन आकृति की पूजा की। बहनों ने भाइयों की लंबी आयु की कामना की।

बताया जाता है कि इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए जब भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अंगुली पर उठाया, तो लीला का उद्देश्य इंद्र के अभिमान को तोड़ने के साथ प्रकृति के महत्व के बारे में बताना था। कहा यह भी जाता है कि भगवान कृष्ण ने इंद्र का घमंड तोड़ने के लिए ब्रजवासियों को गोवर्धन पूजा करने की सलाह दी थी। वहीं इस पर्व का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि दूसरे पक्ष में पहले बहने अपने भाइयों को श्राप देकर मारती हैं और पुन॰ अपने श्राप से मुक्त कर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। यह भाई बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है। यह पर्व जीवन में रंग घोलती प्रकृति का छंटा हमारे त्योहारों के साथ कई युगों से अटूट कड़ी के रूप में जुड़ी है। यह पर्व प्रकृति जीवन में उल्लास के साथ पथ को आगे भी बढ़ाती है। इस कड़ी का हिस्सा है गोवर्धन पूजा।

**प्रेम व स्नेह का प्रतीक है भईया दूज**

भैया दूज अर्थात यम द्वितीया को भाई व बहनों के बीच का प्रेम व स्नेह का प्रतीक है। दीवाली के दो दिन बाद पड़ने वाला यह ऐसा पर्व है जो भाई के प्रति बहन के स्नेह की अभिव्यक्त करता है और बहनें अपने भाई की खुशहाली के कामना करती है। इस दिन भाई बहन के घर जाते हैं और टीका आदि लगाते हैं। आज भी परंपरागत ढंग से यह त्योहार बहनें उत्साहित होकर मनाती हैं।

### श्री चित्रगुप्त पूजा आज

मनुष्यों के कर्मो का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा-आराधना शुक्ल पक्ष के द्वितीया तिथि रविवार को पडरौना नगर के श्री चित्रगुप्त धाम स्थित चित्रगुप्त मंदिर पर की जायेगी। यह जानकारी श्री चित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीदास महराज के निर्देश पर चित्रगुप्त मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा व महासचिव संजय चाणक्य ने देते हुए जनपद के सभी चित्रांश समाज के लोगो को रविवार को बारह बजे दिन में मंदिर पर पहुंचकर भगवान श्री चित्रगुप्त के साथ कलम दवात की पूजा करने की अपील की है।

## मलघोट बिरैचा में गोवर्धन पूजा पर मेले का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पथरदेवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मलघोट विरैचा व सेमहरवा में हर साल की भांति इस साल भी गोवर्धन पूजा के शुभ अवसर पर मेला व कुश्ती का भव्य आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मवीर गुप्ता, उमेश यादव प्रधान शाहपुर पुरैनी अक्षय लाल मद्धेशिया प्रधान भैसाडाबर, गुलाब यादव प्रधान सकतुई, समरधु सिंह प्रधान पिपरा, बृजकिशोर कुशवाहा प्रधान गौरकोठी, कुबेर मद्धेशिया प्रधान घुसवा मेले में आए अतिथिगणों का स्वागत ग्राम प्रधान मलघोट विरैचा रामाशीष कन्नौजिया द्वारा माला व साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया साथ ही ग्राम पंचायत के लोग भी मौजूद रहे। कृष्ण मोहन तिवारी भूतपूर्व प्रधान मलघोट विरैचा, सुबाष सिंह भूतपूर्व प्रधान मलघोट विरैचा, रणधीर सिंह पूर्व प्रधान मलघोट विरैचा, श्रीराम तिवारी, जितेंद्र तिवारी, विनय तिवारी, अनिल राय, रमायन यादव, दुखहरण प्रसाद, प्रभहंस यादव, भोला लाल श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान पिपरा, रामक्यास यादव, सुशील राय, शंकर राय, बालजीत सिंह, विनोद प्रसाद, धर्मेंद्र यादव, मनोज यादव, विरेन्द्र यादव, बाबुनंद शर्मा, सचिन कनौजिया, अमित कनौजिया, रोहित कनौजिया, अमन कनौजिया, अविनाश कनौजिया, आदित्य प्रजापति, सागर कनौजिया, केवल यादव मौजूद रहे।

# गौशालाओं में आयोजित गो पूजन कार्यक्रम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** गोवर्धन पूजा के अवसर पर शनिवार को जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों में गो-पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी गौशालाओं को भव्य तरीके से सजाया गया तथा गो पूजन के उपरांत गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया गया। इस अवसर पर विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत वृहद गो संरक्षण केंद्र दक्खिन गांव में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पूरे विधि विधान से गो-पूजन किया तथा मौजूद गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया।जिलाधिकारी ने गोवंशों को नियमित रूप से भरपेट चारा खिलाने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए गोवंशों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए गौशालाओं में हरा चारा भूसा पशु आहार स्वच्छ पेयजल छांव सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाओं की उपलब्धता रहे। उन्होंने कहा कि कोई भी गोवंश बाहर घूमता पाया जाए तो उसे तत्काल गो आश्रय स्थल में संरक्षित कराया जाए साथ ही सभी गोवंशों की ईयरटैगिंग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोम प्रकाश तिवारी पशु चिकित्सक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## पेट्रोल टैंकर पलटने से लगी आग

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत तेज रफ्तार पेट्रोल टैंकर अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। टैंकर पलटते ही उसमे भी भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। टैंकर पलटने से घायल ड्राइवर और कंडक्टर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लोधियावा गांव के पास शनिवार अपरान्ह लगभग 3 बजे वाराणसी से लखनऊ की तरफ जा रहा तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद टैंकर से करीब 100 मी ऊपर धुंआ उठने लगा जो कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। घटना की जानकारी राहगीरो ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची।

# बलदेव मठिया ने मोहित सिहोरवां को दिखाया आसमान



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत अजीजनगर में शनिवार को दंगल का आयोजन किया गया था जिसमें दूर दराज से आए पहलवानों ने दावपेच आजमाए। कुश्ती का आयोजन पूर्व प्रधान श्रवण यादव के देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान आयोजक द्वारा पहलवानों से हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ कराया। कुश्ती में सबसे पहले बलदेव मठिया ने सिहोरवां के मोहित को आसमान दिखाया। इसी प्रकार मुटूरु बोदरवार ने राजन सिहोरवां को, विशाल मठिया ने विवेक सिहोरवां को, अतुल मठिया ने सिहोरवां के प्रियांशु, पप्पू बोदरवार ने शिशुपाल अटकहां को पटखनी दी। इसके अलावा कई अन्य पहलवानों ने कुश्ती में दावपेच आजमाए। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, शंकर दयाल मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, मिथिलेश यादव, रामनेती उर्फ छठठू यादव, सतीश मद्धेशिया, राघवेंद्र यादव कुश्ती कोच खलीलाबाद, शिवेंद्र पहलवान, शिवन पहलवान, आशुतोष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मुडिला हरपुर मार्ग गढ्ढों में तब्दील, अजीजनगर अथरहां का एक वर्ष में दूसरी बार हो रहा निर्माण

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** अजीजनगर-अथरहा मार्ग को पीडब्ल्यूडी ने एक ही वर्ष के अन्तराल में दो बार मरम्मत करा दिया जबकि मुडिला हरपुर मार्ग पिछले तीन वर्षो से टूटकर गढ्ढों में तब्दील हो गई है लेकिन विभाग इसपर ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्र के लोगों ने टूटी सड़कों को अविलंब बनवाने की मांग किया है।

बता दें कि मोतीचक क्षेत्र के अजीजनगर अथरहा मार्ग सड़क खस्ताहाल को देखते हुए क्षेत्र के लोगों ने सांसद से अजीजनगर अथरहा दुबौली मार्ग को चौड़ीकरण करने की मांग बीते वर्ष किया था लेकिन सांसद द्वारा दिए गए आश्वासन में भले ही सड़क का चौड़ीकरण नहीं हो सका लेकिन उक्त सड़क को लोक निर्माण विभाग दो बार पिच कर दिया। अजीजनगर अथरहा पिच मार्ग बीते वर्ष सड़क को गढ्ढा मुक्त करने के लिए पीडब्ल्यूडी ने पैचिंग किया था।

क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि यह सड़क सतभरिया गांव के समीप सिर्फ टूटी हुई थी लेकिन लोक निर्माण विभाग अपनी कमी छुपाने के लिए पूरी सड़क को ही दोबारा हॉट मिक्स मशीन से आनन-फानन में पिछले दिनों पिच कर दिया, जबकि बगल के अथरहा मुड़िला हरपुर व मथौली मार्ग में अथरहा से मुडिला गांव तक 3 किमी सड़क में गढ्ढा दिखाई दे रहा है जिसे विभाग बनाना जरूरी नहीं समझ रहा है।

क्षेत्र के रणधीर राव बल्लू बाबू, बड़ेलाल उपाध्याय सहित तमाम लोगों में बनवाने की मांग किया है। इसके साथ ही लोगों ने अजीजनगर अथरहा मार्ग को दो बार पिच कराया गया है जिसे विभागीय जांच की मांग किया है।

# पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को किया रवाना

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी माह नवम्बर-2024 को यातायात माह के रूप में मनाया जाना प्रस्तावित है। जिसके क्रम में आज 2नवम्बर को मुख्य अतिथि श्री संकल्प शर्मा पुलिस अधीक्षक देवरिया एवं श्री दीपेन्द्रनाथ चौधरी अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं श्री सुनील कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण भवन देवरिया से यातायात जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर यातायात माह नवम्बर-2024 का शुभारम्भ किया गया व सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गयी तथा इसी दौरान यातायात उपकरण स्टॉल का भ्रमण किया गया तथा उनके प्रयोग किये जाने विषय में जानकारी की गयी एवं यातायात उपकरणों का अधिक से अधिक के प्रयोग किये जाने हेतु यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया। हम प्रतिज्ञा करते हैं कि हम सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपनी ओर से पूरा प्रयास करेंगे तथा दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनेंगे। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नही चलाएगें। कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहेनेंगे। वाहन चलाते समय हमेशा कभी भी मोबाइल फोन पर बात नही करेंगे तथा न कोई मैसेज भेजेंगे न दखेंगे। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे तथा अपने परिजनों से पालन करायेंगे। सड़क दुर्घटना पीडितों की मदद करने हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस रैली में यातायात पुलिस के साथ-साथ महिला आरक्षी एवं आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह निरीक्षण भवन, पुलिस लाइन तिराहा, भटवलिया तिराहा, रुद्रपुर मोड़ चौराहें, रोड़वेज तिराहा, कचहरी तिराहा, सुभाष चौक, एसएसबीएल ग्राउड से ट्रैफिक कार्यालय देवरिया पर जाकर समाप्त हुई। इस जागरूकता रैली के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुये यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान श्री अंशुमान श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी यातायात श्री गुलाब सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री विजय राज सिंह के साथ-साथ यातायात पुलिस के अधि0/कर्म0गण उपस्थित रहे। इस वर्ष यातायात माह-नवम्बर 2024 में श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशों के अनुरूप यातायात जागरूकता माह को सफल रूप से मनाया जायेगा । जिसके अनुरूप यातायात माह में निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष यातायात पुलिस/नागरिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से निम्न कार्यवाही की जायेगी। स्कूल/कॉलेजों में छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वाहन चालकों/ट्रक चालकों/ट्रैक्टर मालिकों एवं चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**भाटपार रानी, देवरिया।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बड़हरिया गांव निवासिनी एक महिला ने बाइक से गिरकर घायल होने के बाद दम तोड़ दिया।घटना के बाद गांव में मातम छा गया।वहीं गोवर्धन पूजा व छठ की खुशियां गम में बदल गई। मृत महिला के परिजनों का रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के बड़हरिया गांव निवासिनी रीता देवी पत्नी बलिराम पटेल किसी कार्यवश बाइक पर सवार होकर बिहार प्रान्त के सिवान जिले अंतर्गत स्थित मैरवा जा रही थी।बताया जाता है कि बाइक महिला के पुत्र पुनीत चला रहे थे।अभी वे लोग जगदीशपुर-रतसिया कोठी मार्ग पर स्थित बसावन चक गांव के पास पहुंचे हुए थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे महिला बुरी तरह से घायल हो गई। घायलावस्था में परिजन उसे इलाज के लिए लेकर जा रहे थे कि महिला ने दम तोड़ दिया।



## पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्रीमती इन्दिरा गांधी जी, की पुण्यतिथि एवं लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया, इन्दिरा गांधी वानस्पतिक उद्यान रायबरेली में इन्दिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, जिला पंचायत परिसर स्थित इन्दिरा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं बस स्टेशन चौराहा स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पणकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एडवोकेट ने जिला कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी जी व लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व.इन्दिरा गांधी जी, रायबरेली की जनता के हृदय मे हमेशा जीवित रहेंगी, जनपद वासियो के लिए गर्व की बात है कि विश्व की सबसे शक्तिशाली महिला नेता न सिर्फ उनकी सांसद रही बल्कि वह जनपद वासियों को अपना परिवार मानती थी। सरदार बल्लभ भाई पटेल जी राष्ट्रीय एकता के अद्भुत शिल्पी थे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन लाल सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष वी.के.शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, सईदुल हसन, निर्मल शुक्ला, राजकुमार दीक्षित, पुष्पा यादव, सर्वोत्तम मिश्रा, आशीष द्विवेदी, आलोक विक्रम यादव, अंशुमान गांधी, संजीव शुक्ला, नितिन कुमार, मनोज मिश्रा, अभिनव, सफ्फू खान, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अंकुर चौधरी, चन्द्रेश शुक्ला, चन्द्रकली, केशवती, पोलू खान सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

# पूर्व विधायक भुलई भाई का निधन, पीएम ने जताया दुख

## गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी ने भी जताया दुख, 111 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

अवधनामा ब्यूरो



पीएम नरेंद्र मोदी के साथ पूर्व विधायक भुलई भाई

एक कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ खाना खाते भुलई भाई



**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के सबसे पुराने व वयोवृद्ध कार्यकर्ता श्री नारायण उर्फ भुलई भाई का निधन हो गया। उन्होंने 111 साल की उम्र में शाम 6 बजे कप्तानगंज में अंतिम सांस ली। कोविड काल में भुलई भाई तब चर्चा में आए थे जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद फोन करके उनका हालचाल लिया था। 111 वर्षीय भुलई भाई जनसंघ के टिकट पर विधायक रह चुके हैं। सोमवार को उनकी तबीयत खराब हुई थी और उसके बाद से वो पगार छपरा स्थित अपने घर पर ही ऑक्सीजन पर थे।

भुलई भाई के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, राजनीति और समाज सेवा में अमूल्य योगदान देने वाले नारायण जी का देहावसान एक अपूरणीय क्षति है। वे बीजेपी के सबसे पुराने और कर्मठ कार्यकर्ताओं में शामिल रहे हैं, जिन्हें हम भुलई भाई के नाम से भी जानते हैं। जन कल्याण से जुड़े उनके कार्यों को सदैव याद किया जाएगा।

शोक की इस घड़ी में मैं उनके प्रशंसकों और परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति! केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ताओं में एक नारायण जी उर्फ भुलई भाई का निधन अत्यंत दुःखद है। देशहित व राष्ट्र प्रथम के प्रति समर्पित भुलई भाई, जनसंघ से लेकर भाजपा के माध्यम से युवाओं को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए प्रेरित करते रहे. उनसे हुई मुलाकात में विचारधारा व राष्ट्रवाद के प्रति उनका उत्साह, आज भी मुझे याद आता है। दुःख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके परिजनों के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें।

**सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि –** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भुलई भाई के निधन पर लिखा, भारतीय जनता पार्टी के सबसे पुराने कार्यकर्ताओं में एक एवं पूर्व विधायक श्री नारायण जी उर्फ भुलई भाई का निधन अत्यंत दुःखद और भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा उनके शोकाकुल परिजनों और समर्थकों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

**भगवा कुर्ता, भगवा गमछा भुलई भाई की थी पहचान–** जब भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई तो श्री नारायण उर्फ भुलई भाई एमए के छात्र थे. उस वक्त दीनदयाल उपाध्याय से प्रभावित होकर उन्होंने जब सिद्धांतों के रास्ते पर चलना शुरू किया, तो इन सिद्धांतों का दामन हमेशा थामे रखा। एमए के बाद एमएड किया और इसके बाद भुलई भाई शिक्षा अधिकारी बन गए, लेकिन 1974 में उन्होंने नौकरी छोड़ दी और सियासत में आकर देश और समाज के लिए कुछ करने की ठानी। इसी साल उनको भारतीय जनसंघ ने अपना उम्मीदवार बनाया और भुलई भाई विधायक बन गए। भुलई भाई ने नौरंगिया विधानसभा क्षेत्र में जीत दर्ज की थी। 1977 में जनसंघ के साथ मिलकर बनी जनता पार्टी के चुनाव चिह्न पर फिर विधायक चुने गए। भुलई भाई की पहचान उनका भगवा कुर्ता व भगवा गमछा रहा है।

### कौन थे भुलई भाई...

श्री नारायण उर्फ भुलई भाई भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठतम कार्यकर्ता हैं। भुलई भाई 1974 में नौरंगिया से भारतीय जनसंघ से विधायक रहे हैं। बीजेपी के गठन के बाद भुलई भाई बीजेपी के कार्यकर्ता बन गए। भुलई भाई 1974 में भारतीय जनसंघ के विधायक चुने गए। उस समय देवरिया के नौरंगिया (वर्तमान में कुशीनगर के खड्डा) से भुलई भाई ने विधायक का चुनाव जीता था।

# दीपावली का महापर्व अमन चैन से बीता, महंगाई के चलते व्यापारियों में दिखी मायूसी

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** दीपावली का महापर्व ज्योतिषाचार्य के अनुसार पूरे देश में दो दिन मनाया गया। कुड़वार संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र कुड़वार अंतर्गत प्रभारी थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर चंद्रभान वर्मा ने क्षेत्र के राजापुर, भदहरा बासी ,गंजेहड़ी , भंडरा आदि दर्जनों गांवो का तूफानी दौरा किया और कई स्थानों पर असहाय, निर्बल, निर्धन परिवारों को दीपावली के महापर्व मिठाई लाई चूड़ा आदि उपहार स्वरूप भेंट किया।

**सार्वजनिक स्थानों पर सक्रिय रही थाना कुड़वार पुलिसः** वहीं पर महंगाई को देखते हुए पटाखा व्यापारियों में कुछ मायूसी दिखी।हर वर्ष पटाखा की 6 दुकान लगती थी, इस वर्ष पटाखे की दुकानो में तो इजाफा हुआ और इस बार आठ दुकानें कुड़वार बाजार महाकालेश्वर धाम पर पटाखों से सजी दिखाई दी।

पटाखा व्यवसाई सनी अग्रहरि बताते हैं हर वर्ष की बात इस वर्ष दुकान में तो इजाफा हुआ। लेकिन महंगाई का असर दिखा। बाजार में हर वर्ष की तरह इस वर्ष पटाखा की बिक्री लगभग 30त्न कम हुई। वही पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ राजस्व टीम के कर्मचारी के दुर्व्यवहार से भी पटाखा व्यापारी नाराज दिखे और पुलिस को आता देख राजस्व के कर्मचारी तत्काल पटाखा ग्राउंड से खिसक लिए। क्षेत्र में आपसी सौहार्द और अमन चैन के लिए कुड़वार थाना की पुलिस 24 घंटे सदैव तत्पर इंस्पेक्टर चंद्रभान वर्मा थाना कुड़वार की पुलिस मित्र की कार्य शैली और तत्परता से आम जनमानस और व्यापारी संतुष्ट दिखे। प्रभारी थाना अध्यक्ष थाना कुड़वार इंस्पेक्टर चंद्रभान वर्मा व उनकी पुलिस मित्र ने जनता के बीच भरोसा कायम किया और समस्त क्षेत्र वासियों को महा पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## छठ पर्व के मद्देनजर वेदी बनाते समय पोखरे में डूबा युवक मौत

**आजमगढ़।** छठ पर्व के मद्देनजर वेदी बनाते समय पोखरे में डूबने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मेंहनगर थाना क्षेत्र के हथौड़ी गांव निवासी अवधेश कन्नौजिया का 18 वर्षीय पुत्र सूरज शुक्रवार पूर्वान्ह 9.30 बजे पड़ोसी गांव तिलसडा (मठिया ) के दक्षिणी भाग स्थित पोखरे में छठ पर्व के मद्देनजर गांव के बच्चों के साथ वेदी बना रहा था, इसी बीच पैर फिसलने से पोखरे में चला गया, अन्य साथी सोचे कि डुबकी लगाकर रहा है, कुछ देर बाद दिखाई नहीं दिया तो बच्चों ने शोर मचाया। ग्रामीण घटनास्थल पहुँचे पोखरे में करीब दो दर्जन लोगों ने डुबकी लगाकर खोजबीन की करीब एक घन्टे बाद शव मिला। सूचना पाकर थाना प्रभारी अनुराग कुमार, डायल 112 मौके पर पहुँची। मृतक की माँ अनीता देवी ने तहरीर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर मर्चरी हाउस भेज दिया। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा व आईटीआई का छात्र था। स्वजनों का रो -रोकर बुरा हाल है।

# रेण्डमाइजेशन कर किया विधानसभा बूथवार आवंटन

**ईवीएम, वी.वी.पैट मतदान के दिन बूथों पर जायेंगी**

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने एन.आई.सी. में सामान्य प्रेक्षक, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रत्याशियों की मौजूदगी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का द्वितीय रेण्डमाइजेशन कर उन्हें विधानसभा बूथवार आवंटित किया। उन्होने कहा कि बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वी.वी.पैट को आज बूथवार निर्धारित कर दिया गया है जिसकी प्रति राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, सम्बन्धित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गयी है यही ईवीएम, वी.वी.पैट मतदान के दिन बूथों पर जायेंगी। उन्होने कहा कि द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद प्रथम रेंडमाइजेशन में विधान सभा करहल को आवंटित कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वी.वी.पैट को निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, उम्मीदवारों की उपस्थिति में बूथवार आवंटित किया गया, मतदान के दिन आज रेंडमाइजेशन के उपरांत आवंटित नम्बर की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वी.वी.पैट ही बूथ पर उपलब्ध रहेगी और उसी से मतदान होगा यदि कमीशनिंग के दौरान, पार्टी रवानगी वाले दिन कोई ई.वी.एम. खराब होगी तो उसकी सूचना तत्काल राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, उम्मीदवारों को उपलब्ध करायी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत 110- विधानसभा करहल के उप निर्वाचन हेतु 621-621 कंट्रोल, वैलेट यूनिट एवं 666 वी.वी. पैट आवंटित किये गये थे, जिनमे से आज द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद 110- विधानसभा करहल में स्थित 444 मतदेय स्थलों हेतु इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वी.वी. पैट का आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर वेस रेण्डमाईजेशन कर बूथवार आवंटित किये गये हैं, शेष कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वी.वी. पैट को रिजर्व रखा गया है। रेण्डमाईजेशन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात सामान्य प्रेक्षक विनय सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम जी मिश्र, रिटर्निंग अधिकारी, उप जिलाधिकारी करहल नीरज कुमार द्विवेदी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मयंक शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल निगम अंकित यादव, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार, करहल विधान सभा उप निर्वाचन के प्रत्याशी सुनील कुमार मिश्रा, सचिन कुमार के अलावा राजनैतिक दलों से देवेन्द्र सिंह यादव एड., अर्जुन सिंह, नीलू गौतम, राजवीर सिंह शाक्य, कौशल किशोर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## नदी में नहाने के लिए कूदा युवक लापता, पुलिस ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

**राठ, हमीरपुर।** राठ कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव में स्थित विरमा नदी के पुल से 22 वर्षीय युवक ने नहाने के उद्देश्य से छलांग लगाई, जिसके बाद वह अचानक डूबकर लापता हो गया। युवक के डूबने की सूचना पर सैकड़ों लोगों की भीड़ नदी के किनारे एकत्रित हो गई। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में भीड़ ने हाथापाई शुरू कर दी। फिलहाल हमीरपुर से गोताखोरों को बुलवाकर नदी में डूबे युवक को खोजने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राठ कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव का निवासी 23 वर्षीय रामकुमार, पुत्र दुलीचंद पाल, गुड़गांव में मजदूरी करता था। वह दिवाली के पर्व पर अपने गांव आया हुआ था। सुबह, नहाने के उद्देश्य से वह नदी के ऊपर बने पुल से नदी में कूद गया, जिसके बाद वह अचानक पानी में लापता हो गया। युवक के डूबने की सूचना पर परिजनों सहित सैकड़ों ग्रामीण नदी के किनारे इकट्ठा हो गए और आक्रोशित भीड़ ने नदी के पुल पर जाम लगा दिया।

# पुलिस ने जुआ खेलते 21 जुआरी पकड़े

अवधनामा संवाददाता

**52 ताष पत्ते व 12 अदद मोबाइल किए बरामद**

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा जुआ खेलते हुए 21 जुआरी को पकड़ लिया जिनके पास से कुल 89500 रुपये तथा 52 ताश पत्ते व 12 अदद मोवाईल के बरामद किए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 21 जुआरीयों को ग्राम रैपुरा में तालाब को जाने वाले रास्ते पर पीपल के पेड के नीचे से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। जिनकी जामातलाशी व माल फ्ड से कुल 89500 रुपये व 12 अदद मोबाइल तथा 52 ताश-पत्ते बरामद किये गये। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना रामगढ़ पर मु.अ.सं.- 653/ 2024 धारा 13G ACT(जुआ) पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पकड़े गए अभियुक्तों के नाम हैं दिनेश कुशवाह पुत्र यशपाल सिंह कुशवाह, सुनील कुमार पुत्र हरी सिंह, कोमल सिंह पुत्र सौदान सिंह, गोपाल दीक्षित पुत्र वीरेन्द्र दीक्षित, भोले पुत्र जगदीश, सचिन कश्यप पुत्र वीरी सिंह, शिवम पुत्र सोनू निवासी हनुमानगढ थाना उत्तर, दिनेश कुमार पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद निवासी ठारपूठा थाना रामगढ, महेन्द्र पुत्र खचेर सिंह, निवासी रैपुरा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद। रणजीत कुमार पुत्र रमेश चन्द्र, अवनीश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र, श्रीपाल पुत्र राजाराम, सुमित कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र , सतेन्द्र उर्फटोना पुत्र मुन्ना लाल निवासी उत्तम नगर सैलई थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद, निवासी ग्राम रैपुरा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद। मुलायम सिंह पुत्र लोटन लाल निवासी रैपुरा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद। लालू पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी श्रीराम कालोनी हरी नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद, मोती सिंह पुत्र हरी सिंह निवासी-रैपुरा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद, राजकिशोर पुत्र भोज लाल निवासी गली न. 2 टापा खुर्द थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद, वीरपाल पुत्र बुद्धा राम निवासी गली न. 2 टापा खुर्द थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद, संजय पुत्र सूरज पाल निवासी रैपुरा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद, सुरेन्द्र चन्द्र पुत्र रूप राम निवासी रैपुरा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह मलिक, उ.नि. प्रवीन कुमार, उ.नि. अजय कुमार, उ.नि. अतुल शर्मा, उ.नि. शुभम पवार, म.उ.नि. सुषमा देवी, है.का. 646 नेत्रपाल सिंह, है.का. 670 मोहन श्याम, है.का. 889 सुधीर, है.का. 248 अनुप कुमार, है.का 334 सचिन कुमार, है.का. 1040 अमरपाल सिह, का. 1025 ललित तेवतिया, का. 256 खजान सिंह, का. 1330 योगेन्द्र सिंह, म.का. 401 अंजू शर्मा, म.का. 173 रुकमा देवी थाना रागमढ फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## मौदहा में हर्षोल्लास से मना दीपावली, गोवर्धन पूजा व भाईदूज का त्यौहार

**मौदहा। हमीरपुर।** मौदहा कस्बा सहित आसपास के गांवों में दीपावली, गोवर्धन पर्वत और भाई दूज का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया है। धनतेरस से शुरू हुए इस पांच दिवसीय त्यौहार में लोगों ने प्राचीन मान्यताओं और आधुनिक संसाधनों से ओतप्रोत होकर इन त्योहारों का भरपूर आनंद उठाया है। बताते चलें कि दीपावली का पांच दिवसीय त्यौहार मुख्य रूप से धनतेरस से शुरू होकर भाईदूज तक रहता है।इसी क्रम में इस वर्ष 29 अक्टूबर को धनतेरस से शुरू हुए इस त्यौहार में लोगों ने जमकर खरीदारी की तथा 30 अक्टूबर को छोटी दीपावली के बाद 31 अक्टूबर को घरों को बिजली की रोशनी एवं दीपक जलाकर गणेश लक्ष्मी का पूजन किया है।साथ ही बच्चों और युवाओं ने आतिशबाजी का भरपूर आनंद उठाया है।01 नवंबर को गोवर्धन पूजा के बाद 02 नवंबर को भाईदूज मनाया गया है जिसमें बहनों ने भाइयों को तिलक पर उनकी लम्बी उम्र की दुआएं दी हैं।

# खेल कोटे से आरक्षी पद पर चयनित होने पर किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** रेलवे स्टेशन परिसर स्थित उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन कार्यालय में जिला ओलम्पिक संघ सुलतानपुर के बैनर तले ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे द्वारा जिला के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी जो खेल कोटे से उत्तरप्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर चयनित हुए हैं उन्हें पुष्पहार, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। साथ ही जिला ओलम्पिक संघ के संरक्षक श्री निरंजन कुमार चौरसिया (अपर जिला न्यायाधीश) तथा विशिष्ठ अतिथि दूबेपुर ब्लाक के प्रमुख अखिलेश प्रताप सिंह ÷डिंपल÷ को भी ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।चयनित तीन आरक्षी खिलाड़ियों में अंतरराष्ट्रीय बाक्सिंग खिलाड़ी रागिनी उपाध्याय, राष्ट्रीय हांकी खिलाड़ी सोनल तिवारी एवं हैंडबॉल के राष्ट्रीय खिलाड़ी निहाल कुमार को संघ के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।इस अवसर पर संघ के संरक्षक श्री निरंजन चौरसिया एवं ब्लाक प्रमुख अखिलेश सिंह द्वारा सभी खिलाड़ियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया गया तथा निकट भविष्य में खेल से संबंधित जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी उसके लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया गया। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पूर्व खेल मंत्री ओ.पी सिंह द्वारा भी चयनित तिनों खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।इस अवसर पर एम.एस.बेग, रविन्द्र शुक्ल, प्रदीप सिंह, अतुल श्रीवास्तव दीपक, राकेश सिंह, विजय यादव, प्रवीण मिश्रा, पल्लवी तिवारी, स्वेता मिश्रा, इरशाद खान, रामकुमार मिश्रा, वीर कुमार, राकेश सिंह,सईद अहमद चन्द्रशेखर सिंह, विनय पाठक सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री रॉयल कृष्णा फाउंडेशन द्वारा फेस्टिवल फूड किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** श्री रॉयल कृष्णा फाउंडेशन के तत्वाधान में ज्ञानदीप इंटर कॉलेज में फेस्टिवल फूड किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रॉयल कृष्णा पाठशाला में शिक्षा ग्रहण कर रहे निर्धन परिवारों के बच्चों और उनके अभिभावकों को मिठाई और खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए गए। इस पैकेट में आटा, चीनी, चावल, तेल, खील, खिलौने, मोमबत्तियां, पटाखे, फुलझड़ी और मिठाई आदि शामिल थीं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिरसागंज की अध्यक्ष रंजन गुरुदत्त और विशेष अतिथि डॉ. राम कैलाश यादव तथा सौरभ कुलश्रेष्ठ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जेएस यूनिवर्सिटी की चेयरपर्सन डॉ. गीता यादव ने संगठन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की।

श्री रॉयल कृष्णा फाउंडेशन के संस्थापक आकाश राजा ने फेस्टिवल फूड किट वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि आज भी समाज में ऐसे कई परिवार हैं जो झुग्गी-झोपड़ियों में रहकर त्योहारों की खुशियों से दूर हैं। इन परिवारों को खुशियों का अनुभव कराने के उद्देश्य से हर साल इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रॉयल कृष्णा पाठशाला में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चे और उनके परिवार आर्थिक तंगी के चलते त्योहारों की खुशियों से वंचित न रहें। कार्यक्रम का संचालन हरचरण सिंह चुन्नी ने किया। इस अवसर पर गजेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कृष्णज, दिलीप यादव, लाल यादव, सुनीता पालीवाल, दीप्ति सक्सेना, और मनमीत कौर आशीष यादव वरुण कोहली सिद्धार्थ यादव आलोक शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फूलपुर में 9या 10को होगी अखिलेश की जनसभा

**प्रयागराज।** फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार हाजी मुजतबा सिद्दीकी के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आगामी 9 या 10 नवम्बर को जनसभा करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए सपा मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर ने बताया है कि प्रदेश कार्यालय से संकेत मिलते ही उपचुनाव के प्रभारी पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी, शकील अहमद सहित नेताओं, पदाधिकारियों ने आज प्रस्तावित जनसभा स्थल रुदापुर गाँव में बंदरिया बाग का निरिक्षण किया। मधुर के अनुसार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन के लिये 9एवं 10 नवम्बर का प्रस्ताव एवं जनसभा स्थल की जानकारी जिलाध्यक्ष अनिल यादव द्वारा पार्टी कार्यालय में भेज दिया गया है। राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से निर्धारित तिथि एवं समय की सूचना का इंतजार है। जनसभा स्थल पर अन्य तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# शहर में दौड़ कर फिट रहने का दिया संदेश, भाजयुमो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में याद किए गए लौह पुरुष

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** एकता दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह की अगुआई में शहर के पंत स्टेडियम के नजदीक बारात घर से 5 किमी की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई।लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का माल्यार्पण करने के उपरांत चन्दन सिंह ने बताया सरदार पटेल जी हम युवायों के आदर्श हैं, उनके द्वारा राष्ट्र को एक धागे में फिरोना व कठोर परिश्रम, अनुशासन और आत्मनिर्भरता रास्ट्रभक्ति जैसे गुण, जो उनके नेतृत्व और सेवा के दृष्टिकोण को परिभाषित करती हैं । सैकड़ों की संख्या में मौजूद खिलाडियों को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा ने हरी झंडी देकर रवाना किया। व्यवस्थापक शचींद्र शुक्ल , गौरव मौर्य एवं ऑफिशियल की देख रेख में प्रतियोगिता दीवानी मोड, गोलाघाट, बस स्टेशन, पंचरास्ता दरियापुर, शाहगंज, डाकखाना, तिकोनिया पार्क होते हुए पुनः बारात घर पर समाप्त हुई द्यपुरुष वर्ग में इंदर चौधरी ने जीत दर्ज की। कुलदीप यादव, सतीश गौड़ क्रमशः दुसरे व तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में शाहीन बानो प्रथम, माधुरी यादव द्वितीय एवं मंत्शा बानो को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में योगदान देने वाले गुरुजनों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें जिला वॉलीबाल संघ के कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्र, कबड्डी संघ सचिव महेश यादव, बॉक्सिंग को विजय यादव बॉक्सर, त्यागी बाबा स्टेडियम से राकेश कुमार, पूर्व खिलाड़ी उदय राज सिंह, लखन बाबा ग्राउंड से कृपा शंकर यादव, पैगापुर एथलेटिक्स के नूरैन आलम, ताइक्वांडो कोच प्रणय चंद्र शुक्ल रहे।इस अवसर पर निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष जगजीत सिंह छँगू , महामन्त्री सन्दीप सिंह, आनन्द द्विवेदी, शशिकांत पाण्डे, आशीष सिंह रानू, आकाश जयसवाल, अरिमर्दन सिंह शानू, अंकुर तिवारी, नितिन मिश्रा, दीपू शुक्ला रूद्र शाहू, आसिफ राइन, टंडन तिवारी, अमन आदि मौजूद रहे।

## हज़रत दिलेर शाह रहमतुल्लाह दरगाहे आलिया खानकाह का हुआ कुल

**फिरोजाबाद।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज़रत दिलेर शाह रहमतुल्लाह खानकाह का आज 536वां सालाना कुल का आयोजन किया जाएगा। उर्स की सरपरस्ती सज्जादा नशीन मियां खालिद हुसैन रस्म अदा की जाएगी। उर्स का कार्यक्रम 2 सिंतबर को फ़िरोज़शाह से लेकर सेंटर चौराहा, घंटाघर, नाले की पुलिया पर समापन हुआ। जिसमे हिन्दू , मुस्लिम अकीदतमंद श्रद्धालु, मुरीद आदि शामिल रहे।

## ब्रह्माकुमारी बहनों ने उल्लास के साथ मनाया दीपोत्सव

**टूंडला।** ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर प्रकाश का पर्व दीपावली महोत्सव बड़े हर्ष उल्हास के साथ मनाया। जिसमें महालक्ष्मी, धनलक्ष्मी, राम, सीता, लक्ष्मण की सुन्दर झांकी के दर्शन कराये गये। मुख्य अतिथि टूंडला तहसीलदार बहन राखी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि कुछ बुराइयों को खत्म करते हुए लोगों के प्रति अच्छाईयों की भावना हो हमसे जीतने लोग जुडे हुए हो उनकी समय पर मदद जरूर करें। इस मौके पर बीके विजय बहन, बीके तनु, खुशी, निधि, शिवानी, मधु, रुबी, सोनम, शीला, जनक, मुन्नी, धीरज,राजू आदि उपस्थित रहे।

## विधि विधान से हुई नगर में गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना

**टूंडला।** नगर के देहात के क्षेत्र में शनिवार को गोवर्धन पूजा की गयी। इस मौके पर जय गिर्राज महाराज के नारों से वातावरण गूंज उठा। गोवर्धन पूजा के सम्बंध में बताया गया है कि जब बृज के लोगों ने इन्द्र की पूजा न कर भगवान कृष्ण की पूजा शुरू कर दी तो इन्द्र काफी क्रोधित हो गया। उसने धनघौर बरसात शुरू कर दी। जिससे बृज के लोगों में हाहाकार मच गया। सभी लोग एकत्रित होकर भगवान कृष्ण के पास पहुंचे तो उन्होंने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया और बृज के लोगों की बरसात से रक्षा की। तभी से बृज क्षेत्र में गोवर्धन पूजा शुरू हो गयी है। सुबह के समय सभी घरों में गोवर से गोवर्धन बनाये गये। शाम के समय सभी ने विधि विधान से गोवर्धन की पूजा की। इस दौरान लोगों ने जय गिर्राज महाराज के नारे लगाये जिससे सारा वातावरण गोवर्धन के जयकारों से गूंजने लगा। कुछ लोगों ने आतिशवाजी कर त्यौहार का आनंद लिया।

# पुण्यतिथि पर परिजनो ने मानसिक दिव्यांगजनों को कराया भोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर/अमेठी।** एक समय था जब सुलतानपुर, अमेठी जिले के पत्रकारिता जगत सक्रिय रहे पत्रकार व शासकीय अधिवक्ता स्वर्गीय विवेक विक्रम सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर पत्रकारिता जगत ने उनको याद किया।वहीं परिजनो ने दूबेपुर ब्लाक क्षेत्र स्थित एक विद्यालय मे दर्जनो से अधिक मानसिक दिव्यांगजनो को भोजन कराकर उनके साथ समय व्यतीत कर श्रद्धांजली अर्पित की।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकारों, समाजसेवियों तथा राजनीतिज्ञों ने निर्भीक पत्रकारिता के क्षेत्र में विवेक विक्रम सिंह के उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा की। मौके पर उपस्थित युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने कहा कि स्व. विवेक विक्रम सिंह सुलतानपुर व अमेठी में निर्भीक पत्रकारिता के आधारस्तंभ रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में विवेक विक्रम सिंह के किए गए उल्लेखनीय प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। वही इस मौके पर उपस्थित स्व- विवेक के भाई विशाल विक्रम सिंह ने कहा कि स्व- विवेक विक्रम आज के दौर के पत्रकारों के लिए एक उच्च आदर्श हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से गंगा प्रसाद सिंह, विशाल विक्रम सिंह, राहुल विक्रम, अनुपम, आयुष, हिमांशु श्रीवास्तव, अनुश्रुति,सर्वेन्द्र, ईशान, आर्यवीर सिंह सहित दर्जनो लोग मौजूद रहे।

## भगवान गोवर्धन गिरधारी की परिक्रमा कर की गई अन्नकूट की पूजा

**प्रयागराज।** मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज में स्थित प्राचीन श्री राधा कृष्ण की मंदिर में 1899 से लगातार परंपरागत चलती चली आ रही भगवान गोवर्धन गिरधारी की अन्नकूट पूजन का आयोजन संयोजक कुमार नारायण एंव राजेंद्र नारायण के द्वारा पूर्ण विधि विधान के अनुसार किया गया। इस अवसर गाय की गोबर का गोवर्धन पर्वत एवं भगवान श्री कृष्ण की जमीन पर आकृति बनाकर उनकी स्तुति करते हुए सात बार गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करते हुए अन्नकूट पूजन की परंपरा निभाई गई। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि भगवान गोवर्धन गिरधारी को 56 प्रकार की विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से कढ़ी, चावल, रोटी, सब्जी, पापड़, रबड़ी, मक्खन, मलाई, मालपुआ, रसगुल्ला, सिंघाड़ा, सूरन, गोभी, बैगन, पत्ता गोभी आदि की सब्जी और फल मेवा खीर रहे। इस अवसर सांसद उज्जवल रमण सिंह, महापौर गणेश केसरवानी, राघवेंद्र सिंह पूर्व के पी ट्रस्ट अध्यक्ष, सुशील जैन आदि सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे।

# गोमती मित्र दिवाली मनाने दलित बस्ती में पहुंचे, दलित परिवार व बच्चों के खिले चेहर

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए÷।कवि गोपाल दास नीरज की इन पंक्तियों को चरित्राथ करते हुए व सामाजिक समरसता के भाव को जागृत करने के लिए गोमती मित्र मंडल ने इस वर्ष दीपावली का पर्व एकदम अलग तरीके से नगर से 35 किलोमीटर दूर जयसिंहपुर ब्लाक के डोमापारा गांव में स्थित दलित बस्ती में दलित भाइयों के साथ पूरी मस्ती और उत्साह के साथ मनाया।ग्रामीणों ने भी इस मौके का न केवल आनंद लिया बल्कि अत्यधिक भाव विभोर दिखे कारण बिना किसी राजनीति के सामाजिक भावनाओं के साथ किसी सामाजिक संगठन द्वारा उनके बीच में उनके साथ मनाया जाने वाला दीपावली के पर्व का यह अवसर उनके लिए एकदम अलग सा था।गोमती मित्रों के द्वारा हर घर में दीपों का प्रज्वलन किया गया, सामूहिक आरती हुई व प्रत्येक परिवार को लाइ, खील, बताशे व मिष्ठान का वितरण किया गया। ग्राम प्रधान रौनक सिंह व ओ.एस.डी उच्च शिक्षा नागालैंड सरकार रत्नेश पांडे ने गोमती मित्रों के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।संरक्षक डॉक्टर सुधाकर सिंह व प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने ग्रामीणों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि हम बीच-बीच में आते रहेंगे।ग्राम प्रधान रौनक सिंह से आग्रह किया गया की किसी रविवार को शाम होने वाली आरती में अधिक से अधिक ग्रामीणों को लेकर पहुंचें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक डॉ सुधाकर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, दिनेशानंद महाराज, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, ग्राम प्रधान रौनक सिंह, राजेंद्र शर्मा, राकेश सिंह दद्दू, रत्नेश पान्डेय, राम क्िंचल मौर्य, मुन्ना पाठक, अजय प्रताप सिंह, युवा मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा, आलोक तिवारी, सन्तोष सैनी, अनुज सिंह, सोनू सिंह, राजा भैया, सुजीत कसौधन, विनय सिंह, सत्यम् सिंह, संदीप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एनसीएल में धूम-धाम से मनाया गया कोल इंडिया का 50वां स्थापना दिवस



**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में शुक्रवार को होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का 50वां स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर एनसीएल के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी /संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह ने मुख्यालय में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रम शहीदों को नमन किया। इस दौरान एनसीएल के श्रमिक संघ के जेसीसी सदस्यगण, सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्यामधर दुबे, एचएमएस से अशोक कुमार पाण्डेय, सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह, एनसीएल के सभी विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी उपस्थित रहे। कोल इंडिया के 50वें स्थापना दिवस पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम ने सभी कर्मियों और हितग्राहियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोल इंडिया इस वर्ष अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती मना रहा है। कोल इंडिया ने अपनी 50 वर्ष की गौरवशाली यात्रा के दौरान कई गुना प्रगति की है। उन्होंने कोल इंडिया को भारत सरकार के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में से एक बताते हुए कहा कि इसका हिस्सा होने पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने एनसीएल कर्मियों से आगामी समय में उत्पादन लक्ष्यों को हासिल करने का आह्वान किया। साथ ही टीम एनसीएल पर भरोसा जताते हुए कहा कि एनसीएल हर साल की तरह इस साल भी अपने लक्ष्यों से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# यातायात माह का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** प्रत्येक वर्ष की भांति नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जाता है। इसके दृष्टिगत सोमवार को पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा यातायात माह नवंबर 2024 का शुभारंभ किया गया। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों एवं उपस्थित नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि हादसों में मृत्यु दर बढ़ रही है। इसको रोकने के लिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि यातायात नियमों का पालन करें आदि जानकारी दी। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। जनपद में जो भी व्यक्ति यातायात नियमो का उल्लंघन करेगा उनके विरुद्ध एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। इसी दौरान उन्होंने यातायात उपकरण स्टॉल का भ्रमण किया गया तथा उनके प्रयोग किये जाने विषय में जानकारी की गयी एवं यातायात उपकरणों का अधिक से अधिक के प्रयोग किये जाने हेतु यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त ट्रैफिक संबंधी नियम और लोगों को यातायात संबंधी जानकारियों देने के लिए यातायात माह नवंबर 2024 जागरूकता रैली का शुभारंभ फीता काटकर किया गया साथ ही लोगों को यातायात संबंधी जानकारी और जागरूकता देने के लिए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में आमजनों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ एवं अन्त में सभी के द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। जागरूकता रैली पुलिस लाइन इटावा से रवाना होकर, एसएसपी चौराहा, शास्त्री चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा, पक्का तालाब चौराहा, पुलिस लाइन तिराहा से वापस पुलिस लाइन इटावा में समाप्त की गयी। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध श्री सत्यपाल सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं पुलिस के अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह : हितग्राही सम्मेलन का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि थीम पर 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत अनेक कार्यक्रम शामिल हैं। इसी क्रम में शनिवार को एनसीएल मुख्यालय में हितग्राही सम्मेलन (स्टेकहोल्डर मीट) का आयोजन किया गया। हितग्राही सम्मेलन में एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक उपस्थित रहे जिनके समक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित हितग्राहियों ने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं विचार रखे। इस दौरान अनेक समस्याओं का संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा निराकरण किया गया तथा समस्याओं के निराकरण के लिए हितग्राहियों को आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों ने विभिन्न व्यवसायिक प्रक्रिया से संबंधित सुझाव भी रखे। इस दौरान अनेक हितग्राहियों ने एनसीएल द्वारा मिल रहे सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में एनसीएल द्वारा निवारक सतर्कता, कारोबार में सुगमता, नीतिगत बदलाव, जेम-पोर्टल में बदलाव आदि हेतु उठाए जा रहे विभिन्न कदमों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में एनसीएल की परियोजनाओं के विभागों के स्टाफ अधिकारी, अन्य कर्मी व बड़ी संख्या में कंपनी से जुड़े हितग्राही उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रिद्धी स्वीट्स के सुंदर गिफ्ट लोगों को खूब पसंद आये



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय स्टेट बैंक के सामने स्थित रिद्धी स्वीट्स के संचालक अतुल यादव ने इस बार भी दीपावली पर ग्राहकों के लिए सुंदर पैकिंग के साथ मिठाई अथवा गिफ्ट तैयार कर उपलब्ध कराए। शुद्ध देसी घी से बनी तरह-तरह की मिठाई व ड्राई फ्रूट्स उपलब्ध कराए। दिन भर मिठाई के शौकीन लोगों की भीड़ रही।

### दीपोत्सवः श्री बल्देव प्रसाद सुरेश यादव मिष्ठान भंडार पर मिठाइयां व नमकीन लोगों को खूब पसंद आई



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** नगर के बल्देव चौराहे पर दीपावली पर श्री बल्देव प्रसाद सुरेश यादव मिष्ठान भंडार पर शुद्ध देसी घी से बनी मिठाइयां व नमकीन लोगों को खूब पसंद आये। शास्त्री चौराहे पर शरद यादव ने अपने मिष्ठान भंडार को सजाकर तरह-तरह की ग्राहकों को मिठाई के साथ ड्राई फ्रूट्स भी उपलब्ध कराई। दूसरी ओर बल्देव चौराहे पर सुरेश यादव, विकास यादव व विक्रम यादव ने भी खूब की मिठाई की बिक्री।

### बल्देव स्वीट पर गर्म-गर्म इमरती का लिया मज़ा



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** नगर के बल्देव चौराहे पर दीपावली पर श्री बल्देव प्रसाद यादव मिष्ठान भंडार पर संचालक नरेश चंद्र यादव मिठाई की बिक्री करते हुए। दुकान के एक ओर विश्वास यादव तो दूसरी ओर उनके पिता जी ग्राहकों को उनकी पसंद की मिठाई करा रहे थे उपलब्ध।

### न्यू अंजली स्वीट से खूब खरीदी गई देसी घी से बनी मिठाइयां



**इटावा।** नगर की मशहूर न्यू अंजली स्वीट हाउस पर शुद्ध देसी घी से बनी मिठाई की बिक्री करते विमलेश कुमार जैन, संचित जैन व मौजूद ग्राहकों की भीड़। मिठाई के शौकीनों ने इस दीपावली तरह-तरह की मिठास का लिया मज़ा।

### पुलिस लाइन में गरीब, असहाय बच्चों को बांटी फूलझड़ी, मोमबत्ती व मिठाईयाँ



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** दीपावली पर्व के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं धर्मपत्नी श्रीमती नीलम राय वर्मा द्वारा पुलिस लाइन में गरीब, असहाय बच्चों को मिठाईयां मोमबत्ती, दीपक एवं फुलझड़ी का वितरण करते हुये बच्चों के साथ कुछ समय व्यतीत कर खुशियां बांटी। उपहार पाकर सभी बच्चो के चेहरों पर प्रसन्नता दिखाई दी एवं सभी के द्वारा इटावा पुलिस की प्रशंसा करते हुये धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, प्रतिसार निरीक्षक किश्वर अली एवं अन्य अधि0, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### श्री हीरालाल स्वीट को सुंदर सजाया गया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** दीपावली पर पक्का तालाब चौराहे पर स्थित श्री हीरालाल स्वीट एंड रेस्टोरेंट का नज़ारा देखने योग्य रहा। दुकान को सजाकर सुंदर रूप दिया गया। दुकान के संचालक रजत पटेल ने इस दीपावली ग्राहकों को एक ओर विशेष प्रकार की मिठास उपलब्ध कराई तो दसरी ओर गर्मा गर्म इमरती भी दिन भर उपलब्ध कराई।

### तीन मंज़िला दुकान में लगी आग



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** तीन मंजिला दुकान में लगी आग। बताया जाता है कि एक करोड़ की खाद बीज व दवाइयां जलकर राख हुई है। रोडवेज बस स्टैंड पर देहाती बीज भंडार में लगी भीषण आग। शॉर्ट सर्किट से सुबह लगी आग लाखों का हुआ नुकसान बताया गया है। दुकान में रखे कई कीमती सामान जैसे चेक बुक रुपए वही खाता समेत कई कीमती कागज जलकर राख हो गए हैं। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई जिसमें लगभग एक करोड़ से ऊपर का नुक़सान बताया जा रहा है। देहाती बीज भंडार के मालिक सतीश चंद्र कुशवाहा ने बताया की नीचे दुकान और गोदाम और उसी के ऊपर हम लोग रह रहे थे इनका बीज और दवाइयां का होलसेल का हमारे यहां बड़ा काम है। दुकान और घर में रह रहे नौ लोग सभी सुरक्षित निकल आए किसी प्रकार जनहानि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी पटेल ने बताया दमकल की पांच गाड़ियों से लगभग 25-30 टैंकर पानी लाया गया तब जाकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर पहुंची थाना कोतवाली पुलिस सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की

### सुमेरपुर में दीपावली पर जमकर हुआ जुआ का खेल

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** सुमेरपुर में दीपावली पर्व पर जहाँ घरो घरों में रोशनी की जगमाहट रही वही हार-जीत के प्रेमियों ने जमकर जुआ खेला कस्बा में नालबंद, जुआडखानो के अलावा मुहल्ले मुहल्ले में जुए के फड़ आबाद रहे। लाखो रूपये के वारे न्यारे हुए लेकिन पुलिस जुआ पकड़ नही पाई कस्बा सुमेरपुर सहित कई गांवों में नालबंद जुए के अड्डे तो बराबर चलते रहते है लेकिन दीपावली पर्व पर इनकी संख्या में और इजाफा हो जाता है। इस वर्ष दीपावली में कस्बा सहित गाँवो में बेधड़क जुए के अड्डे संचालित रहे जुआ खेलने वालो को पुलिस का कोई खौफ नही रहा। लोगों का कहना है कि कस्बा में अकेले दो दर्जन से भी अधिक नालबंद जुआ का खेल चलता रहा जहाँ लाखों की हार-जीत हुई इसके अलावा छोटे छोटे जुए की फड़ो की भरमार रही। पुलिस गश्त तो करती रही लेकिन जुआडियों को पकड़ नहीं सकी।

# जिलाधिकारी ने गौशाला का निरीक्षण कर किया गौपूजन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** गोवर्धन पूजा के दृष्टिगत जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने ग्राम पंचायत नदेहरा व बिलहड़ी स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम नदेहरा ग्राम पंचायत स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहाँ की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा गौपूजन कर गायों को गुड़ व हरा चारा आदि खिलाया। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला में चारा पानी भूसा के पर्याप्त प्रबंध रखे जाएं तथा हरा चारा की व्यवस्था रखी जाए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने बिलहड़ी स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहाँ के भूसा व अन्य स्टॉक को देखा। तत्पश्चात गौपूजन कर गायों को गुड़ आदि खिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले ठंड के मौसम के दृष्टिगत गौशालाओं में ठंड से बचाव के पर्याप्त प्रबन्ध रखे जाय इसमें किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कोई भी अन्ना गोवंश सड़कों पर इधर-उधर घूमता ना पाया जाए। अन्ना गोवंश को प्रत्येक दशा में गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। बीमार पशुओं की नियमित रूप से जांच कर उनको स्वास्थ्य लाभ दिया जाए। कहा कि सभी गौशालाओं में टीनशेड / छाया आदि का प्रबंध रखा जाए। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्साधिकारी व खंड विकास अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं यथा चारा, पानी,भूसा ,टीनशेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला तथा अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध ढंग से बिक रहा है गुटखा

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर सहित ग्रामीण क्षेत्र में गुटखा का अवैध कारोबार धड़ल्ले के साथ चल रहा है। एक या दो मशीनो का लाइसेंस है लेकिन दर्जनों मशीनें अवैध ढंग से चल रही है गुटखा बनाने वाले बैन होने के बावजूद तम्बाकू मिश्रित गुटखा खुलेआम बाजार में बेचे जा रहे है। कस्बा सुमेरपुर में देखा जाये तो यहाँ एक दर्जन से भी अधिक गुटखा बताने वाली मशीने घड़?घड़ा रही है और कई नामो से गुटखा बना रही है। लोगो का कहना है कि गुटखा बनाने के लिये लाइसेंस एक या दो मशीनो का मिलता है लेकिन यहां तो गुटखा व्यव?सायी लाइसेंस की आड़ में अलग-अलग स्थानो पर अवैध रूप से मशीने लगाकर गुटखा बनाकर बेच रहे हैं लेकिन ताज्जुब की बात तो यह है कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी ऐसे व्यवसाइयों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं कर रहे है। लोगो ने बताया कि अवैध रूप से चल रही मशीने तभी चल रही है क्योकि ऐसे लोगों की विभागीय अधिकारियो से सांठ गांठ रहती है। तम्बाकू मिश्रित गुटखा बनाने पर प्रतिबंध होने के बावजूद कस्बा में गुटखा बनाने वाले व्यवसाइयों पर इसका कोई असर नहीं दिखायी पड़ता है। विभिन्न नामो के नाम से बेचा जाने वाला गुटखा अधिकांश तम्बाकू मिक्षित ही बिक रहा है। कुछ लोग दिखाने के लिए सुपाड़ी व तम्बाकू के अलग-अलग रैपर तैयार करवाते है जिससे कोई छापा आदि पड़े तो यह दिखा सकें कि नियमों के तहत ही काम कर रहे है। कस्बा में कई बार कई अवैध कारोबारियो के यहाँ छापा भी डाले गये और अवैध ढंग से तैयार किया गया माल भी पकड़ा गया लेकिन सुविधा शुल्क के आगे कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। इसीलिये गुटखा का व्यवसाय करने वाले पैसों की धमक से कोर्ट के आदेशो की धज्जिया उड़ा रहे है। कस्बा के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रो में भी गुटखा बनाने की मशीने चल रही है जहाँ ये महीने चल रही है उनके पास तो लाइसेंस भी नही है फिर भी विभाग के अधिकारियो की मिली भगत से गुटखा का धंधा फलफूल रहा है। नियम चाहे जैसे भी बने लेकिन उनका पालन नहीं हो पाता लोगो का कहना है कि जिस तरह तम्बाकू मिश्रित गुटखा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया था इसका पालन कराने के लिये यदि अधिकारी सक्रियता के साथ इसे बंद कराने के लिये ठान लेते तो निश्चित तौर पर इसे रोका जा सकता था। लेकिन कमाई के चक्कर में इसे बंद कराने के लिये केवल खाना पूर्ति ही की गयी जिसका असर यह रहा कि तम्बाकू मिश्रित गुटखा आज भी तैयार हो रहा है और खुलेआम बाजार में बेचा जा रहा है। गुटखे के चलन ने युवा,वृद्ध के साथ-साथ बच्चों व महिलाओ को भी अपनी चपेट में ले लिया है जिसका लाभ गुटखा निर्माता उठा रहे है। लत के कारण लोगों को सड़ी गली सुपाड़ी और घटिया किस्म की तम्बाकू जैसा भी गुटखा मिलता है उसी का उपयोग किया जा रहा है भले ही लोगो की सेहत के नाम वह हानिकारक हो कस्बा सुमेरपुर में प्रतिदिन लाखो रुपये का गुटखा तैयार किया जाता है और इसे कस्बा से लेकर अन्य जनपदो में इसकी सप्लाई की जाती है। इस अवैध कारोबार को केवल कमाई का जरिया बना लिया गया है उन्हें लोगो की सेहत से कोई परवाह नहीं है।

# गोवर्धन पूजा पर गौ पूजा कर नपा अध्यक्ष ने दिया संदेश

**रावटसगंज नगर पालिका क्षेत्र के गौशाला में गौ पूजा**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** गोवर्धन पूजा पर्व पर रावटसगंज नगर पालिका क्षेत्र के गौशाला परिसर में शनिवार को नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा गौ सेवा कर पूजन अर्चन के माध्यम से आम जनमानस को दिया संदेश। वही नापाक अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि गोवर्धन पूजा के दिन को पूजा कर गौ माता की सेवा धर्म में उच्च मानी जाती है एक संदेश देने का कार्य मेरे द्वारा किया गया है वहीं लोगों को भी इसमें जोड़ने और प्रेरित करने के लिए बताया गया कहा गया कि बढ़-चढ़कर नगर वासी गौ सेवा करें और गौ माता के लिए सामग्री एकत्रित कर दान करें जिससे की गौशाला में गव पालन में भोजन सामग्री के साथ पोष्टिक आहार उप्लब्भता हो पाए। अध्यक्ष ने बताया कि गौ माता की सेवा करते हुए पूजा पाठ कर विधि विधान से वहां मौजूद सभासद गण व हम जनमानस का आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर जेई मनीष कुमार, मनोज चौबे, धर्मराज जैन, अनवर अली, अजीत सिंह, सजीत, अंत सोनी, विनोद कुमार, शनि कुमार, दिनेश कुमार, प्रशिद्ध नाथ शुक्ला, रामविलास, आकाश आदि लोग मौजूद रहे।

### मिठाई विक्रेता उपभोक्ताओं की आंखों में धूल झोंककर कमा रहे मोटा मुनाफा

**हमीरपुर।** दीपावली के महापर्व पर मिठाइयों की बढ़ती मांग के चलते मिलावट खोर भी सक्रिय हो गए है। त्योहारी सीजन में ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए मिलावटखोर मानकविहीन मिठाईयां भी तैयार कर रहें हैं। जनपद में त्यौहारी सीजन का फायदा उठाते हुए बिना मैनुफैक्चरिंग व एक्सपाईरी डेट के खुलेआम मिठाइयां काउंटर की शोभा बढ़ा रही हैं। मिलावटखोरों द्वारा मिठाइयों में मिलावट करना आम बात हो गई है। जिससे लोगों के त्योहारों का ना सिर्फ मजा खराब होता है बल्कि मिलावटी सामानों से बनी मिठाइयां लोगों की सेहत पर बुरा असर डालती है। जिससे ऐसे खाद्य पदार्थो के कारण मानव जीवन खतरे में है। इसलिए दीपावली पर्व पर विशेष सावधानी की आवश्यकता है। जनपद हमीरपुर सहित राठ कस्बा में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री अपने चरम पर है।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने लक्षित तनाव प्रबंधन सत्र का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए कार्यस्थल के तनाव, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों, और व्यावसायिक चुनौतियों के प्रबंधन के प्रभावी तरीकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की। यह पहल विभिन्न हितधारक समूहों के लिए लक्षित थी और कर्मचारियों और संबंधित पेशेवरों की समग्र भलाई के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। इस पहल का नेतृत्व करते हुए मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी ने विंध्याचल में सीआईएसएफ कर्मियों के साथ कार्यस्थल के तनाव को समझने और प्रबंधित करने पर एक सशक्त सत्र का आयोजन किया। डॉ. चतुर्वेदी ने सुरक्षा बलों द्वारा सामना की जाने वाली विशिष्ट दबावों पर चर्चा की और तनाव से निपटने के सक्रिय तरीकों पर जोर दिया, जिससे पेशेवर प्रदर्शन और व्यक्तिगत भलाई दोनों को सुरक्षित किया जा सके। इसी बीच वरिष्ठ सलाहकार (विंध्य चिकित्सालय) डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ ने डीपीएस और टाइनी टॉट्स स्कूलों के शिक्षकों के लिए एक विशेष कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें शिक्षण के मानसिक मांगों के प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन प्रयासों को पूरा करते हुए वरिष्ठ सलाहकार(विंध्य चिकित्सालय) डॉ. प्रतीमा महेंद्र और डॉ. अभिषेक वैस (चिकित्सा अधिकारी) ने विंध्य अस्पताल के नर्सिंग और समर्थन स्टाफ के लिए एक प्रभावशाली सत्र का नेतृत्व किया। चिकित्सा पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, इस सत्र ने चिकित्सा वातावरण में मौजूद तनावों का सामना करने और कार्यस्थल के दबावों को सकारात्मक रूप से प्रबंधित करने के तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया। ये सभी पहलें एनटीपीसी विंध्याचल की मानसिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को कार्यस्थल की उत्कृष्टता के एक स्तंभ के रूप में दर्शाती हैं।

### हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी वीर लोरिक पत्थर मारकुंडी पर गोवर्धन पूजा संपन्न

**सोनभद्र।** शनिवार को वीर लोरिक पत्थर के गोवर्धन पूजा समिति ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर लोरिक पत्थर पर गोवर्धन पूजा आहूत किया गया जिसमें पतिवाह बाबा ने विधि विधान से पूजा किया और खोलते हुए दूध से स्नान कर यह प्रेरणा दी की आज भी आदी शक्ति में शक्ति है। गोवर्धन पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद उत्तर प्रदेश लाल बिहारी यादव एवं सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा कि आज भी लोग आदि शक्ति में विश्वास करते हैं जिसका जीता जागता हुआ पतिवाह बाबा ने खोलने दूध में स्नान कर साबित कर दिया कि आदी शक्ति में शक्ति है। इसी साथ उन्होंने कहा कि जिस तरह इस पूजा पंडाल में हर समाज के लोग दिखाई दे रहे हैं। इस तरह आगामी विधानसभा चुनाव में आप लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करें जिससे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बन सके और हर वर्ग का विकास कर सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के राम निहोर यादव राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा रमेश चंद दुबे दिनेश यादव राम प्रसाद के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पूजा समिति के उपस्थित थे।

# फतेहपुर में एएनआई के पत्रकार की हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**आखिर कब तक देश का चौथा स्तंभ कहलाने वाले पत्रकार रहेंगे बिना सुरक्षा के**

**बाँदा।** जनता दल यूनाइटेड की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल ने अपने पदाधिकारी एवं जनपद के पत्रकार साथियों के साथ मिलकर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौपा। दीपावली के समय फतेहपुर में एक न्यूज़ एजेंसी एएनआई के संवाददाता युवा पत्रकार दिलीप सैनी की हत्या कर दी गई थी जिसके विरोध में पत्रकारों में काफी रोस , वही जनता दल यूनाइटेड की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल ने अपने पदाधिकारी एवं बांदा के पत्रकार साथियों के साथ मिलकर के ज्ञापन भेजा है, उन्होंने देश के प्रधान मंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व डीजीपी को भेजें गए ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि फतेहपुर में एक पत्रकार साथी की निर्मम हत्या कर दी गई है जो की बहुत ही निंदनीय है। इस तरह के मामले लगातार देश व प्रदेश से सामने आते रहते हैं। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द इस मामले में कार्रवाई करते हुए, पत्रकार सुरक्षा कानून के तहत पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए, क्योंकि वह अपने जान से खेल करके लोगों की खबरो को उजागर करते हैं, एवं तमाम दबंगों के खिलाफ खबरें चलते हैं इसके उनको जान का खतरा बना रहता है इसलिए पत्रकारों की सुरक्षा हेतु एक ठोस कदम उठाते हुए उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में सम्मिलित लोग जदयू महिला जिला अध्यक्ष बांदा निहारिका मंगल जी,जदयू जिला उपाध्यक्ष महिला सुशीला निषाद जी,प्रशांत मंगल जी जदयू जिला अध्यक्ष व्यावसायिक प्रकोष्ठ, जेडीयू बांदा नगर अध्यक्ष महिला मिथिला सोनी जी , मनीष मंगल जी उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष बांदा भगवान सिंह जी कामता प्रसाद जी, जाफिर खान जी, शकील खान जी, पुष्पेंद्र दीक्षित जी,पत्रकार सुनील सक्सेना जी,पत्रकार राजकुमार जी, पत्रकार पुरन राय जी, पत्रकार नवीन कुमार मिश्रा जी, पत्रकार संदीप कुमार जी, पत्रकार दिनेश कुमार जी,पत्रकार श्रीकांत जी आदि।

# मीडिया कर्मी को पीटने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** सरीला कस्बे में खबर प्रकाशित करने से नाराज नगर पंचायत चेयरमैन व उसके साथियों द्वारा दो पत्रकारों को कमरे में बंद कर नंगा करके बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित पत्रकार अमित द्विवेदी व शैलेंद्र मिश्रा का आरोप है कि चेयरमैन पवन अनुरागी और उसके साथियों ने उन्हें नंगा कर पिटाई की, उनके हाथों में असलहा थमाकर फोटो खींची और इसका वीडियो भी बनाया। पत्रकारों के साथ हुई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी ने इस घटना को लेकर यूपी सरकार पर जमकर हमला बोला है। सपा ने अपने आधिकारिक ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर वीडियो साझा करते हुए भाजपा सरकार और उनके नेताओं पर पत्रकारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने नगर पंचायत चेयरमैन और उसके समर्थकों पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन ऊंची पहुँच रखने वाले चेयरमैन ने भी पलटवार करते हुए पत्रकारों के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत चेयरमैन सहित आठ लोगों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पत्रकारों का मेडिकल करवाया और आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जरिया थाना प्रभारी भरत कुमार ने बताया कि चेयरमैन पवन अनुरागी, अखिलेश राजपूत, विक्रम यादव, नरेंद्र विश्वकर्मा, आरके सोनी, आकाश अनुरागी समेत दो अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। दूसरी तरफ, चेयरमैन के समर्थक आकाश अनुरागी ने भी पत्रकारों पर हमला करते हुए उनके खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का मामला दर्ज करवा दिया है। आरोप है कि दोनों पत्रकार असलहा लेकर घर में घुसे और तोड़फोड़ की। आरोपियों ने यह भी दावा किया है कि दोनों पत्रकार नशे में थे और उनकी गतिविधियों से पड़ोसी परेशान हो गए थे।

# डेंगू प्रभावित क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण

**नगर विकास मंत्री और महापौर लखनऊ ने लखनऊ के बालूअड्डा और विकासखंड में डेंगू पीड़ितों से मिलकर जाना हाल-चाल**

- लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता हेतु बांटे पैम्फलेट
- अधिकारियों को नियमित साफ-सफाई कराने और डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में एंटीलार्वा का छिड़काव व फागिंग कराने के दिए निर्देश
- सफाई मित्रों से मुलाकात कर सफाई किट वितरित कर किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा और लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने शनिवार को सुबह 9: 00 बजे लखनऊ के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों जोन-01 के बालूअड्डा और गोमतीनगर के विकासखंड पहुंचकर वहां की साफ सफाई का औचक निरीक्षण किया और डेंगू पीड़ितों से मिलकर उनका हाल-चाल लिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दी।

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा निरीक्षण के लिए पहले बालूअड्डा पहुंचे, वहां पर प्रयाग नारायण रोड के मकान नंव 02 में डेंगू पीड़ित ए.के.शर्मा, मकान नंव 28 में अजय सिंह और बृजेश सिंह से मुलाकात कर उनका हाल-चाल लिया। बालू अड्डा के संजय गांधी नगर के मकान नंव 4/103 में ओम प्रकाश शर्मा की पुत्री अनुष्का, मकान नंव 3/14 में अजय श्रीवास्तव से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया। मंत्री बालूअड्डा के निवासियों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता हेतु पैम्फलेट भी वितरित किए और क्षेत्र में साफ सफाई को लेकर जागरूक रहने को कहा।उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को भी बेहतर साफ सफाई कराने तथा क्षेत्र में एंटीलार्वा का छिड़काव कराने व फागिंग कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने वहां पर 10 सफाई कर्मियों को स्वच्छता किट देकर स्वच्छता कार्यों को बेहतर तरीके से करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बालूअड्डा तिराहे पर लगी पानी की टंकी की टोटियों से लगातार बह रहे पानी को रोकने के लिए टोटियों को बदलने का भी निर्देश दिया।

इसके पश्चात् नगर विकास मंत्री गोमतीनगर के विकास खण्ड 05 में पहुंचकर वहां के मकान नंव 5/51 में डेंगू पीड़ित एच.एन. अग्रवाल और सविता गर्ग से मिले और उनका हाल-चाल लिया। उन्होंने क्षेत्र के निवासियों से मिलकर डेंगू से बचाव के लिए पैम्फलेट बांटे और उनकी समस्याएं सुनी तथा क्षेत्र की साफ सफाई के बारे में जानकारी ली। क्षेत्रवासी मंत्री के कार्यों की प्रशंसा की। मंत्री ने वहां पर 20 सफाई मित्रों को स्वच्छता किट देकर सम्मानित कर सफाई कार्यो के लिए प्रोत्साहित किया।



गोमतीनगर में निर्माणाधीन फिक्स कॉम्पैक्टर डंपिंग यार्ड के प्रगति कार्यों का किया निरीक्षण, निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

तत्पश्चात नगर विकास मंत्री ने गोमतीनगर के दयाल पार्किंग के पास आधुनिक सुविधाओं से युक्त 350 टन क्षमता के निर्माणाधीन बिन फिक्स कॉम्पैक्टर के प्रगति कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु निर्मित इस डंपिंग यार्ड को मार्च 2025 तक में पूरा कराने के निर्देश दिए।

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा की नगरीय निकायों में नियमित साफ सफाई के लिए निकाय अधिकारी और सफाई कार्मिक प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। नगरों में डेंगू,चिकनगुनिया और मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम तथा संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए नियमित रूप से एंटीलार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जा रही है, जहां कहीं पर भी डेंगू के केस मिल रहे, वहां पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं और बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है।

# कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना की आवेदन तिथि 10 नवंबर 2024 तक बढ़ी

- 25 नवंबर 2024 से प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जाएगा
- 'ओ' लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन किया जा सकेगा आवेदन
- योजना के अंतर्गत अब तक 9 हजार से अधिक आवेदक अंतिम रूप से जमा कर चुके हैं आवेदन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए द्वितीय चरण में अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक और युवतियों के लिए आवेदन तिथि में विस्तार किया है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 10 नवंबर 2024 तक 'ओ' लेवल एवं 'सी.सी.सी.' कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 थी। इस योजना के अंतर्गत अब तक 9 हजार से अधिक आवेदक अपने आवेदन को अंतिम रूप से जमा कर चुके हैं।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक और युवतियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवेदन तिथि में विस्तार का निर्णय लिया गया है, ताकि अधिक से अधिक युवा इस कार्यक्रम से जुड़ सकें। संशोधित समय-सारिणी के अनुसार, प्रशिक्षणार्थियों को अपने आवेदन के साथ सभी आवश्यक शैक्षिक प्रमाणपत्र और अन्य दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। इसके पश्चात, आवेदन की प्रति डाउनलोड कर उसे समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित 10 नवंबर 2024 तक संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय में हार्ड कॉपी के रूप में जमा करना आवश्यक है।

11 नवंबर से 16 नवंबर 2024 तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों और उनके अभिलेखों का प्रिंट प्राप्त कर आवेदकों के आय, जाति प्रमाण पत्र तथा शैक्षिक अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद, पात्र प्रशिक्षणार्थियों के आवेदन सत्यापित कर लॉक किए जाएंगे और त्रुटिपूर्ण अथवा अपात्र आवेदनों को अस्वीकृत किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों की सूची तैयार कर, निदेशालय द्वारा संस्थावार एवं पाठ्यक्रमवार आवंटित लक्ष्य के अनुसार, जनपद स्तर से अनुमोदन के बाद चयनित लाभार्थियों के नाम डिजिटली लॉक किए जाएंगे। इसके साथ ही, चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी, जिसे जिला स्तरीय चयन समिति का अनुमोदन प्राप्त होगा।

18 नवंबर 2024 से 24 नवंबर 2024 तक चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित संस्था में प्रवेश दिलाते हुए निलिट में रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

# बीएसपी अकेले लड़ेगी उपचुनाव: मायावती

- हवा-हवाई नारों व पोस्टरबाजी आदि के चक्कर में बिल्कुल भी नहीं

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद मायावती ने मीडिया को सम्बोधित करते कहा कि: मीडिया बन्धुओं, जबसे उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा की सीटों पर उपचुनाव घोषित हुये हैं और इस बार इन सभी विधानसभा की सीटों पर बी.एस.पी. भी अकेले यह चुनाव लड़ रही है, तो तबसे बीजेपी व सपा गठबन्धन की नीन्द उड़ी हुई है, क्योंकि बी.एस.पी ने यहाँ काफी समय से एक आदि उपचुनाव को छोड़कर अधिकतर उपचुनाव नहीं लड़े हैं तबसे खासकर ये दोनों पार्टियाँ यानि की बीजेपी व सपा तथा इनका गठबन्धन अभी तक इन चुनावों में अन्दर-अन्दर आपस में मिल-बाँट कर ये चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन इस बार हो रहे उपचुनाव में जब बी.एस.पी. भी मैदान में डटी हुई है तो अब इन दोनों पार्टियों व इनके गठबन्धन की काफी परेशानियाँ बढ़ गई है, जिससे जनता का ध्यान बाँटने के लिए अब बीजेपी ''बटेंगे तो कटेंगे'', और सपा एण्ड कम्पनी के लोग ''जुड़ेंगे तो जीतेंगे'' इन नारों को प्रचारित करने व इनकी पोस्टरबाजी आदि भी खूब करने में लगी हैं, जबकि इनकी हर मामले में रही दोगली सोच व नीतियों को ध्यान में रखकर वास्तव में होना यह चाहिये कि बी.एस.पी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे व सुरक्षित भी रहेंगे। हालाँकि प्रदेश में विकास व कानून-व्यवस्था के मामले में बी.एस.पी. की रही सरकार की तुलना में बीजेपी की वर्तमान में चल रही सरकार से व इसके पूर्व में सपा के रहे शासनकाल से भी जनता को यह जरूर सोचना चाहिये कि इन तीनों में से केवल बी.एस.पी का ही शासनकाल काफी बेहतरीन रहा है। ऐसे में इनको ये हवा-हवाई नारों व पोस्टरबाजी आदि के चक्कर में बिल्कुल भी नहीं पड़ना है।

इसलिए अपनी कमियों की वजह से ही अब बीजेपी के लोग यह नारा लगाकर उपचुनाव में वोट माँग रहे है कि ''बटेंगे व तो कटेंगे'' तथा वहीं सपा के लोग भी यह नारा लगाकर वोट माँग रहे हैं कि ''जुड़ेगे तो जीतेंगे'', जबकि इनकी आड़ में ये दोनों पार्टियाँ और इनके गठबन्धन यहाँ के लोगों को केवल गुमराह कर रहे हैं जिनसे इन सीटों के वोटरों (मतदाताओं) को सावधान रहना बहुत जरूरी है। इतना ही नहीं बल्कि सपा की रही सरकार में तो यहाँ अधिकारी लोग नहीं बल्कि सपा के गुण्डे, बदमाश व माफिया आदि ही ज्यादातर इनकी सरकार चलाते रहे हैं और अब ऐसा लगता है कि यहाँ हो रहे उपचुनाव में सपा अपने गुण्डों बदमाशों व माफियाओं को अन्दर-अन्दर यह कह रहे हैं कि यह उपचुनाव जीतोगे तो आगे सरकार बनाओगे, तभी फिर बचे रहोगे।

# बिजली कंपनियों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से चलाई जाने वाले प्रादेशिक साप्ताहिक वेबीनार में पूरे प्रदेश से बडी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने जुडकर बिलिंग संबंधी कनेक्शन संबंधी व किसाने की समस्याओं से संबंधित अपनी समस्याओं पर चर्चा की और स्मार्ट प्रीपेड मीटर के चेक मीटर पर भी विस्तार से उपभोक्ता परिषद ने उपभोक्ताओं को अवगत कराया नोएडा गाजीपुर बलिया मैनपुरी लखनऊ प्रतापगढ सहित अनेको जनपदों के विद्युत उपभोक्ताओं ने जहां किसानों की समस्याओं व ओवर बिलिंग की दिक्कतों से उपभोक्ता परिषद को अवगत कराया वही उपभोक्ताओं के प्रति अभियंताओं की उदाशिंता पर भी चर्चा हुई और उसका सार्थक उपाय खोजने पर सभी उपभोक्ताओं ने बोल दिया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश के सभी अपने विद्युत उपभोक्ताओं से यह अपील की कि जहां पर भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रहे हैं वहां-वह इस बात का मिलान जरूर कर लें कि उनके क्षेत्र में 5 प्रतिशत पुराने मीटर को जो उनके परिसर पर पहले से लगा है को चेक मीटर के रूप में स्थापित किया जा रहा अथवा नहीं और सभी विद्युत उपभोक्ता केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई गाइडलाइन के तहत स्वत अपने पुराने मीटर और नए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की रीडिंग का मिलान कर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर कहीं तेज तो नहीं चल रहा है कहीं भार जंपिंग तो नहीं कर रहा है कहीं घटिया क्वालिटी का तो नहीं है केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई गाइडलाइन के तहत चेक मीटर निशुल्क 3 महीने तक उपभोक्ता के परिसर पर रहेगा और सभी विद्युत उपभोक्ता इसकी रिपोर्ट अपने पास तैयार रखें जहां चेक मीटर लगा है वहां पर पुराने मीटर और नए स्मार्ट प्रीपेड मीटर की रीडिंग में कितना अंतर आ रहा है अथवा अंतर नहीं आ रहा है यदि कहीं भी घटिया क्वालिटी की शिकायत मिलेगी तो उसे पर विद्युत नियामक आयोग और पावर कारपोरेशन प्रबंधन से बात की जाएगी वेबीनार में जुडे 90 प्रतिसत विद्युत उपभोक्ताओं ने कहा उनके क्षेत्र में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम तो शुरू हो गया है लेकिन उसके समानांतर पुराने मीटर को चेक मीटर के रूप में स्थापित नहीं किया जा रहा है जिस पर उपभोक्ता परिषद ने सभी को केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई गाइडलाइन से अवगत कराते हुए कहा आपके क्षेत्र में जब कोई भी मीटर कंपनी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए तो उसे केंद्र सरकार की गाइडलाइन के तहत अवगत कराते हुए अपने अधिकार को उसे प्राप्त करें कहीं कोई दिक्कत हो तो उपभोक्ता पर सबको अवगत कराए। उपभोक्ता परिषद ने टैरिफ व विद्युत वितरण संहिता संबंधी महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी वेबीनार में जुडे अपने विद्युत उपभोक्ताओं को दी और नोएडा क्षेत्र के डूब क्षेत्र से जुडे विद्युत उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द बिजली का नया कनेक्शन मिले पर भी चर्चा की और प्रबंधन सहित ऊर्जा विभाग से बात करने की योजना बनाई। उपभोक्ता परिषद के वेबीनार में प्रमुख रूप से अपनी बात रखने वालों में योगेंद्र कुमार दुबे विनय चौबे अनूप कुमार मौर्य बी के गुप्ता संदीप कुमार सानू कुमार विमल दीक्षित सहित अनेकों उपभोक्ताओं ने अपनी बात रखी।

## लखनऊ को वैश्विक नगर बनाने के लिए विकास कार्यों में तेजी लाए

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ की ऐतिहासिक समस्याओं के समाधान के लिए व शहर को वैश्विक नगर बनाने के लिए कराए जा रहे विकास कार्यों में गति लाई जाए। नगर में कहीं पर भी जलभराव न हो, सीवर की समस्या न रहे, इसके स्थाई समाधान के लिए प्रोजेक्ट बनाकर कार्य किया जाए। सभी प्रमुख नालों को ढकने के लिए भी प्रोजेक्ट बनाया जाए। जल निकासी के लिए पूरे शहर का ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाए, जिससे कहीं पर भी जलभराव न हो, नगरीय योजनाओं के विकास कार्यों के लिए किसी भी प्रकार से धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शनिवार को लखनऊ नगर निगम के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर के बेहतर व्यवस्थापन के लिए एलडीए, पीडब्ल्यूडी और रेलवे से समन्वय बनाकर कार्य कराया जाए। नागरिकों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी प्रयास किए जाए।

## लेबनान और ग़ज़ा के शहीदों की याद में मजलिसे चेहल्लुम आज

**लखनऊ।** लेबनान और ग़ज़ा के शहीदों की याद में रविवार को ऐतिहासिक आसिफी इमामबाड़े में यादे शोहदा कांफ्रेंस और मजलिसे चेहलुम आयोजित होगी। हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह, हमास नेता इस्माइल हानिया सहित लेबनान और ग़ज़ा के शहीदों की याद में रविवार को बड़े इमामबाड़े में शाम 7 बजे से यादे शोहदा कांफ्रेंस में विभिन्न धर्मों से जुड़े लोग शामिल होंगे। कांफ्रेंस में अयोध्या से महाराज आनंद, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान वाएजी, इंडिया फिलीस्तीन सोलिडेरिटी फोरम के अध्यक्ष डॉ. सुनीलम, फोरम के संस्थापक सचिव फीरोजे मिथिबोरेवाला, नूर फाउण्डेशन के अध्यक्ष मौलाना डॉ. मुस्तफा मदनी, मैग्सैसे एवार्ड विजेता संदीप पाण्डेय, प्रसिद्ध लेखक व आलोचक डॉ. अनीस अशफाक और इलाहाबाद स्थित खानकाहे जैदिया अलविया वारसिया के सज्जादानशीन इंजीनियर फैजान वास्ती, सूफी मोईन चिश्ती, मौलाना गुलाम कादिर, पत्रकार अमरीष मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल होंगे। कांफ्रेंस के बाद होने वाली मजलिस को मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी खिताब करेंगे।

# विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' सी.एम.एस. में 22 नवम्बर से

- 58 देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश व कानूनविद् प्रतिभाग करेंगे

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का 25वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' 22 से 24 नवम्बर 2024 तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु 58 देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद के अध्यक्ष, न्यायमंत्री, संसद सदस्य, मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् लखनऊ पधार रहे हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। खन्ना ने बताया कि 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51' पर आधारित यह ऐतिहासिक सम्मेलन विश्व एकता, विश्व शान्ति एवं विश्व के ढाई अरब से अधिक बच्चों के सुन्दर एवं सुरक्षित भविष्य को समर्पित है। खन्ना ने बताया कि इस ऐतिहासिक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री, भारत सरकार, अर्जुन राम मेघवाल, कानून एवं न्यायमंत्री, भारत सरकार, कीर्तिवर्धन सिंह, राज्यमंत्री, विदेश, भारत सरकार, डा. सुधांशु त्रिवेदी, सांसद, राज्यसभा, सुकाटालिन नोवाक, पूर्व राष्ट्रपति, हंगरी, कार्लोस मैनुअल विला नोवा, राष्ट्रपति, साओ टोम और प्रिंसिप, सर रॉडनी एरे लारेंस विलियम्स, गवर्नर-जनरल, एंटीगुआ और बारबुडा, कासम उतीम, पूर्व राष्ट्रपति, मॉरीशस, न्यायमूर्ति एंथनी थॉमस एक्विनास कार्मोना, पूर्व राष्ट्रपति, त्रिनिदाद और टोबैगो, डा. पाकलिथा बी मोसिसिली, पूर्व प्रधानमंत्री, लेसोथो, यान-हेनरी सेन्ट, पूर्व प्रधानमंत्री, हैती, अल्बान किंग्सफोर्ड सुमाना बागबिन, संसद के अध्यक्ष, घाना, न्यायमूर्ति दलवीर भंडारी, न्यायाधीश, इण्टरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस, नीदरलैंड आदि अपनी गरिमामय उपस्थिति से सम्मेलन का गौरव बढ़ायेंगे। खन्ना ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जिन 58 देशों के मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश व कानूनविद् प्रतिभाग कर रहे हैं।

# छठ पर्व पर उत्तर मध्य रेलवे द्वारा 7435 विशेष गाड़ियों का संचालन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** छठ पर्व के शुभ अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा 7435 विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। यह संख्या पिछले वर्ष के मुकाबले काफी अधिक है, जिसमें पिछले साल 4500 विशेष गाड़ियों का संचालन किया गया था। इस विशेष सेवा का उद्देश्य यात्रियों को यात्रा के दौरान सुविधाजनक परिवहन उपलब्ध कराना है।

उत्तर मध्य रेलवे ने 2 नवंबर 2024 को 3 विशेष गाड़ियों का संचालन किया और 3 नवंबर 2024 को 6 विशेष गाड़ियाँ चलाई जाएंगी। 3 नवंबर 2024 को 32 गाड़ियाँ उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से होकर गुजरेंगी। आरपीएफ द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं और कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है।

**2 नवंबर 2024 को चलाई जा रही विशेष गाड़ियों की सूची**

1. प्रयागराज से एएमयूपीटीडीवी बालुरघाट - 2330 प्रस्थान, 2. सूरतगंज से दिल्ली - 2135 प्रस्थान, 3. प्रयागराज से नई दिल्ली - 2030 प्रस्थान, 4. ग्वालियर से बरेनी - 0710 प्रस्थान, 5. आगरा कैंट से अहमदाबाद - 2020 प्रस्थान, 6. ग्वालियर से अहमदाबाद - 1630 प्रस्थान

**3 नवंबर 2024 को उत्तर मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ियों की सूची**

1. दानापुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस 2. दानापुर से पुणे, 3. गोरखपुर से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, 4. बलिया से दादर, 5. निजामुद्दीन से एसएमपीटीडीवी बालुरघाट, 6. बरेनी से नई दिल्ली, 7. दरभंगा से नई दिल्ली, 8. गया से आनंद विहार टर्मिनस

उत्तर मध्य रेलवे यात्रियों को उनकी यात्रा को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन विशेष गाड़ियों के संचालन से छठ पर्व पर आने-जाने वाले यात्रियों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## तनुज पुनिया अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष नियुक्त


**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के प्रस्ताव पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष तनुज पुनिया बाराबंकी से कांग्रेस सांसद हैं और प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग मध्य जोन के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे थे। श्री पुनिया कांग्रेस में विभिन्न सांगठनिक पदों पर रहते हुए लम्बे समय से पार्टी की सेवा कर रहे हैं।

## नहीं दिखा जमादिल अव्वल का चांद

**लखनऊ।** इस्लामी महीने रबीउस्सानी की 29 तारीख शनिवार को जमादिल अव्वल का चांद नहीं हुआ। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने ऐलान किया कि रविवार को 30 रबीउस्सानी और सोमवार 4 नवम्बर को पहली जमादिल अव्वल होगी। मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि जनाबे जैनब का जन्मदिन 8 नवम्बर और चौथे इमाम हजरत जैनुल आब्दीन का जन्मदिन 18 नवम्बर को होगा। वहीं आल इंडिया शिया चांद कमेटी के महासचिव मौलाना तसनीम मेहदी और इदारए शरैय्या फिरंगी महल के मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने भी सोमवार को पहली जमादिल अव्वल होने का ऐलान किया।












# प्रधानमंत्री किसानों, युवाओं से राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर झूठ बोलते हैं : प्रमोद तिवारी

- भाजपा ने अब तक झूठ पर झूठ के वादों का नया रिकार्ड बनाया: प्रमोद तिवारी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर किसानों, युवाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलने का आरोप लगाया है। श्री तिवारी ने कांग्रेस पर वादों को लेकर पीएम के बयान पर हमला करते हुए कहा कि कड़वी सच्चाई यह है कि भाजपा ने केन्द्र में सत्ता संभालने के बाद से लगातार अब तक झूठ पर झूठ के वादों का नया रिकार्ड बनाया है। सच्चाई के संदेश के पर्व दीपावली पर भी पीएम मोदी खुद को तगड़ा झूठ बोलने से नहीं रोक सके। कामर्शियल सिलेण्डर के दामों में 62 रुपये की वृद्धि देश की जनता को महंगाई का नायाब तोहफा है। वर्ष 2014 में सत्ता संभालने पर 25 रुपये लीटर में पेट्रोल बेचने का वादा कर आज पेट्रोल 100 रुपये कैसे पार कर गया। देश जानना चाहेगा कि किसानों की आय दोगुनी करने का पीएम का वादा झूठा क्यों निकला। श्री तिवारी ने कहा कि किसानों के एमएसपी की मांग पर न्याय की जगह 700 से अधिक किसानों की शहादत भाजपा राज का सबसे कलंकित अध्याय है। पीएम मोदी का चाहे नौजवानों को 2 करोड़ सालाना नौकरी हो या 15 लाख रुपये खाते में भेजने का वादा आखिर सब झूठे निकले। प्रधानमंत्री ने चीन को लेकर देश को अंधेरे में रखा। सरकार के मंत्री अब आखिर यह क्यों कह रहे हैं कि धीरे-धीरे चीनी सेना वापस हो रही है। श्री तिवारी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार सिर्फ पूंजीपतियों की तिजोरी भर रही है, उसे जनता के सुख-दुख या राष्ट्रीय हितों की देखभाल से कुछ लेना-देना नहीं है। सरकार की अपरिपक्व अर्थनीति के चलते घरेलू बचत सबसे निचले स्तर पर चिंताजनक हालत में है। रुपये का डॉलर के मुकाबले रोज टूटना राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की बिगड़ती साख मोदी सरकार की चौपट अर्थव्यवस्था की देन है। प्रधानमंत्री ने झूठे वादों का अंतहीन सिलसिला तो जारी रखा लेकिन महंगाई का नियंत्रण उनकी सरकार के हाथों में नहीं रह गया। श्री तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि कांग्रेस के देश को आजाद कराने, जमींदारी विनाश अधिनियम, बैंकों का राष्ट्रीयकरण और किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सफलता से घबराई मोदी सरकार का वादों को लेकर सिर्फ झूठ का पिटारा और 100 दिन जैसी कार्ययोजना का राजनैतिक ड्रामा जनता का ध्यान असल मुद्दे से हटाने का परम्परागत असफल प्रयास मात्र है।